राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

वर्ष- 13 अंक - 98
लखनऊ, सोमवार 08 दिसंबर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



अधिकतम लोगों को राहत देना सरकार का उद्देश्य : एके शर्मा 03

लायंस क्लब के 48वें नेत्र शिविर का डीएम ने किया शुभारंभ 10

## वक्फ संपत्तियों का डिजिटल लेखा जोखा पूरा, उम्मीद पोर्टल हुआ बंद

**▸ छह महीने बाद पोर्टल हुआ बंद, वक्फ संपत्तियों का डेटा अपलोड पूरा**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वक्फ संपत्तियों के डिजिटलीकरण और उनके प्रबंधन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया महत्वाकांक्षी उम्मीद पोर्टल निर्धारित समय सीमा पूर्ण होने के बाद आधिकारिक रूप से बंद कर दिया गया है। यह निर्णय उच्चतम न्यायालय के निर्देशों और उम्मीद अधिनियम, 1995 के अनुसार दिया गया है।

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इस पोर्टल का शुभारंभ 06 जून 2025 को किया था। छह महीने की अवधि पूरी होने पर इसे 06 दिसंबर को बंद किया गया। राज्यों के साथ लगातार समन्वय, समीक्षा बैठकों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और सचिव-स्तरीय हस्तक्षेपों के चलते अंतिम चरण में रिकॉर्ड स्तर पर वक्फ संपत्तियों का डेटा पोर्टल पर अपलोड किया गया। अंतिम आंकड़े के अनुसार, कुल अपलोडेड वक्फ संपत्तियों की संख्या 5,17,040 हैं।

# योगी सरकार ने सौर ऊर्जा के तीन लाख इंस्टॉलेशन का रचा इतिहास

## 1038.27 मेगावॉट क्षमता ने बढ़ाई ऊर्जा आत्मनिर्भरता की रफ्तार, 2074.53 करोड़ रुपए की सब्सिडी से उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व और स्पष्ट नीति निर्देशन का ही परिणाम है कि राज्य में सौर ऊर्जा के तीन लाख इंस्टॉलेशन (3,00,654) का लक्ष्य पार कर लिया गया है।

उत्तर प्रदेश ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में जो उपलब्धि हासिल की है वह ऐतिहासिक है। यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश को देश के अग्रणी सौर राज्यों में शामिल करती है और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस मामले में गुजरात और महाराष्ट्र ही उत्तर प्रदेश से आगे हैं। आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में कुल 9,83,915 आवेदनों में से 3,00,654 इंस्टॉलेशन पूरे किए जा चुके हैं। राज्य में सौर ऊर्जा की कुल इंस्टॉलेशन क्षमता 1038.27 मेगावॉट तक पहुंच चुकी है जिससे लाखों परिवारों को स्वच्छ और किफायती ऊर्जा प्राप्त हो रही है। इसके साथ ही राज्य सरकार अब तक 2074.53 करोड़ की सब्सिडी जारी कर चुकी है जिसने उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ को काफी हद तक कम कर दिया है। पिछले 8 वर्षों में योगी सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा को अपनी प्राथमिकता में शामिल किया है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सोलर रूफटॉप की पहुंच बढ़ाने के लिए पारदर्शी प्रक्रिया डिजिटल मॉनिटरिंग और समयबद्ध इंस्टॉलेशन पर विशेष जोर दिया गया है। पीएम सूर्यघर योजना और राज्य की नई सौर नीति के जरिए बड़े पैमाने पर अवसंरचना तैयार की गई जिसने ऊर्जा क्षेत्र में विश्वास और सरलता का नया माहौल बनाया है। सरकारी आंकड़ों और जमीनी स्थितियों से यह स्पष्ट होता है कि योगी सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में गति और पारदर्शिता दोनों को प्राथमिकता दी है। विशेषज्ञ मानते हैं कि तीन लाख इंस्टॉलेशन का लक्ष्य पार करना केवल एक आंकड़ा नहीं बल्कि यह उस नए ऊर्जा ढांचे का प्रतीक है जिसकी ओर उत्तर प्रदेश लगातार आगे बढ़ रहा है।



**यह उपलब्धि यूपी को देश के अग्रणी सौर राज्यों में कर रही शामिल, इस मामले में गुजरात और महाराष्ट्र ही उत्तर प्रदेश से हैं आगे**

**ग्रामीण क्षेत्रों में दिख रहा इस उपलब्धि का सबसे बड़ा लाभ**

ऊर्जा विशेषज्ञों का मानना है कि उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा की यह तेज प्रगति आने वाले वर्षों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगी। मौजूदा 1038.27 मेगावॉट क्षमता न सिर्फ बिजली की मांग को संतुलित कर रही है बल्कि अतिरिक्त ऊर्जा उत्पादन का मार्ग भी प्रशस्त कर रही है। इसका लाभ उद्योगों कृषि और घरेलू उपभोक्ताओं को समान रूप से मिल रहा है जिससे प्रदेश की आर्थिक गति और तेज हो रही है। इस उपलब्धि का सबसे बड़ा लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में दिखाई दे रहा है। सोलर इंस्टॉलेशन से गांवों में बिजली बिलों में उल्लेखनीय कमी दर्ज हुई है। कई परिवार अतिरिक्त ऊर्जा ग्रिड को बेचकर सालाना आय भी बढ़ा रहे हैं। यही वजह है कि सौर ऊर्जा के लिए आवेदन संख्या लगातार बढ़ रही है और उत्तर प्रदेश देश के सबसे बड़े रिन्यूएबल एनर्जी बाजारों में तेजी से उभर रहा है।

**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
| 24 कैरेट | = | 1,30,080/ |
| 22 कैरेट | = | 1,19,250/ |
| 18 कैरेट | = | 97,600/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,87,000/ |



**संक्षिप्त समाचार**

**विभिन्न उग्रवादी संगठनों के 11 उग्रवादी गिरफ्तार**

**इम्फाल।** मणिपुर में उगाही और उग्रवादी गतिविधियों पर नकेल कसने के तहत सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस ने बीते 24 घंटे में बड़े पैमाने पर संयुक्त अभियान चलाते हुए विभिन्न उग्रवादी संगठनों से जुड़े 11 कैडरों को गिरफ्तार किया। इम्फाल वेस्ट, थौबल, विष्णुपुर और काकचिंग जिलों में चली इस कार्रवाई ने घाटी क्षेत्रों में सक्रिय नेटवर्क को कमजोर करने की रणनीति को और तेज कर दिया है। कार्रवाई की शुरुआत इम्फाल वेस्ट से हुई, जहां सुरक्षा बलों ने प्रीपाक (प्रो)-जी5 गठजोड़ के कैडर इरोम बोयाई सिंह उर्फ यैतानबा (24) को नागामापाल कंगजाबी लेइराक से पकड़ा।

**महाकाल मंदिर की ऑनलाइन बुकिंग 25 से होगी बंद**

**उज्जैन (मध्य प्रदेश)।** विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में नए साल 2026 के अवसर पर बढ़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए बड़ा निर्णय लिया गया है। मंदिर समिति ने घोषणा की है कि 25 दिसंबर से 05 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन बुकिंग पूरी तरह बंद रहेगी। भक्त केवल ऑफलाइन माध्यम से ही भस्म आरती और अन्य दर्शन की अनुमति प्राप्त कर सकेंगे। यदि इन तारीखों में दर्शन का कार्यक्रम बना रहे हैं, तो समय से पूर्व योजना बनाना आवश्यक होगा।

**बाघिन 'जुगनी' ने खवासा बफर में पांच शावकों को दिया जन्म**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के सिवनी जिले स्थित विश्वविख्यात पेंच टाइगर रिजर्व से एक हर्षित करने वाली खबर सामने आई है। रिजर्व के खवासा बफर क्षेत्र अंतर्गत कोठार बीट में रह रही प्रसिद्ध बाघिन जुगनी ने रविवार को एक साथ पाँच शावकों को जन्म दिया। पेंच के वन्यजीव जैव-विविधता के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। रविवार सुबह खवासा बफर में भ्रमण कर रहे कुछ पर्यटकों ने झाड़ियों के बीच बाघिन जुगनी को अपने पाँच नवजात शावकों के साथ देखा। यह दृश्य उनके लिए रोमांचकारी और यादगार अनुभव था।

# श्योक टनल का उद्घाटन, सुरक्षा कनेक्टिविटी होगी और मजबूत

**▸ प्रोजेक्ट्स सात राज्यों व दो केंद्र शासित प्रदेशों को पहुंचाएंगे लाभ**

एजेंसी

**लेह।** भारत की सीमाओं की सुरक्षा और कनेक्टिविटी को और अधिक मजबूत करने के लिए एक और बड़ा कदम उठाया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को लद्दाख में श्योक टनल से बॉर्डर रोड्स ऑर्गनाइजेशन के 125 रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया।

जानकारी के अनुसार, ये प्रोजेक्ट्स सात राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों को लाभ पहुंचाएंगे। 920-मीटर लंबी कट एंड कवर श्योक टनल भारत की इंजीनियरिंग और तकनीकी क्षमताओं को प्रदर्शित करती है। यह टनल भूस्खलन और हिमस्खलन वाले क्षेत्रों में सैनिकों और नागरिकों की बिना रुकावट आवाजाही सुनिश्चित करेगी। इसके अलावा, उद्घाटन किए गए अन्य प्रोजेक्ट्स लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मिजोरम से जुड़े हैं। इन परियोजनाओं में 28 सड़कें, 93 पुल और चार अन्य रणनीतिक सुविधाएं शामिल हैं। प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, हमारे जवानों ने हमेशा जिस पराक्रम और वीरता का परिचय दिया है, वह हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। आज हम जिन इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन कर रहे हैं, यह हमारे वीर जवानों को, राष्ट्र की ओर से श्रद्धांजलि है। इन्हें राष्ट्र को समर्पित करते हुए मुझे अत्यंत गौरव महसूस हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हमारी सेनाओं के बहादुर जवान और बीआरओ के कर्मी देश के लिए लगातार काम कर रहे हैं। किसी भी मौसम और किसी भी स्थिति में काम करने की उनकी प्रतिबद्धता का नतीजा है कि आज हमारा देश लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। श्योक टनल के उद्घाटन के दौरान राजनाथ सिंह ने कहा, आज का कार्यक्रम बहुत खास है, क्योंकि हम लद्दाख में बनी एक अहम सुरंग का उद्घाटन कर रहे हैं। यह सुरंग दारबुक-श्योक-दौलत बेग ओल्डी रोड पर बनी है और इसकी लंबाई 920 मीटर है। यह दुनिया के सबसे दुर्गम और चुनौतीपूर्ण इलाकों में बनी एक इंजीनियरिंग उपलब्धि है। इसके माध्यम से इस स्ट्रैटेजिक क्षेत्र में सालभर अच्छी कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। भारी बर्फबारी, हिमस्खलन और कठोर मौसम में भी यह सुरंग सुरक्षा और आवाजाही की क्षमता को कई गुना बढ़ा देगी। खासतौर पर सर्दियों में सैनिकों की तैनाती और नागरिक आवाजाही के लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। रक्षा मंत्री ने बताया कि केवल लद्दाख ही नहीं, बल्कि जम्मू-कश्मीर, चंडीगढ़, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम में भी कई और महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स राष्ट्र को समर्पित किए जा रहे हैं। ये सभी 125 प्रोजेक्ट्स कुल मिलाकर लगभग 5,000 करोड़ रुपये के हैं। ठत्व् के इतिहास में यह पहली बार है कि इतने महंगे और रणनीतिक प्रोजेक्ट्स का एक साथ उद्घाटन किया गया है। इन प्रोजेक्ट्स के उद्घाटन से न केवल सीमा क्षेत्रों की सुरक्षा मजबूत होगी, बल्कि नागरिकों और सैनिकों के लिए आवाजाही और कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी। यह भारत की सीमा सुरक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।




**धोखाधड़ी मामले में बॉलीवुड फिल्ममेकर विक्रम भट्ट गिरफ्तार**

**मुंबई।** राजस्थान के एक आईवीएफ विशेषज्ञ से जुड़े 30 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के मामले में बॉलीवुड फिल्म निर्माता विक्रम भट्ट गंभीर कानूनी संकट में फंस गए हैं। उदयपुर में दर्ज एफआईआर के बाद मुंबई पुलिस ने उन्हें यारी रोड के गंगा भवन अपार्टमेंट में उनकी साली के घर से गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला उन फिल्म और डॉक्यूमेंट्री प्रोजेक्ट्स से संबंधित है, जिनके लिए करोड़ों रुपये लिए जाने का आरोप है, लेकिन आरोपकर्ता के अनुसार ये प्रोजेक्ट या तो पूरे नहीं हुए या उन्हें उचित श्रेय नहीं दिया गया। हालांकि, विक्रम भट्ट ने इन आरोपों को पूरी तरह भ्रामक बताते हुए खारिज कर दिया है। उदयपुर के भूपालपुरा पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर के मुताबिक इंदिरा आईवीएफ के संस्थापक डॉ. अजय मुर्डिया ने दावा किया कि उन्हें चार फिल्मों और कुछ डॉक्यूमेंट्री प्रोजेक्ट्स, जिनमें उनकी दिवंगत पत्नी पर आधारित एक बायोपिक भी शामिल है, उनके लिए करीब 30 करोड़ रुपये निवेश करने को राजी किया गया। आरोप है कि इन फिल्मों से 200 करोड़ रुपये तक के मुनाफे का अनुमान बताकर उन्हें निवेश के लिए प्रेरित किया गया, लेकिन धनराशि देने के बाद कुछ परियोजनाओं का काम रोक दिया गया जबकि पूरी हो चुकी परियोजनाओं में उन्हें वादानुसार श्रेय भी नहीं मिला।

## 68 आतंकी लॉन्चपैड सक्रिय, 120 आतंकी भारत में घुसने की तैयारी में

**▸ एलओसी के कई संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा हुई और कड़ी**

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में लाइन ऑफ कंट्रोल पर पाकिस्तान के कब्जे वाले इलाके में 68 लॉन्चपैड सक्रिय हैं। वहां 110 से 120 आतंकी जम्मू-कश्मीर में घुसने की तैयारी कर रहे हैं। खुफिया एजेंसियों ने ये एक्सक्लूसिव जानकारी दी है।

सूत्रों के मुताबिक, अगले कुछ हफ्तों में घुसपैठ की कोशिशें बढ़ सकती हैं। एलओसी के कई संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा को और कड़ा कर दिया गया है। सभी सेक्टरों में निगरानी बढ़ा दी गई है, ताकि आतंकी सीमा के करीब भी न पहुंच सकें। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी लगातार एलओसी की ओर भेजा जा रहे हैं, लेकिन भारतीय सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह तैयार हैं। सभी फोर्सेज को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि हर घुसपैठ की कोशिश को सीमा पर ही रोक दिया जाए। सीमा से लगे गांवों और आगे की चौकियों में भी गश्त बढ़ा दी गई है। फील्ड यूनिट्स को अधिक सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध हरकत पर तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए गए हैं। घुसपैठ रोकने के लिए सुरक्षा बलों ने अपनी काउंटर-इनफिल्ट्रेशन ग्रिड को और मजबूत किया है। बॉर्डर पर अब नाइट विजन कैमरे, ड्रोन निगरानी, थर्मल सेंसर, ग्राउंड सेंसर, बढ़ी हुई पेट्रोलिंग और अतिरिक्त जवानों की तैनाती कर दी गई है। इससे पहले 30 नवंबर को जम्मू के बीएसएफ कैंपस में एनुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई थी।

इस दौरान बीएसएफ की जम्मू फ्रंटियर के आईजी शशांक आनंद ने बताया, साल 2025 में अब तक बीएसएफ ने पाकिस्तान की 118 चौकियां तबाह की हैं। सरकार ने हमें जीरो घुसपैठ का टारगेट दिया है। हम उसको पूरा करेंगे। वहीं, बीएसएफ डीआईजी विक्रम कुंवर ने कहा- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ठैथ् ने कई आतंकी लॉन्च पैड नष्ट किए, इसके बाद पाकिस्तान ने बॉर्डर से 72 से ज्यादा टेरर लॉचिंग पैड शिफ्ट किए हैं। इनमें सियालकोट-जफफरवाल में एक्टिव 12 लॉन्च पैड और दूसरी जगहों पर एक्टिव 60 लॉन्च पैड शामिल हैं। हालांकि, ये सभी बॉर्डर से दूर हैं।

**क्रिकेटर स्मृति मंधाना की शादी टूटी, इंस्टा पोस्ट में लगाया अफवाहों पर विराम**

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार बल्लेबाज एवं उपकप्तान स्मृति मंधाना और संगीतकार पलाश मुच्छल की शादी आखिरकार टूट गई है। दोनों ने अपनी निजी जिंदगी को लेकर चल रही अफवाहों पर विराम लगाते हुए रविवार को शादी रद्द होने की जानकारी इंस्टाग्राम स्टोरी में एक सार्वजनिक बयान के माध्यम से दी। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपनी पोस्ट में मंधाना ने लिखा, पिछले कुछ हफ्तों से मेरी जिंदगी को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं और मुझे लगता है कि इस समय मेरे लिए खुलकर बोलना जरूरी है। मैं बेहद निजी इंसान हूं और मैं इसे इसी तरह रखना चाहती हूं, लेकिन यह स्पष्ट कर देना चाहती हूं कि शादी रद्द कर दी गई है।

## गोवा नाइट क्लब अग्निकांड की होगी जांच महाप्रबंधक के खिलाफ एफआईआर दर्ज

एजेंसी

**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने एक नाइट क्लब में लगी आग की घटना की रविवार को मजिस्ट्रेट से जांच के आदेश दिए। उत्तरी गोवा के नाइट क्लब में शनिवार देर रात भीषण आग लगने से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई। सावंत ने कहा कि नाइट क्लब के मालिक एवं महाप्रबंधक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है और उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

'बर्च बाय रोमियो लेन' नामक नाइट क्लब में शनिवार आधी रात के बाद आग लग गई। यह नाइट क्लब राज्य की राजधानी पणजी से लगभग 25 किलोमीटर दूर अरपोरा में स्थित है। यह पार्टी स्थल पिछले साल ही खुला था। मुख्यमंत्री सावंत ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''मैं अरपोरा में आग लगने की दुखद घटना से उत्पन्न स्थिति की बारीकी से समीक्षा कर रहा हूं। इस घटना में 25 लोगों की जान चली गई है और छह लोग घायल हो गए हैं।'उन्होंने कहा, ''सभी घायलों की हालत स्थिर है और उन्हें सबसे अच्छी चिकित्सा सुविधा दी जा रही है। मैंने पूरी घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं ताकि कारण का पता लगाया जा सके और जिम्मेदारी तय की जा सके।'' सावंत ने 'कहा कि पुलिस ने नाइट क्लब के मालिक एवं महाप्रबंधक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है और उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

**एनएचआरसी के समारोह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु होंगी मुख्य अतिथि**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में एक समारोह का आयोजन करेगा। इस समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। मानवाधिकार दिवस की इस वर्ष की संयुक्त राष्ट्र थीम 'एवरीडे एसेंशियल्स' के अनुरूप आयोग 'सार्वजनिक सेवाएं और सभी के लिए गरिमा' विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन भी आयोजित करेगा। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी.के. मिश्रा मुख्य वक्ता के रूप में संबोधन देंगे। सम्मेलन में स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, न्याय, वित्तीय समावेशन एवं सामाजिक सुरक्षा जैसे मूलभूत सेवाओं को मानवाधिकार परिप्रेक्ष्य से जोड़कर चर्चा की जाएगी।

## लगातार पांचवें दिन लखनऊ एयरपोर्ट से विभिन्न शहरों के लिए आने-जाने वाली इंडिगो की 26 उड़ानें रद्द

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ में इंडिगो एयरलाइंस की उड़ानों में जारी अव्यवस्था रविवार को भी बनी रही। लगातार पांचवें दिन लखनऊ एयरपोर्ट से विभिन्न शहरों के लिए आने-जाने वाली कुल 26 उड़ानें रद्द कर दी गई। यह अव्यवस्था इंडिगो एयरलाइंस के पायलटों का ड्यूटी समय कम किए जाने के कारण उत्पन्न हुई है।

पायलटों की अनुपलब्धता के चलते प्रतिदिन दर्जनों उड़ानें रद्द हो रही हैं, जिससे एयरलाइन के संचालन पर व्यापक असर पड़ा है। इन रद्दीकरणों के कारण हजारों यात्री अपने गंतव्यों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, विदेश से छुट्टी पर आए कई प्रवासी यात्री अपनी नौकरी पर वापस नहीं लौट पा रहे हैं। उन्हें होटल, टैक्सी और अन्य खर्चों के कारण अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। पिछले चार दिनों से इंडिगो काउंटर पर यात्रियों और कर्मचारियों के बीच कई बार बहस और नोकझोंक देखी गई थी। हालांकि, रविवार को एयरपोर्ट पर स्थिति पहले की तुलना में शांत रही। इंडिगो एयरलाइंस के काउंटर पर आमतौर पर लंबी कतारें और भीड़ रहती थी, लेकिन रविवार को इक्का-दुक्का यात्री ही दिखाई दिए। रविवार को लखनऊ से दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, गुवाहाटी और चंडीगढ़ सहित कई प्रमुख मार्गों की उड़ानें रद्द रहीं।



कई यात्रियों ने शिकायत की है कि ऑनलाइन सिस्टम पर उड़ानें सामान्य दिखाई जा रही थीं और बोर्डिंग पास भी डाउनलोड हो रहे थे, लेकिन एयरपोर्ट पहुंचने पर उन्हें रद्द होने की सूचना मिली। यात्रियों का आरोप है कि उन्हें न तो अग्रिम सूचना दी जा रही है और न ही टिकटों का रिफंड मिल रहा है। कई यात्री जो शादी, मीटिंग या अन्य आवश्यक कार्यों के लिए यात्रा कर रहे थे, वे लखनऊ में फंसे हुए हैं।

## मेंटॉरशिप के बिना आगे नहीं बढ़ सकते स्टार्टअप सिर्फ फंडिंग ही नहीं है पर्याप्त : डॉ. जितेंद्र सिंह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत की अगली पीढ़ी के स्टार्टअप को आकार देने में फंडिंग से ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका मेंटॉरशिप की होगी। उन्होंने शोध में जोखिम लेने की संस्कृति और युवा नव प्रवर्तकों को शुरुआती मार्गदर्शन देने की आवश्यकता पर बल दिया।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने यह बात आज यहां इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल (आईआईएसएफ) के दूसरे दिन स्टार्टअप जर्नीजविषय पर आयोजित पैनल चर्चा के दौरान कहा कि भारत सीमित विज्ञान शिक्षा की स्थिति से निकल कर अब ऐसे दौर में पहुंच चुका है, जहां अवसर लोकतांत्रिक ढंग से छोटे शहरों और साधारण पृष्ठभूमि के युवाओं तक पहुंच रहे हैं। मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता अब केवल नीति निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि विचारों को बाजार से जोड़ने वाला मजबूत इकोसिस्टम तैयार किया जा रहा है। जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद, राष्ट्रीय मिशन और सेक्टर-विशिष्ट कार्यक्रमों के जरिए स्टार्टअप को फंडिंग, उद्योग और मेंटरशिप से जोड़ा जा रहा है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि नवाचार असफलताओं के बिना संभव नहीं है इसलिए शोध और विकास में जोखिम को स्वीकार करना होगा, तभी भारतीय स्टार्टअप वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। स्वास्थ्य तकनीक और जैव प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में भारत ने बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं, जो पहले केवल विदेशों में ही उपलब्ध थीं। युवा उद्यमियों के सवालों का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि स्टार्टअप शुरू करने से पहले उद्देश्य और क्षमता की स्पष्ट समझ जरूरी है।



**भर्ती** | **युवाओं के लिए योगी सरकार का फैसला, मिलेगी 25 हजार सैलरी**

# उत्तर प्रदेश में 826 ब्लॉक करियर काउंसलर की होगी भर्ती

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** यूपी में 826 ब्लॉक करियर काउंसलर की भर्ती होगी। हर ब्लॉक में एक करियर काउंसलर रखा जाएगा। माध्यमिक शिक्षा विभाग संविदा पर इनकी भर्ती करेगा। हर महीने 25 हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा। जल्द भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। करियर काउंसलर पद के लिए एमए मनोविज्ञान व करियर कार्उसिलिंग में डिप्लोमाधारक आवेदन कर सकेंगे।

राजकीय माध्यमिक स्कूलों व अशासकीय सहायता प्राप्त एडेड माध्यमिक स्कूलों में पढ़ रहे छात्रों की करियर कार्उसिलिंग करेंगे। छात्र मानसिक तनाव में हैं, तो उनकी मनोवैज्ञानिक कार्उसिलिंग भी यह काउंसलर करेंगे। शिक्षकों को प्रशिक्षित भी करेंगे और अपने ब्लॉक के विद्यालयों का निरीक्षण करेंगे। सरकारी माध्यमिक स्कूलों में छात्र रुचि के अनुसार किन क्षेत्रों में आगे करियर बना सकते हैं, इसकी जानकारी करियर काउंसलर देंगे।देश व विदेश में विभिन्न अच्छे पाठ्यक्रमों की उन्हें जानकारी देंगे। विद्यार्थियों को उनकी क्षमता व रुचि के अनुसार किस क्षेत्र में करियर बनाने का प्रयास करना चाहिए, इसके लिए मार्गदर्शन करेंगे। विद्यालय में पढ़ाई का बढ़ता बोझ और अभिभावकों का दबाव न सह पाने के कारण कई बार तनाव में आ जाते हैं। कई बार उचित मार्गदर्शन न मिलने के कारण वह गलत कदम भी उठा लेते हैं। ऐसे में उन्हें कार्उसिलिंग की जरूरत होती है, जो शिक्षक नहीं कर पाते। सरकारी माध्यमिक स्कूलों के लिए हर ब्लॉक में एक करियर काउंसलर रखे जाएंगे, जिससे छात्रों को आसानी से मार्गदर्शन मिल सकेगा। प्रत्येक ब्लॉक में सरकारी माध्यमिक स्कूलों को सूचीबद्ध कर उनके यहां हर हफ्ते विशेष सत्र चलाया जाएगा। इसमें छात्र कॅरियर से संबंधित जानकारी हासिल कर सकेंगे। विद्यार्थियों को बताया जाएगा कि करियर बनाने की दौड़ में वह अपने स्वास्थ्य से खिलवाड़ न करें। तनाव प्रबंधन करें और योग करें। कभी भी दबाव में रहकर परीक्षा की तैयारी न करें। वह किस तरह दिनचर्या बनाएं, उन्हें टिप्स दी जाएगी।



**बच्चे के साथ कैसे व्यवहार करें अभिभावक, दी जाएगी सीख**

करियर काउंसलर करियर बनाने व मनोवैज्ञानिक समस्याएं दूर करने के साथ बताएंगे कि खेल, गीत व संगीत को किस तरह अपनी दिनचर्या में शामिल करें। इस तरह काउंसलर मागदर्शन करेंगे। करियर काउंसलर ऐसे छात्रों को शिक्षकों की मदद से चिह्नित करेंगे जो अकसर तनाव में रहते हैं। फिर उनसे वह अलग से बात करेंगे और यह जानने की कोशिश करेंगे कि आखिर किस तरह की समस्या उनके सामने आ रही है। ज्यादातर छात्र अपने अभिभावकों को समस्या बताने में झिझकते हैं। उनकी समस्या बढ़ती चली जाती है। काउंसलर की तैनाती होने पर ऐसे छात्रों के अभिभावकों को बुलाया जाएगा। उन्हें बताया जाएगा कि किस तरह बच्चे के साथ व्यवहार करें, जिससे तनाव से दूर हो।

# मां के साथ सो रहे मासूम को उठा ले गया भेड़िया

## जिले में बढ़ता जा रहा है खूंखार भेड़ियों का आतंक, घटना जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर गोड़हिया के मजरे मल्लाहनपुरवा की

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** जिले में खूंखार भेड़ियों का आतंक बढ़ता जा रहा है। शनिवार रात 1 बजे भेड़िया मां के बगल में सो रहे 4 साल के बच्चे को उठा ले गया। बच्चे की चीख सुनकर मां जागी और भेड़िए के पीछे भागी। लेकिन पलक झपकते ही भेड़िया भाग गया। परिवार और आसपास के लोग लाठी-डंडे लेकर भेड़िए के पीछे दौड़े। घर से एक किमी दूर मासूम के कपड़े और शरीर के कुछ लोथड़े मिले हैं।

रविवार सुबह तक बच्चे का कुछ पता नहीं चल पाया है। घटना जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर गोड़हिया के मजरे मल्लाहनपुरवा की है। 29 नवंबर को इसी गांव में भेड़िए एक 5 साल के बच्चे को खा गया था। बहराइच में भेड़िए 2 महीने में 8 बच्चों समेत 10 लोगों को मार चुका है। सीएम योगी के आदेश के बाद वन विभाग ने भेड़िए को मारने के लिए शूटर्स बुलाए। इसमें 4 भेड़ियों को मारा जा चुका है।



**2 साल पहले शादी, 4 महीने पहले हुआ था बेटा**

कैसरगंज के मल्लाहनपुरवा के रहने वाले संतोष की दो साल पहले किरन से शादी हुई थी। दो साल की एक बड़ी बेटी भी है। 4 महीने पहले किरन को बेटा हुआ था। नाम रखा था- सुभाष। शनिवार रात किरन अपने घर पर बेटे को लेकर सो रही थी। रात करीब 12.30 बजे एक भेड़िया घर के अंदर घुसा और मां के पास सो रहे सुभाष को जबड़े में दबाकर भाग गया। परिवार ने तलाश के बाद पुलिस और वन विभाग की सूचना दी। कैसरगंज रेंजर ओंकार यादव और पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम ग्रामीणों के साथ मासूम की तलाश कर रही है। शूटर्स भी पहुंच गए हैं।

**रातभर से तलाश, सुबह अवशेष मिले**

ग्रामीण अवधेश सिंह ने बताया कि बीती रात करीब 12 बजकर 30 मिनट पर भेड़िया घर के अंदर से मासूम को उठा ले गया था। रात में ग्रामीण व वन विभाग की टीम ने उसकी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। रविवार सुबह गन्ने के खेत के पास मासूम का शरीर के अवशेष मिले हैं। भेड़िया मासूम को खा गया ह।



**नौ दिन पहले दो बच्चों को उठा ले गया था भेड़िया**

29 नवंबर को यानी 9 दिन पहले बहराइच में 2 बच्चों को घर से उठाकर भेड़िया खा गया था। 5 साल के मासूम स्टार को भेड़िया घर से उठा ले गया था। उसकी दोनों हथेलियां और पंजे खा गया था। यह घटना मल्लाहनपुरवा की है। जिस बच्चे को शनिवार को उठाया, उससे सुभाष का घर 100 मीटर की दूरी पर ही है। वहीं, उसी दिन दूसरी घटना 70 किमी दूर बहराइच के ही खोरिया सफीक गांव में हुई। यहां रात डेढ़ बजे मां के बगल से 10 महीने की बच्ची को भेड़िया उठा ले गया। चीख सुनकर मां की आंख खुली। उन्होंने शोर मचाया। परिजन भेड़िए के पीछे भागे। दो घंटे की तलाश के बाद घर से 800 मीटर दूर खेत में बच्ची का शव मिला था।

# ओम प्रकाश राजभर बोले- एसआईआर को लेकर भ्रम फैलाने का काम कर रहा विपक्ष

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर रविवार को एक दिवसीय दौरे पर बहराइच पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि विपक्ष एसआईआर अभियान को लेकर बेवजह रोना रो रहा है। राजभर ने स्पष्ट किया कि इस अभियान में किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम नहीं काटा जा रहा है। उन्होंने विपक्ष के आरोपों को निराधार बताया। हाल ही में मौलाना मदनी द्वारा जिहाद और मुसलमानों पर अत्याचार संबंधी दिए गए बयान पर राजभर ने असहमति जताई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और पूर्व की सरकारों के कार्यकाल में दंगे होते थे, लेकिन भाजपा और एनडीए सरकार में न तो दंगे होते हैं और न ही कर्फ्यू लगता है। आज कानून का राज है। मदरसों में नियुक्तियों को लेकर भी ओम प्रकाश राजभर ने अपनी राय रखी। उन्होंने आरोप लगाया कि मदरसों के प्रधानाचार्य और मैनेजर अपनी बेटियों की शादी उन लड़कों से कर देते हैं, जिन्हें वे अपने मदरसों में पढ़ाते हैं और फिर उन्हें वहीं नियुक्तियां दे देते हैं।

राजभर ने मांग की कि मदरसों में भी आयोग के माध्यम से ही नियुक्तियां होनी चाहिए। राहुल गांधी को रूस के राष्ट्रपति के स्वागत और भोज में न बुलाए जाने के सवाल पर राजभर ने कहा कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव बुलाने पर भी कहीं नहीं जाते। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर दर्शन के लिए विधानसभा स्पीकर द्वारा सभी को बुलाए जाने का उदाहरण दिया, जिसमें अखिलेश यादव शामिल नहीं हुए थे। ओम प्रकाश राजभर ने ये सभी बातें नगर स्थित खालिद खान के आवास पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं।

## खबरें एक नजर में

### सही ढुलाई न होने से किसानों का प्रदर्शन

**बहराइच,समृद्धि न्यूज।** रामपुर धोबिया गन्ना क्रय केंद्र पर गन्ना की सही ढुलाई न होने से नाराज किसानों ने प्रदर्शन किया है। जिले के गन्ना क्रय केंद्र रामपुर धोबिया हार में गन्ना की समय से ढुलाई बीते कई दिनों से नहीं हो रही है। इसी बात को लेकर किसान आक्रोशित होकर रविवार सुबह नाराज हो कार चक्का जाम कर दिए। जिससे घण्टों तक जाम लगा रहा। इस बात की सूचना श्रावस्ती सहकारी चीनी मिल के सीसीओ गौरव द्विवेदी को हुई तो मौके पर अपनी टीम के साथ गन्ना क्रय केंद्र पर पहुंचे और किसानों से वार्ता कर उन्हें शांत करवाया। किसानों की मांगे थी कि प्रत्येक दिन 3 ट्रकों को ढुलाई के लिए सेंटर पर भेजा जाय और जो 100 रुपए ट्राली से गन्ना उतारने के लिए लिय जा रहे थे अब नहीं लिया जाएगा। इसी बात सभी किसानों की सहमति बनी और पुन: तौल शुरू हो गई है।

### सरकार पीडीए वर्ग का उत्पीड़न कर रही : मसूद खान



**गोण्डा,समृद्धि न्यूज।** पूर्व प्रधान अर्जुन गोस्वामी (बाबा )के विरुद्ध प्रशासन ने स्त्ता पक्ष के दबाव में गुंडा एक्ट लगाकर जिला बदर किए जाने के विरोध में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों व भारी संख्या में कार्यकताओं के साथ जिलाधिकारी गोण्डा द्वारा नामित जिला राजस्व अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया जिसमें मांग की गई कि अर्जुन बाबा एक सामाजिक व संभ्रांत व्यक्ति हैं इनका उत्पीड़न करने के लिए जिला बदर किया गया है तत्काल गुंडा एक्ट व जिला बदर की कार्यवाही निरस्त की जाये अगर जिला प्रशासन ने गुंडा एक्ट व जिला बदर की कार्यवाही निरस्त नहीं की गई तो पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलकर संघर्ष का रास्ता तय करेगी। पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे जी जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन राष्ट्रीय सचिव मसूद आलम खान, पूर्व प्रमुख राम अवध गोस्वामी, पंकज गोस्वामी जिलाध्यक्ष लोहिया वाहिनी, लालचंद गौतम प्रदेश सचिव,अशोक तिवारी एडवोकेट जिला सचिव,प्रवेश सिंह एडवोकेट जिला सचिव/प्रवक्ता,वाहिद,राहुल तिवारी,सौरभ तिवारी,अनूप ओझा,शंकर गोपाल तिवारी,कुंदन गोस्वामी सहित भारी तादादमें कार्यकर्ता और पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### फायरिंग करके रोमांचक अनुभूति प्राप्त कर रहे एनसीसी कैडेट

**गोंडा,समृद्धि न्यूज।** स्थानीय आश्रम पद्धति विद्यालय मनकापुर में 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में आज चौथे दिन एनसीसी कैडेटों ने एयर राइफल गन एवं पॉइंट .22 राइफल से फायरिंग करते हुए अत्यंत उत्साहित होकर रोमांचकारी अनुभूति प्राप्त किये। प्रशिक्षण शिविर में हर कैडेटों का फायरिंग करना एक सपना होता है जिसको साकार कर रहे हैं कैंप कमांडेंट करनल सुनील कपूर , करनल सुनील कपूर के अथक प्रयास से यह प्रशिक्षण शिविर ऐतिहासिक बन गया है जिसमें युद्ध के समय सेना किस प्रकार से अपनी तैयारी करती है जैसे टेंट का निर्माण करना, मानचित्र को सेट करना, दूरी का सही अंदाजा लगाना, और अपने टीम को बचाते हुए दिए हुए कार्य को पूरा करना मुख्य उद्देश्य है। सभी छात्र-छात्राएं एनसीसी कैडेट्स सेना के क्रियाकलापों से परिचित होकर अत्यंत ही उत्साहित है। छात्रों को आत्मनिर्भर बनाते हुए अपने को विपरीत परिस्थितियों में भी सुरक्षित रखते हुए मंजिल को प्राप्त करने की कला सेना के प्रशिक्षित जवान प्रदान कर रहे हैं। बटालियन सूबेदार मेजर अनंगपाल सिंह जो स्वयं राष्ट्रीय स्तर के निशानेबाज है कैडेटों को फायरिंग के बारीकियो की जानकारी दे रहे हैं। फायरिंग कराने में लेफ्टिनेंट आनंद पांडे सहित सूबेदार संजीव, हवलदार कृष्ण कुमार, हवलदार प्रेम, हवलदार कपिल अपना योगदान दे रहे हैं। दिन भर के प्रशिक्षण के बाद सायं काल सभी कैडेट सांस्कृतिक कार्यक्रम करते हुए अपनी थकान को दूर करते हैं। चीफ ट्रेनिंग ऑफिसर मेजर डॉक्टर राजेश द्विवेदी के नेतृत्व में सफल शिविर का संचालन हो रहा है।

### तहसील का ऐतिहासिक मुख्य द्वार चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

**उतरौला-बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** उतरौला तहसील मुख्य द्वार, जो कभी व्यापक जनआवागमन का प्रमुख मार्ग रहा, आज अतिक्रमण, गंदगी और प्रशासनिक उदासीनता का जीवंत उदाहरण बन चुका है। गेट के बाहर कब्जे, अंदर कचरे का अंबार, जर्जर दीवारें और टूटी रेलिंग, ये सब उस सुविधा का ऐतिहासिक पतन दिखा रहे हैं जो नागरिकों को सहज और सम्मानजनक सेवाएँ देने के लिए बनी थी। स्थानीय समाजसेवी आदिल हुसैन ने 06/12/2025 को क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह को इस मामले पर ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तहसील के पुराने मुख्य द्वार की चौड़ाई इतनी थी कि दो वाहन एक साथ निकल सकते थे, पर अब वह पूरी तरह बंद है। दूसरे द्वार के बंद होने से वर्तमान प्रवेश द्वार अत्यंत संकरा हो गया है, जिससे वकील, फरियादी, अधिकारी व आम नागरिकों को आने-जाने में बड़े पैमाने पर असुविधा होती है। समय पर दस्तावेज़ निपटान रुकता है और रोज़ाना जाम की स्थिति बनती है। भीड़-भाड़ के कारण आपसी विवाद की संभावनाएँ बढ़ गई हैं।

# बीएलओ के कार्यों की समीक्षा, एसडीएम ने किया बूथ भ्रमण

**एसआईआर में विस नानपारा की उपलब्धि हुई 93.58 प्रतिशत**

समृद्धि न्यूज





**बहराइच।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर अन्तर्गत शत-प्रतिशत उपलब्धि की ओर अग्रसर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र नानपारा में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन व एसडीएम मोनालिसा जौहरी के नेतृत्व में 93.58 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। दो दिवसीय विशेष अभियान के प्रथम दिन सभी बूथों पर पूर्वान्ह 10:00 बजे से सम्बन्धित बीएलओ और बीएलए ने उपस्थित होकर मतदाताओं के समक्ष अनकलेक्टिव प्रपत्रों तथा एएसडी सूची पढकर सुनाई गई। इसके अतिरिक्त अभियान दिवस पर बूथों पर प्रपत्र वितरण से लेकर फीडिंग तक का कार्य युद्ध स्तर तक किया गया।

विशेष अभियान की विशेषता यह रही कि एसडीएम की अपील पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के द्वारा भी विभिन्न बूथों पर प्रतिभाग किया गया।विशेष शिविर के प्रथम दिन एसडीएम नानपारा द्वारा ग्राम सिलेटनगंज का भ्रमण किया गया और एसआइआर के कार्यों की समीक्षा की गई। निरीक्षण के समय संबंधित बूथ के बीएलओ और बीएलए मौके पर उपस्थित मिले। बीएलओ द्वारा मतदाताओं व बीएलए की उपस्थिति में मतदाता व एएसडी सूची पढ़ी गई। उल्लेखनीय है कि विधानसभा नानपारा परिक्षेत्र के सभी मतदेय स्थलों पर रविवार 07 दिसम्बर को भी मेगा शिविर लगा।

ऐसे मतदाता जिनका भी नाम मतदाता सूची में दर्ज न हो अपने बूथ पर उपस्थित होकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने हेतु फॉर्म संबंधित बीएलओ के पास जमा करे। एसडीएम द्वारा सभी बीएलओ को निर्देश दिया गया है कि अवशेष कार्यों को अनिवार्य रूप से 02 दिवस में पूर्ण कर लिया जाय।

# श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज में मनाया सिविल डिफेंस का स्थापना दिवस कार्यक्रम




समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** सिविल डिफेंस के स्थापना दिवस श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज में मनाया गया। डॉक्टर राजेश श्रीवास्तव चीफ वार्डन गोंडा ने स्थापना दिवस के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सिविल डिफेंस पुलिस प्रशासन एवं शासन की रीढ़ की हड्डी के रूप में कार्यरत है।

डिप्टी चीफ वार्डन सरदार जसपाल सिंह सलूजा ने सिविल डिफेंस को जनमानस में आवश्यकता बताई तथा मानवता के कल्याण पर सिविल डिफेंस का की जरूरत पर बल दिया।घटना नियंत्रक अधिकारी दीपक कुमार श्रीवास्तव ने सिविल डिफेंस में सभी की सहभागिता पर जोर दिया,उन्होने कहा कि सिविल डिफेंस हर स्थिति में प्रशासन के पूरे सहयोग को तत्पर हैं व समय समय पर प्रशासन के साथ कंधे से कंधे मिलाकर सेवा के लिए तैयार रहते हैं। इस अवसर पर सिविल डिफेंस के सभी पदाधिकारियों एवं श्री गांधी विद्यालय के गुरुजन एवं छात्र-छात्राओं ने स्वच्छ एवं सुंदर गोंडा को साकार करने हेतु प्रांगण में सफाई अभियान चलाकर सफाई किया। छात्र-छात्राओं ने विशेष रुचि लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग दिया। कार्यक्रम के अंत में चीफ वार्डन डॉ राजेश श्रीवास्तव ने सभी गुरुजनों एवं छात्र-छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर सिविल डिफेंस के पदाधिकारी, विद्यालय स्टाफ व बच्चे उपस्थित रहे।

## चोरी की मोटरसाईकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**गोंडा।** दिनांक 01.12.2025 को प्रार्थिनी रीना सिंह द्वारा थाना को0 नगर में लिखित तहरीर दी गयी कि वह निकट सूरज होटल, किराये के मकान में रहती है। दिनांक 29.11.2025 को समय लगभग 08:30 एक अज्ञात व्यक्ति मेरे घर आया। उस समय मैं घर पर नहीं थी। घर पर मौजूद बिन्दु मिश्रा व दक्ष ने दरवाजा खोला। अज्ञात व्यक्ति जबरन घर में घुसकर बिन्दु के साथ धक्का-मुक्की व मारपीट की और अलमारी से ?50,300/- लूट कर भाग गया। वादिनी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना को0 नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ। आज दिनांक 7.12.2025 को थाना को0 नगर पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्य संकलन के आधार पर आरोपी अभियुक्त पुष्पेन्द्र कुमार पुत्र रविन्द्रनाथ निवासी ग्राम दुधरा, थाना गैडाश बुजुर्ग, जनपद बलरामपुर को महादेवा क्रासिंग के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 01 अदद मोटरसाईकिल बरामद किया गया।

## सड़क हादसे में घायल गर्भवती महिला की मौत


**बहराइच-सीतापुर हाईवे पर हादसा, बाइक को अज्ञात वाहन ने मारी थी टक्कर**

**बहराइच।** कोतवाली देहात इलाके में शनिवार सुबह हुए सड़क हादसे में घायल एक आठ माह की गर्भवती महिला ने देर शाम इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतका की पहचान हरदी इलाके के दाहाव निवासी 26 वर्षीय सुशीला उर्फ ननकई के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह सुशीला अपनी सास, बच्चे और एक रिश्तेदार के साथ बाइक से जा रही थीं। बहराइच-सीतापुर हाईवे पर बेडनापुर बाजार के पास एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी था। परिजनों ने बताया कि सुशीला के पति की मृत्यु 13 दिन पहले ही हो चुकी थी। इस घटना से परिवार में मातम छा गया है।

# दो शातिर चोरों सहित पांच गिरफ्तार लाखों के चोरी के जेवरात भी बरामद

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** जिले की हरदी पुलिस और स्वाट टीम ने चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके साथ चोरी के जेवरात खरीदने वाले तीन अन्य लोगों को भी पकड़ा गया है। पुलिस ने इनके पास से लाखों रुपये कीमत के सोने और चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। यह मामला हरदी थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव का है।

बीते 26 नवंबर को नारायण नामक ग्रामीण के घर से अज्ञात चोर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए थे। इसी दौरान उनके घर के पास स्थित एक ज्वेलरी की दुकान में भी चोरी का प्रयास किया गया था। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर शामिल लोगों की तलाश शुरू कर दी थी। मुखबिर ने हरदी थाना प्रभारी और स्वाट टीम के प्रभारी मनोज सिंह यादव को सूचना दी कि चोरी की घटना में शामिल लोग शंकरपुर बीज भंडार के पास मौजूद हैं। सूचना मिलते ही उप निरीक्षक अजय कुमार, नंदकिशोर सिंह और आरक्षी रूपेन्द्र विश्वकर्मा, धर्मेन्द्र सिंह, राकेश कुमार व साबिर के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने वहां से अशोक कुमार (निवासी जनपद लखीमपुर) और अजय कुमार चौहान (निवासी खमरिया शुक्ल, थाना हरदी) नामक दो लोगों को हिरासत में ले लिया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चोरों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने चोरी का सामान सूबेदार, धनाजी सेंडे और करण साहू नामक व्यक्तियों को अलग-अलग बेचा है। पुलिस ने छापेमारी कर इन तीनों खरीददारों को भी गिरफ्तार कर लिया। चोरी किए गए लाखों रुपये कीमत के जेवरात, एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा और एक बाइक बरामद की है। गिरफ्तार किए गए सभी पांचों आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय भेजा जा रहा है।

# मंदिर सौंदर्यीकरण के नाम पर गरीबों को उजाड़ने का आरोप, पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार

समृद्धि न्यूज़



**गोण्डा।** तहसील क्षेत्र के ग्राम सोनवार में स्थित श्री बालाजी मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। यहां के निवासी और पीड़ित दुर्गा प्रसाद ने आरोप लगाया है कि मंदिर विकास के नाम पर ग्राम प्रधान ने गरीब, बेसहारा और कच्चे मकानों में रहने वाले लोगों को जबरन बेघर करा दिया।

पीड़ित के अनुसार, यह कार्रवाई विकास कार्य नहीं बल्कि चुनावी रंजिश का परिणाम है। उनका कहना है कि ग्राम प्रधान ने व्यक्तिगत दुश्मनी के चलते मंदिर के सौंदर्यीकरण का बहाना बनाकर कई गरीब परिवारों के घर तोड़वा दिए, जिससे लोग सर्दी के मौसम में खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था और बिना किसी पूर्व सूचना के घरों को हटाया गया,जिससे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से न्याय की मांग करते हुए कहा है कि उन्हें दोबारा बसाया जाए और उनके साथ हुए अन्याय की निष्पक्ष जांच कराई जाए। ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर परिसर का सौंदर्यकरण वर्षों से लंबित था, लेकिन अब इसे राजनीतिक उद्देश्य साधने का साधन बनाया जा रहा है। वहीं,प्रशासनिक स्तर पर मामला सामने आने के बाद जांच की तैयारी की जा रही है। पीड़ित दुर्गा प्रसाद शुक्ल ने कहा– हम गरीब लोग हैं, हमारे पास रहने के लिए और कहीं जगह नहीं है।

विकास के नाम पर हमें चुनावी रंजिश में उजाड़ दिया गया। प्रशासन हमारी मदद करे। स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि घटना की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में विकास कार्यों की आड़ में किसी भी गरीब परिवार के साथ अन्याय न हो सके।

# ओवरटेक के चक्कर में कार व बस में हुई भिड़ंत जीजा उसकी मां सहित तीन की मौत, दो घायल



समृद्धि न्यूज़

**गोंडा।** अयोध्या मार्ग स्थित वजीर गंज थाना क्षेत्र के अंभुला ग्राम के पास रविवार की सुबह अयोध्या इयर पोर्ट जा रही कार और रोड बेज बस में ओवर टेक के चक्कर में आमने सामने जबर दस्त टक्कर हो गई जिस में कार सवार जीजा अक्षत अग्रवाल पुत्र जगदीश अग्रवाल और उस की मां 55 वर्षीय नीता अग्रवाल 27 वर्षीय आशु पुत्र मुकेश अग्रवाल की मौत हो गई।

27 वर्षीय नेहा पत्नी अक्षत उसकी तीन वर्षीय पुत्री।अन्या 25वर्षीय नितिन अग्रवाल पुत्र प्रमोद अग्रवाल निवासी आवास विकास कालोनी घायल हो गए। इलाज के लिए मेडिकल कालेज में लाकर भर्ती कराया गया। हालत खराब होने पर नेहा और उस के भाई नितिन अग्रवाल को लखनऊ रेफर कर दिया गया।बच्ची अन्या को मामूली चोट लगने की वजह से वापस घर भेज दिया गया। नगर कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कालोनी निवासी मुकेश अग्रवाल ने बताया कि उस के भतीजे नितिन अग्रवाल की शादी गुरुवार के दिन थी। उसी में शामिल होने उस की बहन नेहा अग्रवाल जीजा अक्षत अग्रवाल उस की माँ नीता अग्रवाल भाजी अन्या कान पर से आए हुए थे।साथ में ही एक रिश्तेदार आशु अग्रवाल आगरा जिले के निवासी भी आए थे। शादी समारोह का कार्यक्रम जब सम्पन्न हो गया था। तभी रविवार की सुबह अपने घर जा रहे थे।11 बजे से अयोध्या इयर पोर्ट से टिकट था। जाते समय यह दर्दनाक हादसा हो गया। उन्हों ने बताया कि मृतक अक्षत अग्रवाल केनरा बैंक में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर बैंगलोर में कार्यरत था। परिवार के साथ बैगलोर में कुन्तीरा क्रास रोड पूर्णा राजना ले आउट उत्तरा हल्दी कोदी पुर बैंगलोर में रहते है। अयोध्या से वही के लिए जा रहे थे।

**निर्णय**

**पशुपालकों को मिलेंगी सस्ती दवाएं, ब्लाक स्तर पर प्रक्रिया शुरू, मांगे गए आवेदन**

# जन औषधि केन्द्र की तर्ज पर ब्लाकों में खुलेंगे "पशु औषधि केंद्र"

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** कृषकों की आय को दोगुना करना केन्द्र व प्रदेश सरकार की शीर्ष प्राथमिकता में शामिल है। इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए भारत सरकार द्वारा जन औषधि केंद्र की तर्ज पर ब्लाक स्तर पर पशु औषधि केंद्र खोलने का निर्णय लिया गया है।

योजना का मुख्य उद्देश्य है कि पशुपालकों को कम कीमत में उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं उपलब्ध हो सकें। देखने में आता है अब तक पशु दवाओं का एक बड़ा हिस्सा निजी बाजारों पर निर्भर है। खुले बाज़ार से दवाओं की खरीद करने पर पशुपालकों को ज्यादा कीमत चुकानी पड़ती है। जिससे तमाम लोग इस खर्च नहीं उठा पाते हैं। पशु औषधि केन्द्र योजना के धरातल पर क्रियान्वित होने से न केवल उपचार लागत घटेगी। बल्कि पशुधन संरक्षण व डेयरी क्षेत्र को अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ावा भी मिलेगा। सरकार का यह निर्णय श्वेत क्रान्ति की दिशा में गेम चेन्जर साबित होगा। यह जानकारी देते हुए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय ने बताया कि योजना हेतु केन्द्रीय स्तर से पोर्टल पशुऔषधि डाट डीएएचडी डाट जीओवी डाट इन शुरू किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी जिनके पास कम से कम 120 वर्ग फीट स्थान उपलब्ध है, फार्मासिस्ट पंजीकरण प्रमाणपत्र, ड्रग लाइसेंस के साथ आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन का शुल्क रू. 5000 निर्धारित है।

आवेदन पत्रों की की जांच के साथ उचित स्थान व निरीक्षण की प्रक्रिया विभागीय अधिकारियों द्वारा की जायेगी। सीवीओ डॉ. उपाध्याय ने बताया कि पशु औषधि केंद्र खुलने के बाद पशुपालकों को एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यहां पर पशुओं के लिए एंटीबायोटिक, विटामिन, हार्मोनल इंजेक्शन, प्राथमिक उपचार किट व पशु टीकाकरण से संबंधित दवाएं सस्ती कीमत पर मिल सकेंगी।

सीवीओ ने कहा कि बहराइच जैसे कृषि प्रधान व आकांक्षी जनपद के लिए यह योजना मील का पत्थर साबित होगी यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बड़ा परिवर्तन लाने वाला कदम साबित होगी।

### मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को किया जागरूक



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत रूपईडीहा थाना क्षेत्र में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। 7 दिसंबर 2025 को बाबागंज मेला क्षेत्र में मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बच्चों को जागरूक किया। यह अभियान उच्चाधिकारियों के आदेशों और निर्देशों के क्रम में आयोजित किया गया। अभियान के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। टीम ने बालिकाओं की समस्याओं को सुना और महिलाओं पर हो रहे अपराधों के प्रति उन्हें जागरूक किया। महिलाओं से संबंधित अपराधों की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1090, 1098, 1076, 112, 181 और 108 की जानकारी दी गई।साइबर संबंधी अपराधों की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1930 के बारे में भी बताया गया। कन्या सुमंगला योजना और मातृ वंदना योजना जैसी सरकारी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर मानव तस्करी और बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई।टीम ने पंपलेट भी चस्पा किए और बहु बेटी सम्मेलन का आयोजन किया, जहां महिलाओं और बालिकाओं की समस्याओं को सुना गया। मिशन शक्ति टीम में उपनिरीक्षक सूर्यभान, हेड कॉन्स्टेबल अर्जुन मौर्य और महिला कॉन्स्टेबल प्रिया पांडेय शामिल थे।

# उत्तर प्रदेश सरकार में सुदृढ़ हो रही है पैथालॉजी जांच की सुविधा

**घर के नजदीक निशुल्क मिल रहीं बड़ी पैथालॉजिकल जांच सेवाएं, मोबाइल पर मिल रही है रिपोर्ट**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/गोरखपुर।** 'सबको इलाज, उत्कृष्ट इलाज' के मंत्र का अनुसरण करते हुए हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने के साथ ही योगी सरकार आमजन के हित मे मुफ्त पैथालॉजी जांच की सुविधा का विस्तार भी कर रही है। इसी सिलसिले के तहत गोरखपुर में पैथालॉजी जांच के क्षेत्र में क्रांतिकारी पहल हुई है।

गोरखपुर शहर में दस नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऐसे हैं जहां लोग बड़ी पैथालॉजिकल जांच के लिए सैंपल देते हैं और शाम तक घर बैठे मोबाइल पर ब्लड जांच रिपोर्ट मिल जाती है। इस सुविधा से लोगों को दौड़भाग, जांच खर्च की बचत और गुणवत्तापूर्ण जांच की सुविधा एक साथ मिल रही है। गोरखपुर शहर की चरगांवा निवासी गरिमा अक्टूबर में बीमार पड़ गयीं। वह थॉयराइड की मरीज भी हैं। गरिमा ने शाहपुर नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सक को दिखाया। वहां के चिकित्सक की सलाह पर उन्होंने पिपराइच सीएचसी की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ को भी दिखाया। इस दौरान चिकित्सक ने उन्हें एलएफटी, केएफटी, थॉयराइड, सीबीसी आदि जांचों के लिए सलाह दी। साथ ही यह भी बताया कि इन जांचों के सैंपल शहर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भी दिए जा सकते हैं। गरिमा ने शाहपुर शहरी स्वास्थ्य केंद्र पर ब्लड सैंपल दिया और शाम तक मोबाइल पर रिपोर्ट भी आ गयी। वह कहती हैं कि उन्होंने सोचा भी नहीं था कि बिना जिला अस्पताल पहुंचे यह जांच घर के नजदीक स्वास्थ्य केंद्र हो सकती है। इसके लिए वह योगी सरकार को धन्यवाद देती हैं। जैसे-जैसे लोगों को इस नई व्यवस्था के बारे में जानकारी हो रही है, इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए सामने आ रहे हैं।



**इन केंद्रों से हो रही है सैंपलिंग**

गोरखपुर जनपद में बसंतपुर, गोरखनाथ, नथमलपुर, हुमायूंपुर, इलाहीबाग, शाहपुर, शिवपुर-सहबाजगंज, छोटे काजीपुर, झरना टोला और दीवान बाजार में सैंपलिंग की सुविधा लोगों को मिल रही हैं।

**यूपी-उत्तराखंड में बनाए जाएंगे 8 कंबाइंड कंट्रोल रूम**

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश में 22 जुलाई से कांवड़ यात्रा शुरू हो जाएगी। ऐसे में मेरठ में कांवड़ यात्रा समन्वय बैठक में दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड और राजस्थान के वरिष्ठ अधिकारी ऑनलाइन जुड़े जबकि रेंज और मंडल के अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य सचिव ने बताया कि कांवड़ रूट के सभी 12 जिलों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। इसको दो भागों में बांटा गया है। इसमें एक ग्रुप में वरिष्ठ अधिकारी जबकि दूसरे ग्रुप में थाना स्तर के अधिकारी जानकारी साझा करेंगे। कांवड़ यात्रा की निगरानी सीसीटीवी और ड्रोन से की जाएगी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पूरी यात्रा को 5 जोन में बांटा गया है। यात्रा रूट पर जगह-जगह पर हेल्थ शिविर, कांवड़ शिविर बनाए जाएंगे। यहां पर कांवड़ियों के ठहरने, आराम करने एवं खाने पीने की व्यवस्था उपलब्ध होगी। वहीं महिलाओं के लिए अलग शिविर की व्यवस्था की गयी है। हेल्थ शिविर में एंटीवेनम इंजेक्शन भी मौजूद रहेंगे। यूपी उत्तराखंड में 8 कंबाइंड कंट्रोल रूम बनाए जाएंगे। इसका संचालन उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के अधिकारी करेंगे ताकि कांवड़ियों को सभी सुविधाएं दी जा सकें।

## ऑप्शन तीन में एसआईआर फार्म जमा करने से सपा नाराज, आयोग को सौंपा ज्ञापन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है कि 2003 की वोटर लिस्ट में नाम होने के बाद भी कई जिलों में अब भी आप्शन तीन में फार्म जमा कराए जा रहे हैं। आरोप है कि कई जिलों में 2003 की मतदाता सूची से बड़ी संख्या में लोगों का नाम हटा दिए गए हैं।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने बताया कि जिला अमेठी की गौरीगंज विधान सभा, गोण्डा की करनैलगंज विधानसभा, प्रयागराज की कोरांव विधान सभा व शामली में बीएलओ ने अधिकांश मतदाताओं के गणना प्रपत्र को थर्ड ऑप्शन में सबमिट कर दिया है, जबकि मतदाताओं ने 2003 की मतदाता सूची में अपना नाम या अपने माता-पिता, या किसी रिलेटिव का नाम दर्ज होने का पूरा विवरण सही ढंग से भर कर बीएलओ के पास जमा कर दिया है। मिर्जापुर व बागपत में 2003 मतदाता सूची से मतदाताओं के लापता होने की शिकायत भी आयोग से की गई है। पाल ने बताया कि अमेठी, गौरीगंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 389 मतदेय स्थलों में से 110 मतदेय स्थलों के 80 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं के गणना प्रपत्र को बीएलओ ने थर्ड ऑप्शन में सबमिट कर दिया है।

## खबरें एक नजर में

**लखनऊ अमौसी एयरपोर्ट पर यात्री का हंगामा**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (अमौसी) पर शनिवार देर रात एक यात्री ने हंगामा कर दिया। दरअसल सुरक्षा एजेंसियों ने दम्माम जाने के लिए पहुंचे इस यात्री को जब नशे में होने के चलते यात्रा करने की अनुमति नहीं दी तो उसने हंगामा शुरू कर दिया। अन्य यात्रियों से भी अभद्रता की। मामला बढ़ता देख सुरक्षा कर्मियों ने यात्री को सरोजनी नगर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। इस घटना के बाबत एयरपोर्ट की सुरक्षा एजेंसी के इंचार्ज अभिषेक सिंह ने रविवार को बताया कि देवरिया निवासी घनश्याम विश्वकर्मा इंडिगो की उड़ान से दम्माम जाने के लिए अमौसी एयरपोर्ट पहुंचा था। नशे में होने के कारण इंडिगो एयरलाइंस ने फ्लाइट में जाने की अनुमति नहीं दी गई और उसे टर्मिनल के बाहर निकाल दिया। उसने इसे अपना अपमान समझा और टर्मिनल के बाहर आते ही यात्रियों से अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा। उन्होंने उसे रोकने की कोशिश की गई तो सुरक्षा कर्मियों से भी भिड़ गया। घटना की सूचना पर सरोजनी नगर पुलिस ने मौके से यात्री घनश्याम को हिरासत में लिया। साथ ही एमएसएफ सुरक्षा कर्मी अभिषेक सिंह की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। सरोजनी नगर थाना प्रभारी राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि लखनऊ एयरपोर्ट पर हंगामा कर रहे घनश्याम विश्वकर्मा के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पूछताछ के बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी कर घनश्याम को छोड़ दिया है।

**दो दिवसीय आशियाना जैन मन्दिर का स्थापना दिवस शुरू**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** श्री दिगम्बर जैन मन्दिर, आशियाना के 24 वें स्थापना दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम के अन्तर्गत पहले दिन दिगम्बर जैन सेवा समिति की ओर से अभिषेक एवं शान्तिधारा के उपरांत जैन महिला मण्डल द्वारा समर्पित 64 चाँदी की चँवर मुख्य वेदी पर चढ़ाई गयी। इस अवसर पर भगवान महावीर विधान का आयोजन पण्डित राजीव जैन के मंत्रोच्चार द्वारा सम्पन्न हुआ। समिति के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश जैन, मंत्री अजय जैन, कोषाध्यक्ष शरद कुमार, ऑडीटर नवनीत संरक्षक मनोज जैन, शरद चन्द्र जैन के साथ उ.प्र. जैन विद्या शोध संस्थान के उपाध्यक्ष डॉ. अभय कुमार जैन, पूर्व अध्यक्ष बृजेश बंटी, संजय जैन, विकास जैन, महिला मण्डल की अध्यक्ष अल्पना जैन, मंत्री ऋतु जैन, कोषाध्यक्ष संगीता जैन, सांस्कृतिक मंत्री स्वीटी जैन के साथ मन्दिर से जुड़े भक्तगण भारी संख्या में उपस्थित रहकर धर्मलाभ लिए।

**ईदगाह में 195वां नि:शुल्क चिकित्सा कैम्प का आयोजन**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मानवता की बुनियाद समाज सेवा के जज्बे से हमवार होती है। खुदा पाक के बन्दों की सेवा करना एक बहुत अच्छा कार्य है जो हर इन्सान को व्यक्तिगत एवं सामूहिक तौर पर समाज के लिए अंजाम देना चाहिए। यह कार्य न सिर्फमानवता की तामीर व तरक्की का कारण बल्कि इस नेक कार्य से व्यक्ति के व्यक्तित्व में भी निखार पैदा होता है। इन ख्यालात का इज्हार इमाम ईदगाह लखनऊ व काजी शहर मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली चेयरमैन इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया फरंगी महल ने किया। वह आज इस्लामिक सेन्टर आफइण्डिया, मैक्स हास्पिटल और काइंड हस्पिटल के सौजन्य से दारूल उलूम फरंगी महल ईदगाह लखनऊ में आयोजित मासिक नि:शुल्क चिकित्सा कैम्प से सम्बोधित कर रहे थे।

**महिला स्वास्थ्य मेले का आयोजन, 500 महिलाओं ने लिया लाभ**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के बख्शी का तालाब स्थित श्रीराम आयुष केंद्र, गायत्री शक्तिपीठ परिसर में एक दिवसीय महिला स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। आरुषि मेडिकल सेंटर, अलीगंज की संस्थापिका डॉ. कविता मिश्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में इस मेले का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद, मुख्य अतिथि डॉ. कविता मिश्रा ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने श्रीराम आयुष केंद्र भवन का भी दौरा किया, जहां उन्होंने संचालित स्वास्थ्य सेवाओं और प्रस्तावित योजनाओं का अवलोकन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मेजर वी.के खरे ने सभी उपस्थित गणमान्य नागरिकों का स्वागत किया। इस स्वास्थ्य मेले में 500 से अधिक महिलाओं ने होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक, फिजियोथेरेपी, एक्यूप्रेशर, मर्म चिकित्सा, योग और प्राकृतिक चिकित्सा जैसी विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस कार्यक्रम में प्रख्यात समाज सेवी जे.पी सिंह, धनपाल सिंह फौजी, यशपाल सिंह, तृप्ति सिंह, पुनीत खरे, गिरिजा शंकर तिवारी, पवन मिश्रा सहित सैकड़ों गणमान्य महिला-पुरुष उपस्थित थे।

**पेंशनर्स दिवस को पेंशनर्स जिलाधिकारी को सौंपेंगे ज्ञापन**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक एन पी त्रिपाठी, सह संयोजक क्षमा नाथ दुबे व सह संयोजक प्रचार ओंकार नाथ तिवारी ने समिति द्वारा लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के सभी पेंशनर्स जिला मुख्यालय पर 17 दिसंबर को आयोजित होने वाले पेंशनर्स दिवस पर डीएम को ज्ञापन देकर प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री भारत सरकार से मांग करेंगे कि आठवें केंद्रीय वेतन आयोग की शर्तों में कर्मचारियों के वेतन भत्तों की भांति ही पेंशनरों की पेंशन बढ़ोतरी पर विचार का बिन्दु भी शामिल किया जाए। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा 3 नवंबर 2025 को केंद्रीय आठवें वेतन आयोग के गठन संबंधी जारी अधिसूचना में पेंशनरों की पेंशन बढ़ोतरी का प्रकरण शामिल नहीं है। चूँकि प्रदेश सरकार के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्रीय समानता के आधार पर ही सुविधायें अनुमन्य हैं।

**अवध रन मैराथन, 5, 10 और 21 किमी दौड़े 600 लोग**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में रन फॉर एबिलिटी की तरफसे अवध रन का आयोजन किया गया। इसमें करीब 600 की संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। तीन कैटेगरी में आयोजित मैराथन में 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 21 किलोमीटर तक खिलाड़ियों ने दौड़ लगाई।

**महापौर सुषमा खर्कवाल ने अभियंत्रण खण्ड-1 के अंतर्गत वार्ड में तीन महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया**

# बाबू बनारसी दास वार्ड में विकास कार्यों की मिली सौगात

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** शहर में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए महापौर सुषमा खर्कवाल ने रविवार को अभियंत्रण खण्ड-1 के अंतर्गत बाबू बनारसी दास वार्ड में तीन महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को ध्यान में रखते हुए इन परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शुरू किया गया है। पहली परियोजना के रूप में जौहरी मेहतर, गंढैय और हुसैनगंज क्षेत्र की विभिन्न गलियों में सी.सी. निर्माण कार्य एवं सुधार योजना का आधारशिला रखा गया। यह कार्य 15वें वित्त आयोग के तहत 25 लाख रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा। स्थानीय नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा प्रदान करने तथा गलियों की जर्जर स्थिति को सुधारने के उद्देश्य से यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। महापौर ने कहा कि नगर निगम शहर के प्रत्येक वार्ड की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों को त्वरित गति से पूरा करा रहा है। दूसरी महत्वपूर्ण परियोजना के रूप में माता सुग्गा देवी मार्ग (उदयगंज तिराहा से प्राथमिक विद्यालय तक) की जल निकासी व्यवस्था के लिए निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। यह कार्य अवस्थापना मद के अंतर्गत 68.27 लाख रुपये की लागत से सम्पन्न होगा। बरसात के समय जलभराव की समस्या से जूझते इस क्षेत्र को इस परियोजना से बड़ा राहत मिलने की उम्मीद है। नई व्यवस्था से पानी निकासी तेज और व्यवस्थित होगी, जिससे सड़कें लंबे समय तक सुरक्षित और उपयोगी बनी रहेंगी। तीसरी परियोजना पुराना किला स्थित महावीर पुरी क्षेत्र में नाले की आर.सी.सी. दीवार निर्माण से संबंधित है। इस कार्य की अनुमानित लागत 77.35 लाख रुपये है, जिसे अवस्थापना मद के अंतर्गत पूरा किया जाएगा। इस निर्माण से क्षेत्र में जल-निकासी प्रणाली को मजबूती मिलेगी, साथ ही बारिश के दौरान कटान और क्षरण की समस्या में भी काफी कमी आएगी। यह दीर्घकालिक रूप से क्षेत्र की सुरक्षा और स्वच्छता के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। शिलान्यास कार्यक्रमों में पार्षद दल के उपनेता सुशील तिवारी पम्मी, पार्षद आशीष हितैषी, मंडल अध्यक्ष मानस बाहरी, सहसंयोजक कैंट विधानसभाविनायक पांडे, मंडल उपाध्यक्ष अतुल सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।



## यहियागंज गुरूद्वारे का होगा कायाकल्प, खर्च होंगे दो करोड़ रुपए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग लखनऊ स्थित यहियागंज गुरुद्वारे का पर्यटन विकास करायेगा। गुरुद्वारे के ऐतिहासिक महत्व, सामुदायिक आस्था और शहर की सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हुए पर्यटन विकास पर 2 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च की जाएगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सिखों के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर और दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह की स्मृतियों से जुड़े गुरुद्वारे का पर्यटन विकास हमारी प्राथमिकता है। राज्य सरकार सभी धर्मों की आस्था का समान रूप से सम्मान करती है। सिख गुरुओं के ऐतिहासिक पदचिह्नों से जुड़े लखनऊ के यहियागंज गुरुद्वारे को पर्यटन मानचित्र पर विशेष रूप से विकसित किया जाएगा।

## अमन शांति समिति के अध्यक्ष इमरान को दानवीर हिंद के खिताब से सम्मानित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की एक मशहूर कहावत है,जिसको न दे मौला उसे दे आसफुद्दौला और यह कहावत लखनऊ के नवाब आसफुद्दौला की अत्यंत दयालुता और दानशीलता के लिए जानी जाती है।

1784 में जब प्रदेश में भयंकर सूखा पड़ा था और लोगों के पास न तो जीविका के लिए कोई साधन बचा था और न ही खाने के लिए अन्न उपलब्ध हो पा रहा था। ऐसे में नवाब आसिफुद्दौला ने लखनऊ में इमामबाड़ा बनाए जाने की बुनियाद रखी। जिससे कामगारों को काम मिल सके और कोई भूखा न रहे, यही नहीं, नवाब आसफुद्दौला को किसी की मजबूरी, मज़लूमी का पता चल जाए तो उसके पास पहुंचकर उनकी मदद करते थे और वही जज़्बा और जुनून आज के दौर में पुराने लखनऊ में अमन शांति समिति के अध्यक्ष इमरान कुरेशी में देखने को मिलता है, कहते है नवाबी दौर चला गया लेकिन मदद करने का नवाबी दौर और जुनून, इमरान कुरैशी जैसे इंसानों में आज भी जिंदा है।



## समस्या निदान के लिए संविधान को सही तरीके से लागू करे सरकार : मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने रविवार को कहा कि बाबा साहेब डा भीमराव आंबेडकर ने करोड़ों गरीबों, दलितों, शोषितों और वंचितों को सामाजिक न्याय व अधिकार दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनके मिशनरी विचार बहुजन समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस (6 दिसंबर) पर देशभर में आयोजित कार्यक्रमों के लिए समर्थकों और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुये उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों पर चिंता जताते हुए कहा कि देश आज महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी, वायु प्रदूषण, रुपये की गिरती कीमत और आर्थिक अस्थिरता जैसे गंभीर संकटों से जूझ रहा है।

# अधिकतम लोगों को राहत देना सरकार का उद्देश्य

**बिल राहत योजना में बढ़ा बड़ा लाभ, 31 मार्च के बाद भुगतान करने वाले बकायेदार भी होंगे लाभान्वित**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने विद्युत बिल राहत योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को एक और बड़ी राहत प्रदान करते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। पहले 31 मार्च के बाद आंशिक भुगतान कर चुके उपभोक्ताओं को इस योजना के दायरे से बाहर रखा गया था, जिससे अनेक उपभोक्ता योजना का लाभ नहीं ले पा रहे थे।

विद्युत बिल राहत शिविरों के निरीक्षण के दौरान कई उपभोक्ताओं ने मंत्री श्री शर्मा से आग्रह किया कि अप्रैल, मई, जून आदि महीनों में उन्होंने कुछ न कुछ भुगतान अवश्य किया है, किंतु काफी बकाया शेष है, इसलिए उन्हें भी योजना का लाभ दिया जाए।उपभोक्ताओं की इस पीड़ा और वास्तविक स्थिति को समझते हुए ऊर्जा मंत्री ने संवेदनशीलता के साथ अधिकारियों को तुरंत निर्देश दिए कि ऐसे उपभोक्ताओं को योजना के लाभ से वंचित न किया जाए।

सरकार का उद्देश्य अधिकतम लोगों को राहत देना है, इसलिए भुगतान कर चुके किन्तु अब भी बकायेदार उपभोक्ताओं को योजना का लाभ मिलना चाहिए।

अब 30 नवंबर तक भुगतान करने वाले ऐसे सभी उपभोक्ताओं को भी विद्युत बिल राहत योजना में शामिल कर लिया गया है। इस निर्णय से बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा और उनकी आर्थिक बोझ में बड़ी कमी आएगी।जनहित में लिए गए इस महत्वपूर्ण फैसले से प्रदेशभर के उपभोक्ताओं ने ऊर्जा मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने जनता की परेशानी को समझा और राहत प्रदान करने का सार्थक प्रयास किया है। सरकार का कदम उपभोक्ता हित और संवेदनशील प्रशासन की स्पष्ट मिसाल है।



# लोकतन्त्र की मजबूती के लिए हर पात्र मतदाता का सूची मे नाम आवश्यक : केशव मौर्य

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** झांसी मे आज विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं विस्तार को लेकर समीक्षा बैठक की गई। बैठक में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। श्री मौर्य ने कहा कि विशेष पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को मतदाता सूची में शामिल करना है, ताकि लोकतंत्र की मूल भावना और अधिक सशक्त हो सके।

घर-घर जाकर एसआईआर गणना फार्म को भरवाया जाए। किसी भी पात्र नागरिक का नाम छूटने न पाए, टीम स्तर पर समन्वय बढ़ाया जाए।

**महिला सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकता**

विशेष अभियान में 18 वर्ष से अधिक आयु के नए युवाओं को प्राथमिकता के साथ जोड़ा जाए। युवा मतदाता लोकतंत्र की शक्ति हैं, इसलिए अपने क्षेत्र में नए युवाओं के फॉर्म भरवाकर उन्हें वोटर सूची में अवश्य शामिल कराएं। वर्तमान में चल रहे स्नातक मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत पात्र स्नातक मतदाताओं के आवेदन समय से एकत्रित कर निर्धारित तिथि से पहले जमा किए जाएँ।जिन स्नातक मतदाताओं के नाम अब तक सूची में शामिल नहीं हुए हैं, उनसे संपर्क कर उन्हें पंजीकरण हेतु प्रेरित किया जाए। यह विशेष अभियान जनता के लिए है, इसलिए लगातार संवाद और तालमेल जरूरी है। किसी भी प्रकार की शिकायत, तकनीकी समस्या या जमीनी कठिनाई जिला प्रशासन और प्रभारी अधिकारियों तक पहुँचाई जाए, ताकि समाधान हो सके। जनप्रतिनिधियों ने अपनेक्षेत्रों की स्थिति रखी। उन्होंने बूथ स्तर पर आवश्यक संसाधन, बीएलए 2 के सहयोग तथा जागरूकता अभियान को और मजबूत करने से जुड़े सुझाव दिए। उप मुख्यमंत्री ने सुझावों की सराहना की और उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। झाँसी में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत आयोजित सभा में सम्मिलित होकर संबोधित किया।

## अब तक लगी 1 लाख 74 हजार से अधिक ग्राम चौपाल

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, गांव की समस्या-गांव में समाधान का आयोजन किया जा रहा है,और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। डबल इन्जन सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है।

## अगर टीएमसी ने बाबर के नाम पर एक भी ईंट रखी तो भाजपा उसे उखाड़ फेकेगी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** तृणमूल कांग्रेस से निकाले गए विधायक हुमायूं कबीर ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद के नाम पर एक मस्जिद की नींव रखी है। इसे लेकर उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बड़ा बयान दिया है।

केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यह सब टीएमसी की नौटंकी है वहां भाजपा की सरकार आने पर बाबर के नाम पर एक भी ईट रखी गई तो उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। आप को बता दें कि सस्पेंड टीएमसी एमएलए हुमायूं कबीर ने मुर्शिदाबाद जिले में बेलडांगा से सटे इलाके में सैकड़ों समर्थकों के साथ प्रतीकात्मक तौर पर फीता काटकर मस्जिद की नींव रखी है। हुमायूं कबीर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के भरतपुर सीट से विधायक हैं। वह पिछले कई दिनों से दावा करते रहे हैं कि 6 दिसंबर को वो भरतपुर के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद बनवाने के लिए नींव रखेंगे। पार्टी से निष्कासित होने के बाद हुमायूं कबीर ने कहा था कि वह मस्जिद जरूर बनवाएंगे। उन्होंने 22 दिसंबर को एक नई पार्टी बनाने की घोषणा भी की है। 4 दिसंबर को तृणमूल कांग्रेस ने हुमायूं कबीर को पार्टी से निष्कासित कर दिया था। पार्टी का कहना था कि वह सांप्रदायिक राजनीति कर रहे हैं।



# बार कॉउन्सिल ऑफ यूपी के सदस्य पद पर अभिषेक सिंह को विजय दिलाने का समर्थन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** रविवार को श्रीराम क्षत्रिय सेना लखनऊ जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला मंत्री लखनऊ श्रीराम क्षत्रिय सेना मान सिंह तोमर के निवास पर फरीदीपुर, लखनऊ में हुई। बैठक की अध्यक्षता संजय सिंह ने की।

संगठन के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष जमुना बक्स सिंह निर्भय ने सदस्य बार कॉउन्सिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पद के चुनाव में अभिषेक कुमार सिंह एडवोकेट को विजय दिलाने के लिए संगठन का पूर्ण समर्थन व्यक्त किया। संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता अध्यात्म सिंह एडवोकेट, प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक कुमार सिंह एडवोकेट, जिला संरक्षक अनिल सिंह गहरवार, जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह, जिला महामंत्री अमित सिंह चौहान, जिला मीडिया प्रभारी डी पी सिंह चौहान, जिला संगठन मंत्री सम्राट सिंह राजावत व गुलाब सिंह सोमवंशी, जिला मंत्री विमल सिंह सोमवंशी व मान सिंह तोमर,जिला प्रवक्ता सर्वोत्तम सिंह चौहान एडवोकेट, अरविन्द प्रताप सिंह, अभिषेक सिंह चौहान, ज़िला महामंत्री सीतापुर बलिराम सिंह आदि उपस्थित रहे।




**स्वास्थ्य** | **मानसिक स्वास्थ्य के विषय में लोगों की जिज्ञासाओं का किया गया निराकरण**

# सीएम आरोग्य स्वास्थ्य मेलें में लाभान्वित हुए 194219 रोगी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** स्वास्थ्य सुविधायें एवं सेवायें जनसामान्य, विशेषकर समाज के अन्तिम पायदान पर स्थित लोगों को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री के द्वारा 2 फरवरी 2020 से शुभारम्भ किये गये मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले के 230 वां मेला आज पूरे प्रदेश में आयोजित किया गया।

मेलों के प्रारम्भ से ही स्वास्थ्य सुविधाओं यथा जॉच-उपचार, गोल्डेन कार्ड के वितरण के साथ स्वास्थ्य योजनाओं की उपलब्धता के कारण मेला लोकप्रिय है। आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में आगन्तुकों, रोगियों को स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने के अतिरिक्त व्यक्तिगत व पर्यावरणीय स्वच्छता की स्वास्थ्य के सन्दर्भ में महत्ता के विषय में अवगत कराया गया। जल-जनित रोगों से बचाव के विषय में चर्चा की गयी। मच्छरों से होने वाली बीमारियों से बचने के लिये सोते समय मच्छरदानी लगाने एवं आस-पास पानी न जमा होने देने की सलाह दी गयी। मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु उपायों का व्यापक प्रचार-प्रसार मेले में किया गया। शुद्ध पेयजल तथा मरीजों के बैठने की समुचित व्यवस्था की गयी। तम्बाकू प्रयोग के कारण होने वाली हानि एवं गैर संचारी रोगों से सुरक्षित रहने के सन्दर्भ में भी स्वस्थ जीवन शैली का अनुसरण करने के विषय में संवेदीकृत किया गया। संतुलित आहार तथा व्यायाम की आवश्यकता के साथ मानसिक स्वास्थ्य के विषय में लोगों की जिज्ञासाओं का निराकरण किया गया। गम्भीर रोगियों को नि:शुल्क एम्बुलेंस से उच्चतर चिकित्सा केन्द्रों पर संदर्भित किया गया। मेले में गोल्डेन कार्ड भी वितरित किये गये।आज 230 वां मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलें में कुल 194219 रोगी जिनमें 81186 पुरूष 81771 महिलाये 31262 बच्चे लाभान्वित हुए एवं 1045 गम्भीर रोगियों का उच्च चिकित्सालयों में उपचारार्थ संदर्भन किया गया। 4893 गोल्डेन कार्ड वितरित किये गये। मेले में 5323 चिकित्सक तथा 15269 पैरामेडिकल स्टाफ एवं 2337 आईसीडीएस स्टाफ ने सेवायें दीं। आज के मेले में 14337 फीवर केसेज आये। डेंगू के 1890 टेस्ट किये गये, जिसमें 05 मरीज धनात्मक पाये गये। आज के आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 185 कोविड एन्टीजन टेस्ट किये गये जिनमें 00 कोविड के लिए धनात्मक पाये गये अब तक आयोजित कुल मेलों में 142020208 रोगी लाभान्वित हुये।



फाइल फोटो

# परिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहब को अर्पित की श्रद्धांजलि

**पुवायां विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी उपेंद्र पाल सिंह ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया नमन**

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

भारत रत्न संविधान शिल्पी बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर एआरपी वीरपाल के गीता सिटी स्थित आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुवायां विधानसभा के प्रत्याशी रहे उपेंद्रपाल सिंह ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सुबोध कनौजिया एडवोकेट पूर्व प्रत्याशी ब्लॉक प्रमुख बंडा, बृजेश कुमार, अजय कुमार कनौजिया, एआरपी सुनील कुमार, वीरपाल, दिनेश कुमार अध्यापक, रामरतन लाल कनौजिया फ़ौजी, अध्यापक सत्यप्रकाश, अध्यापक गजेंद्र सिंह, संजय राना, अध्यापक दीपक कुमार राजेंद्र, अजीत कुमार एडवोकेट, राजकिशोर कनौजिया एडवोकेट, सचिन दीक्षित एडवोकेट, नीलेश पटेल, सुखदेव, नैतिक, नमन, राहुल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



## डॉ अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत: प्रो. आजाद

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज की एनसीसी यूनिट के द्वारा बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की शुरुआत अम्बेडकर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करने से हुई। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में उपस्थित कॉलेज के प्राचार्य प्रो आर के आजाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. अम्बेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं थे, बल्कि वे आधुनिक भारत के सामाजिक परिवर्तन के सबसे बड़े अग्रदूत थे। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम उनके विचारों को केवल स्मरण न करें, बल्कि उन्हें व्यवहार में उतारें। उन्होंने आगे कहा कि अम्बेडकर का संघर्ष हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है और उनके द्वारा स्थापित मार्ग आज भी समाज को दिशा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत तभी प्रगतिशील राष्ट्र बन सकता है जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक संवैधानिक अधिकारों का प्रभावी लाभ पहुँचे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे प्रो कमलेश गौतम ने कहा कि अम्बेडकर ने जिस सामाजिक समरसता और समान अवसरों वाले भारत का स्वप्न देखा था, उसे साकार करने के लिए, प्रत्येक नागरिक को जिम्मेदारी के साथ योगदान देना होगा। इस अवसर पर एक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्रत्येक संकाय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान पर वेदांत सेंगर, द्वितीय स्थान पर कमलेश्वर, तृतीय स्थान पर शीतल, चतुर्थ स्थान पर रजनी एवं पंचम स्थान पर अमन कुमार रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कॉलेज के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ आलोक कुमार सिंह के संयोजन में हुए इस कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन डॉ दुर्गविजय के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रो आदित्य कुमार सिंह, प्रो प्रभात शुक्ला, प्रो आलोक मिश्रा, डॉ नीलू कुमार सहित कॉलेज के तमाम शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# कला प्रेमियों ने चित्रकार क़मर को किया सम्मानित

**तौक़ीर आर्केड में कला से रोजगार पर हुआ व्याख्यान**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

शहर की बाड़ूजई स्थित तौक़ीर आर्केड में चित्रकला में लड़कियों के लिए रोजगार की संभावनाओं पर व्याख्यान का आयोजन हुआ, जिसमें एलबीडी गर्ल्स कॉलेज तिलहर की एवं शहर की जीएफ कॉलेज की छात्राओं ने आधुनिक कला की बारीकियों को सीखा और उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बंगाल, उड़ीसा एवं बांग्लादेश के कलाकारों की पेंटिंग का अवलोकन किया। इस अवसर पर प्रख्यात चित्रकार एवं तौक़ीर आर्केड के निदेशक डॉ. मोहम्मद क़मर को जीएफ कॉलेज चित्रकला विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. उषा गर्ग एवं एलबीडी गर्ल्स कॉलेज तिलहर की पूर्व प्रधानाचार्य एवं कला प्रवक्ता सुनीता देवी एवं शिक्षिका रीना सक्सेना एवं छात्राओं ने शाल भेंट कर सम्मानित किया।

डॉ. उषा गर्ग ने अपने व्याख्यान में मौजूदा समय में हर लड़की को अपने अंदर दबी हुई प्रतिभा को पहचान कर उसे निखारने पर जोर दिया। उन्होंने चित्रकला ऐसा विषय है जिसमें महिलाएं पारिवारिक जिम्मेदारियों साथ अपनी भावनाओं को व्यक्त कर समाज में अपने आप को स्थापित कर रोजगार का माध्यम भी बना सकती है। डॉ. मोहम्मद क़मर की कला यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा आप की पेंटिंग यथार्थ वादी है। क़मर की कला के विषय गांव की पगडंडी से लेकर शहर की भाग दौड़ से भरी आपा धापी की जिंदगी भी देखी जा सकती है, आप की कला में प्रदूषण के दौर में पशु पक्षियों का दर्द भी महसूस होता है। वहीं प्रकृति की सुंदरता को भी दिखाया गया है। कला समीक्षक कला प्रवक्ता सुनीता देवी ने अपने व्याख्यान में कहा क़मर साहब अपनी कल्पना की नाव पर सवार होकर आकाश की ऊंचाई से लेकर समुद्र की गहराई तक मौजूद प्रकृति के विद्यमान स्वरूपों को रेखाओं के सहारे कैनवस एवं कागज पर उजागर करते है। मोहम्मद क़मर ने 2006 से शहीदों की नगरी शाहजहांपुर में रहकर अपनी कला की साधना के साथ धर्मानंद इंटर कॉलेज मुमुक्ष आश्रम में चित्रकला प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हैं। मोहम्मद क़मर की कला में परंपरागत और आधुनिक तत्वों का समावेश है उनके निरंतर साधना और समर्पण हमें सोचने पर मजबूर करते हैं कि एक चित्रकार के चित्रों की गहराई को समझना इतना आसान नहीं है सत्य की अनुकृति जो हमें अक्सर कला से जुड़े रहने की प्रेरणा करती है आपका शांत स्वभाव एवं मंद-मुस्कान आपकी आकृतियों में भी कहीं न कहीं देखने को मिलती है उनके कला दर्शन से युवा पीढ़ी के कलाकारों को जागरूकता के साथ-साथ समाज के लिए कुछ अच्छा करने की प्रेरणा भी मिलती है। इस अवसर पर कला प्रेमियों में प्रमुख रूप से मानसी, शबाना, अलीशा, प्रिया, प्रियंका चांदनी, पूनम, पिंकी, सरोजनी देवी, ज्योती, रचना, सोनाली, मधु, अनामिका, सरगम सिंह, नेहा, शीतल, कहकशां, यसरा, उमरा, सीमा, दीपा, सरोज, अग्रिमा पाल, मो. तय्यब, सबा नक़वी, देवघर शर्मा, अनुपम, रीना सक्सेना, सुनीता आदि उपस्थित रहे।

# 25 दिसंबर तक स्वरोजगार स्थापना को ई-पोर्टल पर आवेदन पत्र आमंत्रित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

**अनुसूचित जाति को 4 व अनुसूचित जनजाति को 2 इकाईयां स्थापित कराने का लक्ष्य आया**

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति श्रेणी के लोगो के लिए उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा रोजगार सृजन को संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के अन्तर्गत इकाईयां स्थापित कराये जाने के लिए, लक्ष्य निर्धारित हो चुका है। जनपद में अनुसूचित जाति के लिए 4 एवं अनुसूचित जनजाति हेतु 2 इकाईयां स्थापित कराने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इन इकाईयों को 22.32 लाख रूपये का मार्जिन मनी अनुदान प्रदान किया जाएगा। जिसके क्रम में 25 दिसम्बर तक स्व:रोजगार स्थापना को ई-पोर्टल पर आवेदन पत्र आमन्त्रित किए गए हैं। जानकारी देते हुए जिला ग्रामोद्योग अधिकारी शिशुपाल सिंह ने बताया कि योजना के अन्तर्गत ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में निर्माण उद्योगों के लिए अधिकतम 50 लाख रूपये एवं सेवा उद्योगों के लिए अधिकतम 20 लाख रूपये तक योजना लागत वाली नई ग्रामोद्योग इकाईयों की स्थापना के लिये सभी पब्लिक सेक्टर बैंकों, सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, कॉपरेटिव बैंकों, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नियन्त्रित सभी शिड्यूल्ड प्राईवेट कॉमर्शियल बैंकों एवं सिडबी के माध्यम से भवन, मशीन, उपकरण व कार्यशील पूंजी हेतु ऋृण प्रदान कराया जाता है। योजना में मशीन,उपकरण टर्म लोन शामिल किया जाना अनिवार्य है। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में अधिकाधिक इकाईयां स्थापित कराये जाने व उनके प्रोत्साहन हेतु विभाग द्वारा बैंक से स्वीकृत ऋृण के आधार पर सामान्य जाति के पुरुष लाभार्थियों को योजना लागत का 15 से 25 प्रतिशत तथा अन्य सभी वर्गों के पुरूष व महिला तथा सामान्य वर्ग की महिलाओं, दिव्यागों आदि को योजना लागत का 25 से 35 प्रतिशत मार्जिन मनी अनुदान प्रदान किया जाता है साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित निर्माण उद्योगों की अधिकतम 25 लाख रूपये व सेवा उद्योगों की अधिकतम 10 लाख रूपये योजना लागत वाली इकाईयों को तीन वर्ष तक ब्याज उपादान का लाभ भी प्रदान किया जाता है। इच्छुक आवेदक ऑनलाइन पोर्टल पर एजेन्सी का चयन कर आधार कार्ड, फोटो, प्रोजेक्ट प्रोफाईल,समरी, जाति प्रमाण पत्र, जनसंख्या प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता व तकनीकी प्रमाण पत्र तथा स्कोर कार्ड के प्रपत्र अपलोड करते हुए अपना आवेदन पत्र 25 दिसंबर तक ऑनलाइन कर सकते है। आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक हो तथा सम्बन्धित उद्योग को चलाने,उत्पादन से बिक्री तक की पर्याप्त जानकारी होना अनिवार्य है साथ ही उद्योग स्थापना के लिये पर्याप्त भूमि,भवन की उपलब्धता होनी चाहिए। आवेदन पत्र सम्बन्धी किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष संख्या 8318374411 पर एवं जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, मोहल्ला सुभाषनगर तिराहा निकट-डायमण्ड मैरिज लॉन में सम्पर्क कर सकते हैं।

# धोखाधड़ी कर फर्जी बैनामा करने वाला गिरफ्तार



**पुवायां, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने धोखाधड़ी कर जमीन का फर्जी बैनामा करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना क्षेत्र के गांव डेलखेड़ा निवासी अजय सिंह पुत्र रामचंद्र ने न्यायालय में दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि छोटे लाल पुत्र बोदिल ने फर्जी दस्तावेज बनाकर जमीन का बैनामा कर दिया। तथा पीड़ित से दो लाख नब्बे हजार रुपए ऐंठ लिए। जिसके बाद पीड़ित को जब जानकारी हुई कि उसके साथ ठगी की गई है तो उसने कोर्ट में न्याय की गुहार लगाई। जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया और रविवार को पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## खबरें एक नजर में

### बच्चों को सिखाया योगाभ्यास

**शाहजहांपुर-जलालाबाद।** क्षेत्र नौसारा लहसड़ी, स्वामी श्री सत्यदेव महाराज जी के मार्गदर्शन के सांनिध्य में श्रीदेव धाम आश्रम में योग अभ्यास करते बच्चे। यहां बच्चों को रोजाना आधुनिक शिक्षा, योग शिक्षा, नैतिक शिक्षा व संस्कारों की शिक्षा मे निपुणता हासिल करने के लिए पाठ पढ़ाया जाता है। ताकि अपने जीवन में बच्चे लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।

### हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान 21 दिन बाद मौत

**तिलहर-शाहजहांपुर।** सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई वृद्धा की पौन माह बाद इलाज के दौरान मौत हो गई । पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। बता दें कि बीती 14 नवंबर को गांव चक बरेचा निवासी गीता देवी बेटा विपिन के साथ बाइक से रिश्तेदारी में शादी का कार्ड देने जा रही थी । इसी दौरान गांव राजनपुर के पास विपिन की बाइक अचानक भैंस से टकरा गई। और बाइक पर बैठी बूढ़ी मां गीता देवी 60 रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई थीं । जबकि विपिन के मामूली चोटे आई थीं। सूचना मिलने पर परिजन गीता देवी को सीएचसी गए। जहां डॉक्टर ने गीता देवी की गंभीर हालत मंजिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पौने माह के इलाज के चलते रविवार सुबह गीता देवी ने दम तोड़ दिया। उनकी मौत से घर में कोहराम मच गया।

### किसान नेता के बाबा का निधन

**शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के तहसील महासचिव पुवायां के गांव सतवां बुजुर्ग निवासी सचिन मिश्रा के 90 वर्षीय बाबा राम आसरे मिश्रा का निधन हो गया। उनके निधन से शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम संस्कार आज दोपहर 12 बजे गाँव सतवा बुजुर्ग में होगा। उनके निधन पर किसान संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ तमाम लोगों ने शोक व्यक्त किया।

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर गौवंशीय पशु के हमले से बाइक सवार घायल




**मीरानपुर कटरा, शाहजहाँपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीती रात एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें गौवंशीय पशु के हमले से बाइक सवार ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम खिरिया सत्तू निवासी राजीव शर्मा रात लगभग दस बजे अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिउरा मोड़ के समीप पहुंचे, सड़क पर घूम रहे एक गौवंशीय पशु ने अचानक हमला कर दिया। हमले के दौरान बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे राजीव गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर राहगीरों ने तुरंत मदद करते हुए घायल राजीव को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए बरेली रेफर कर दिया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में भी हाईवे पर आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या को लेकर नाराज़गी देखी जा रही है। लोग प्रशासन से इस दिशा में ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे।

### सीओ के आदेश पर मारपीट व एससी/एसटी का छह आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**मिर्ज़ापुर-शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम नूरपुर तरसौरा निवासी अवधेश वाल्मीकि ने सीओ के आदेश पर पड़ोसी ग्राम पिंडरा के पोथी यादव के पुत्रों समेत इनके परिवार के सात लोगों के विरुद्ध मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पीड़ित अवधेश बाल्मीकि ने दर्ज करवाई रिपोर्ट में कहा है कि बीती 30 नवम्बर को अपराह्न करीब तीन बजे ग्राम पिंडरा निवासी नेकराम यादव, देशराज, अरुण यादव, शैलेन्द्र यादव, नेकराम, सोनू यादव व मोती एकराय होकर जेसीबी लेकर उसके पड़ोसी अरविन्द कश्यप के मकान पर अवैध कब्जा करने आए। आरोप है कि अरविंद की पत्नी व अन्य महिला रिश्तेदार जेसीबी के सामने आकर अवैध कब्जे का विरोध करने लगीं। तभी आरोपी महिलाओं के साथ मारपीट करने लगे। चीख पुकार सुनकर वह अपने भाइयों चेतराम,नेतराम व गांव के गुड्डू जाटव आदि बीच बचाव करने पहुंचे और मारपीट करने से मना किया। तभी उक्त लोग आग बबूला हो गये और बीच बचाव कर रहे सभी लोगों को जातिसूचक गालियां देने लगे। गालियों का विरोध करने पर उक्त लोगों ने सभी को लाठी डंडों व धारदार हथियार से मारा पीटा व जान से मारने और गांव से निकाल देने की धमकी दी। घटना की सूचना किसी प्रत्यक्षदर्शी ने मोबाइल से डायल 112 पुलिस को दे दी। पुलिस के आते ही सभी लोग गालियां देते हुए मौके से भाग गए। पीड़ित का कहना है कि दबंग कभी भी उसे या उसके परिवार को जानमाल का नुकसान पहुंचा सकते हैं। पीड़ितों का यह भी आरोप है कि उन्होंने उसी समय घटना की तहरीर मिर्जापुर थाने जाकर दी। किंतु पुलिस ने न तो उसकी रिपोर्ट दर्ज की और न ही कोई सुनवाई की,उल्टे सभी को डांट फटकार कर थाने से भगा दिया। पीड़ितों का कहना है कि वे मजबूरन सीओ जलालाबाद अजय कुमार राय के समक्ष पेश हुए और आपबीती सुनाई। तब सीओ ने मिर्जापुर पुलिस को आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कार्यवाही करने का आदेश दिया। मिर्जापुर पुलिस ने सीओ के आदेश पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## दुर्घटना में पांच घायल

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** कस्बे में स्थित पेट्रोल पम्प के समीप हाईवे पर अनियंत्रित डम्पर की टक्कर से बाइक आगे जा रही बाइक से टकरा गयी। जिससे पांच लोग घायल हो गए। थाना क्षेत्र के गाँव मरौरी निवासी मानसिंह अपने भतीजे गोलू के साथ रविवार की देर शाम पुवायां से सिंधौली होकर अपने घर जा रहे थे। कस्बे में स्थित समाजवादी सेवा केंद्र पेट्रोल पम्प के सामने पीछे से आए अनियंत्रित डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसके बाद बाइक सामने जा रही बाइक से टकरा गयी। दूसरी बाइक पर गाँव पैना सुन्दरनगर निवासी बाइक सवार गोविन्द, विमल तथा अनिकेत भी बाइक लड़खड़ाने से घायल हो गए। डंपर चालक वाहन को लेकर मौके से भाग गया। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर घायलों को उपचार हेतु स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया।

# उत्तर प्रदेश में पहली बार पीएमश्री विद्यालय में पीएमश्री विद्यालय महोत्सव का आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

बच्चों में बालिकाओं को सशस्त बनाने तथा बच्चों को उनके करियर चुन्ने के उद्देश्य से जनपद के विकास क्षेत्र ददरौल में स्थित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय धन्योरा में पीएम श्री विद्यालय महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में करियर गाइडेंस, मीना मंच मेला, मां बेटी अभिभावक मेला, माता उन्मुखीकरण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उद्घाटन करते हुए अपराध निरीक्षक थाना कोतवाली सुनील कुमार यादव ने बताया कि बच्चे इंटर तथा ग्रेजुएशन उर्तीण करने के बाद पुलिस विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर सकते हैं। अच्छे अंकों के साथ-साथ आपको अपनी शारीरिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना होगा। कार्यक्रम में मिशन शक्ति की प्रभारी कांस्टेबल प्रीति, थाना कोतवाली तिलहर ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि सभी बालिकाओं को 1090, 1098, 112 इन सभी नंबरों को हमेशा याद रखना चाहिए यदि आपको कोई भी परेशान करता है तो आप तत्काल इन नंबरों पर कॉल करके पुलिस को सूचित करें, पुलिस आपकी पूरी सहायता करेगी आपको किसी से डरना नहीं है और अपनी बात को निडर होकर रखना है उन्होंने कहा आप भी पुलिस की नौकरी ज्वाइन कर सकते हैं। प्रवक्ता आईटीआई रोजा प्रशांत कुमार ने बताया कि कक्षा 8 पास करने के बाद आईटीआई की विभिन्न ट्रेड में बच्चे आ सकते हैं। बच्चे हमारे संस्थान में अवश्य एडमिशन ले। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ददरौल के डा. वैभव रस्तोगी तथा जया सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि इंटर के बाद बच्चों को मेडिकल में आने के लिए नीट की तैयारी करना आवश्यक होता है और नीट की परीक्षा पास करने के बाद बच्चे मेडिकल में दाखिला ले सकते हैं, लेकिन इसके साथ-साथ वह नर्सिंग का भी कोर्स कर सकते हैं साथ ही डीफार्मा तथा बी फार्मा भी कर सकते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ददरौल के फैजुल ने बच्चों को साफ सफाई रहने रखने के तरीके भी बताएं। कार्यक्रम में एसआरजी अश्विनी कुमार अवस्थी तथा एआरपी नवनीत तिवारी ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर साक्षी, मानवी, दीक्षा, मोहिनी, आराध्या, यशवानी कश्यप, अंशुल वर्मा, विपुल वर्मा, विशाल सिंह, आस्था सिंह, सम्भवी ने विभिन्न नाटक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। बच्चों के द्वारा लगाया गया मीना मंच का स्टाल तथा कबाड़ से जुगाड़ के स्टॉल की अतिथियों ने भूरी भूरी प्रशंसा भी की। कार्यक्रम का संचालन कुशल वर्मा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक डॉ अरुण कुमार गुप्ता, वीणा शर्मा, प्रियंका भटनागर, कल्पना, अतेंद्र कुमार सिंह के साथ-साथ अभिभावक शिवम सिंह, शैलेंद्र सिंह, होरीलाल, अजीत सिंह, जयराज सिंह आदि अभिभावक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधान रंजीत कुमार वर्मा भी उपस्थित रहे। सभी का धन्यवाद विद्यालय के प्रधानाध्यापक यशपाल सिंह के द्वारा किया गया, संचालन मास्टर कुशल वर्मा ने किया।

## विवाहित युवक ने कर ली दूसरी शादी, पहली पत्नी ने दर्ज करवाई रिपोर्ट

**मिर्जापुर-शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम गोकुल नगला निवासी हरीराम शर्मा की पुत्री व आशीष शर्मा की पत्नी रूबी शर्मा ने न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय शाहजहांपुर के आदेश पर अपने पति, सास, देवर, ननद व पति की दूसरी पत्नी के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न व एक पत्नी होते हुए विधि विरुद्ध दूसरी शादी करने की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। विवाहिता रूबी शर्मा ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज करवाई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी शादी छेह फरवरी 2022 को मैनपुरी जिले के थाना बेवर अंतर्गत ग्राम हिरौली किसभरा निवासी आशीष शर्मा के साथ हिंदू रीतिरिवाज के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही उसके पति आशीष शर्मा सहित ससुराल वाले शादी में मिले दहेज के अतिरिक्त बुलेट बाइक, सोने की जंजीर और 50 हजार की नकदी की मांग करने लगे। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराली उसे शारीरिक व मानसिक यातनाएं देते हुए उसके पति की दहेज लेकर दूसरी शादी करने के लिए किसी सोनम नाम की लड़की से मोबाइल पर बात करने लगे। इस बीच उसके एक पुत्र नित्यांश शर्मा भी हो गया,जो इस समय दो वर्ष का है। अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर उसके पति आशीष शर्मा ने अपनी मां उर्मिला,छोटे भाई आकाश उर्फ अभय, बहन पूनम की राय से दिल्ली के उद्योगनगर में एक पत्नी के होते हुए अवैध रूप से किसी सोनम नाम की लड़की के साथ दूसरी शादी के ली और उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता का आरोप है कि वह अपने ऊपर हुए अत्याचार की रिपोर्ट दर्ज करवाने मिर्जापुर थाने कईबार गई। किंतु पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देने पर भी पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। मजबूरन उसे न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। तब मिर्जापुर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पति सहित ससुरालियों और सौतन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की है।

# रेलवे ओवरब्रिज अधर में लटकने पर भाकियू ने शुरू किया धरना-प्रदर्शन

**तिलहर -शाहजहांपुर।** तिलहर-निगोही संपर्क मार्ग पर निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज का अधर में लटक जाने से जनता को भरी परेशानियों के मद्देनजर भारतीय किसान यूनियन ने शनिवार धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। युवा जिलाध्यक्ष आदित्य प्रताप सिंह लोधी ने समस्या का समाधान न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। तिलहर-निगोही संपर्क मार्ग पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है और अक्सर रुक जाता है। इसके परिणामस्वरूप, प्रतिदिन इस सड़क से गुजरने वाले हजारों ग्रामीणों और नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बीते दिनों कई मोटरसाइकिलें बंद रेलवे क्रॉसिंग से जुगाड़ू तरीके से निकलने के प्रयास में रेलगाडि़यों की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त



हो गई।हालांकि, गनीमत रही कि इन दुर्घटनाओं में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। शनिवार से भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के युवा जिलाध्यक्ष आदित्य प्रताप सिंह लोधी के नेतृत्व में सैकड़ें लोगों ने रेलवे क्रॉसिंग के पास बैठकर समस्या के समाधान की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।इस दौरान गेंदन लाल वर्मा ने बताया कि तिलहर चीनी मिल में गन्ना लेकर आने वाले किसानों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। डभोरा गांव के प्रधान ने कहा कि बीमार, विशेषकर गर्भवती महिलाओं को चिकित्सा सुविधा के लिए कई किलोमीटर लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। जिससे कई बार उनकी जान भी चली जाती है। उन्होंने सरकार से जल्द ओवरब्रिज का निर्माण पूरा करने की मांग की। युवा जिलाध्यक्ष आदित्य प्रताप सिंह लोधी ने सरकार और ओवरब्रिज निर्माण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि रेलवे क्रॉसिंग को दो माह के लिए बंद किया गया था। पांच माह बीतने के बाद भी ओवरब्रिज का निर्माण पूरा नहीं हुआ है। इससे न केवल सरकारी धन की बर्बादी हो रही है, बल्कि आम जनता को भी परेशानी हो रही है। श्री लोधी ने चेतावनी दी कि यदि ओवरब्रिज निर्माण की समस्या का समाधान नहीं किया जाता है, तो संगठन उग्र आंदोलन सहित हर संभव विरोध प्रदर्शन करेगा।

## 60 हजार लेने के बाद भी लेखपाल ने नहीं दिलाया कब्जा, पुलिस को तहरीर देकर रूपए वापस कराने की मांग

**पुवायां-शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में कोई ही दिन शेष जाए, नही तो कोई न कोई सरकारी कर्मचारी रिश्वत लेते रंगेहाथ विजिलेंस के हाथ जड़ ही जाता हैं, शाहजहांपुर में भी एक मत्स्य इंस्पेक्टर रिश्वत लेते पकड़ा जा चुका हैं। इसके अलावा दर्जनों सरकारी कर्मचारी पकड़े जा चुके हैं, ऐसे में यदि कोई व्यक्ति किसी लेखपाल पर 60 हजार रूपए रिश्वत लेने का आरोप लगाता है तो प्रशासन को गंभीरता से जांच कराकर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए, जिससे सरकारी कर्मचारियों के प्रति जनता का भरोसा बना रहे। बता कुछ यूं है कि गांव नगरा ज.हरना निवासी रोशनलाल पुत्र प्रभुदयाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव उमरसंडा में गाटा संख्या 286 में सह खातेदार रूप में दर्ज है। लेकिन उसे कब्जा नही मिल पा रहा है। उसने मामले की शिकायत प्रशासनिक अधिकारी से की, तो कब्जा दिलवाने के लिए लेखपाल ने करीब 60 हजार रुपये की मांग की। जमीन की कीमत 60 हजार रूपए से बहुत ज्यादा होने के साथ ही रोजाना चक्कर काटने और नुकसान को देखते हुए किसान ने लेखपाल को बीस-बीस हजार रुपए करके तीन बार मे दे दिए। लेकिन अभी तक जमीन कब्जा मुक्त नही हो सकी। जब लेखपाल से किसान ने फोन पर बात की तो, लेखपाल का 60 हजार रूपए में पेट नही भरा और उसने बीस हजार रुपए भेजने की बात कही। जब पीड़ित ने पैसे देने से मना किया तो लेखपाल ने कहा कि अब तुम्हे कब्जा नही मिल पायेगा। जिसके बाद किसान काफी परेशान हुआ और उसने पुलिस का दरवाजा खटखटाया। जिसके बाद रोशन लाल ने कोतवाली में आकर लेखपाल के खिलाफ तहरीर दी। साथ ही रुपए वापस कराने की मांग की।

# बगैर निर्वाचन प्रक्रिया से चलने वाले संगठन अवैधानिक: ऋषिकान्त पाण्डेय

**प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक स्तरीय निर्वाचन में नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (संबद्ध- अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ) जनपद शाहजहाँपुर के पहले से घोषित कार्यक्रम अनुसार शाहजहाँपुर के गुलाब मैरिज हॉल लोधीपुर में ब्लॉक स्तरीय निर्वाचन की नामांकन प्रक्रिया शुरू की गयी। जनपद के सभी 15 ब्लॉक में से 5 ब्लॉक से अध्यक्ष, मंत्री और कोषाध्यक्ष पद पर संगठन की नियमावली अनुसार नामांकन प्रक्रिया सुबह 11 बजे शुरू की गयी, जिसमे 11 बजे से 11:30 बजे तक नामांकन पत्रों का वितरण, दोपहर 01:30 बजे तक नामांकन पत्र भरकर जमा होना, 2 बजे तक नामांकन पत्रों की जाँच,उसके बाद ढाई बजे तक बापसी का समय निर्धारित किया गया था। आज की नामांकन



प्रक्रिया में ब्लॉक तिलहर से अध्यक्ष पद पर अरविन्द वर्मा, मंत्री पद पर मनोज मलिक, कोषाध्यक्ष पद पर अभिषेक गंगवार ने नामांकन पत्र जमा किया, जबकि ब्लॉक खुटार से अध्यक्ष पद पर सचिन मिश्रा, मंत्री पद पर संतोष कुमार, कोषाध्यक्ष पद पर मोहम्मद इमरान का नामांकन दाखिल हुआ। वही ददरौल ब्लॉक में अध्यक्ष पद पर नवनीत तिवारी और कोषाध्यक्ष पद पर अंकित रस्तोगी ने अपना नामांकन जमा किया और ब्लॉक जलालाबाद से जितेंद्र कुमार सिंह ने अध्यक्ष पद का और संतोष कुमार ने मंत्री पद का अपना नामांकन दाखिल किया। इसके साथ ही ब्लॉक कांट से दशरथ नंदन अवस्थी द्वारा अध्यक्ष पद पर अपना नामांकन जमा किया गया। ब्लॉक स्तरीय चुनाव के निर्वाचन अधिकारी व जिलाध्यक्ष ऋषिकान्त पाण्डेय ने बताया कि नियमानुसार जिन पदों पर एकल आवेदन वैध पाये जायेगे उन्हें कल निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर प्रमाण पत्र दिया जायेगा। इसके अलावा जो ब्लॉक आज निर्वाचन कार्यवाही से वंचित रह गए है उन ब्लॉकों में निर्वाचन प्रक्रिया अब शीत अवकाश के बाद 20 जनवरी से नयी तिथि निर्धारित कर सम्पन्न करायी जायेगी। आज के निर्वाचन में चुनाव प्रभारी रत्नाकर दीक्षित, चुनाव पर्यवेक्षक विक्रांत मिश्रा और अरविन्द शुक्ला नामित किये गए थे जिनके द्वारा आज के चुनाव की पूरी कार्यवाही संचालित करायी गयी, निर्वाचन सहयोग में सचिन मिश्रा शशांक शेखर, पल्लवी गुप्ता भी उपस्थित रहे। आज के चुनाव कार्यक्रम में धीरज रस्तोगी, राजेश पाण्डेय, नरेंद्र जायसवाल, मुकेश कुमार, संजीव दीक्षित, व्यास, अनीस अहमद, उज्जवल प्रताप सिंह, वैभव मिश्रा, शहाना वेगम, गरुण कुमार, सर्वेश पाल, प्रीति भारती, वृजेश मिश्रा, मानसी सक्सेना, शुभम, अजय प्रताप, राजवीर यादव आदि सैकड़ो शिक्षक उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में घायल चीनी मिल ड्राइवर का पैर काटना पड़ा

**घायल की पत्नी ने अज्ञात रोडवेज बस चालक के खिलाफ कराई रिपोर्ट दर्ज**

**तिलहर-शाहजहांपुर।** चीनी मिल के ड्राईवर का दुर्घटना में गंभीर घायल होने पर घुटने से ऊपर पैर काट दिए जाने के मामले में घायल की पत्नी ने बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सीतापुर जनपद के रेउसा थाना क्षेत्र के गांव बगरहा निवासी सुम्मी ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसके पति छोटे लाल उर्फ करन तिलहर चीनीमिल में ड्राइवर के पद कार्यरत थे। बीती 21 नवंबर को दोपहर वह बाइक से खाना खाने के लिए ढाबे पर जा रहे थे। तभी हाइवे पर आयुषी नर्सिंग होम के समीप अपरान्ह करीब ढाई बजे एक अज्ञात रोडवेज बस चालक ने तेजी व लापरवाही से बस चलाकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी। जिससे दुर्घटना मे उसके पति का दाहिना पैर गंभीर रूप से जख्मी हो गया था और शरीर मे अन्य गंभीर चोटे आयी। घायल को इलाज हेतु सीएचसी ले जाया गया। हालत में सुधार न होने के कारण न्यू सार्थक हॉस्पिटल मे भर्ती कराया गया। जहाँ 30 नवंबर को इलाज के दौरान घायल छोटेलाल का दाहिना पैर घुटने के ऊपर से काट दिया गया और इलाज अभी भी जारी है। कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। बस का पता लगाया जा रहा है।

## हिमालयी संस्कृति से सम्मोहित योगनियां

आज की उपभोक्ता संस्कृति के चरम पर शायद ही कोई भारतीय सैर–सपाटे और भौतिक सुख के लिये विदेश जाने की हसरत न रखता हो। वह बात अलग है कि उसकी जेब इजाजत दे या नहीं। ऐसे दौर में विडंबना देखिए कि जब लाखों भारतीयों के लिये पश्चिमी भोग संस्कृति के सम्मोहन और मौज–मस्ती के लिये विदेश जाना जुनून बना हुआ है, सैकड़ों विदेशी शांति–सुकून व आध्यात्मिक ज्ञान के लिये भारत का रुख कर रहे हैं। जिन पश्चिमी जीवन मूल्यों को आज भारतीय सुख के मानक मानकर अपनाने की होड़ में शामिल हैं, उससे उपजे मनोकायिक रोगों से मुक्ति के लिये विदेशी योगी–योगनियां हिमालय की शरण में आ रहे हैं। वे विदेशी अपने जीवन में कामयाब हैं। उनके पास संसाधनों व पैसे की कमी नहीं है। दरअसल, ये अमीर व विकसित देशों के लोग मशीनी होती जिंदगी की ऊब से मुक्त होने के लिये भारत आते हैं। उत्तराखंड की योग नगरी ऋषिकेश तथा अन्य हिमालयी राज्यों के रमणीक स्थल इन विदेशियों की प्राथमिकता बने हुए हैं। उत्तराखंड की विश्व स्तर पर चर्चित योग नगरी ऋषिकेश में पूरे साल विदेशी योगियों व आध्यात्मिक शांति के चाहने वालों का तांता लगा रहता है। यहां योग का बाजार भी खूब फल–फूल रहा है। साल भर योग से जुड़े तमाम आयोजन होते रहते हैं। लेकिन पिछले दिनों ऋषिकेष से कोई चालीस किलोमीटर की दूरी पर टिहरी गढ़वाल के अंतर्गत आने वाले सिंगथाली गांव के निकट बड़ी संख्यों में विदेशी योगनियों का हुजूम लगा नजर आया। जो स्थानीय लोगों के कौतूहल का विषय बना रहा। भारतीय परिधान और हिमालय की शक्तियों को जानने की उनकी तीव्र उत्कंठा मुखरित हो रही थी। कभी देवप्रयाग के संगम में श्रद्धानत होकर डुबकी लगाते, कभी ऋषिकेश तो कभी हरिद्वार के गंगा तटों पर सूर्य साधना करते नजर आते। दरअसल, 'अवेकन टू द जर्नी ऑफसेल्फ-डिस्कवरी ' मुहिम में भाग लेने दुनिया के तीस देशों के करीब डेढ़ सौ साधक उत्तराखंड आए हुए थे। इन योग साधकों में ब्रिटेन, इटली, साइप्रस,अमेरिका, सिंगापुर, ताइवान, हांगकांग, चीन , मलेशिया, यूएई, वियतनाम, मॉरीशस, त्रिनिदाद और एशिया व यूरोप के कई देशों की योगनियां शामिल थीं। पेशेवर हिसाब से देखें तो इन साधकों की विविधता समृद्ध थी। इनमे, डॉक्टर, वैज्ञानिक, शिक्षाविद , हीलर्स, आध्यात्मिक अभ्यासकर्ता, उद्यमी और विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट पहचान रखने वाले साधक शामिल थे। वे सभी एक ही उद्देश्य से जुटे थे, हिमालयीय आध्यात्मिक ज्ञान को साक्षात अनुभव करना। गंगा के विस्तृत तटों पर विदेशी साधकों का सूर्य को अर्घ्य देने अनवरत अभ्यास हर किसी को चौंकाता है। वे विभिन्न धर्मों, देशों व संस्कृति के लोग सूर्य आराधना के मंत्र उच्चारित करते नजर आते तो स्थानीय लोग हैरत में होते। उस दिन सिंगथाली गांव के ठीक नीचे पुण्य सलिला गंगा की लहरों का अंतर्मन को भिगोने वाला संगीत साधकों को सम्मोहित कर रहा था। जैसे ही सूर्य की रश्मियां टिहरी गढ़वाल की इस तलहटी में नवजीवन का संचार करने लगीं, ये तमाम विदेशी योगी–योगनियां अपने तांबे, चांदी व मिश्रित धातुओं के पात्रों से सूर्य को अर्घ्य देने लगते हैं। ये क्रम निरंतर कई घटों तक चलता रहा। दरअसल, ये विभिन्न देशों, संस्कृतियों व धर्मों के साधक जल साधना के जरिये ध्यान की एकाग्रता का लक्ष्य हासिल कर रहे थे। पूंजीवादी के चरम वाले अमेरिका, साम्यवादी चीन, लोकतांत्रिक ताइवान, कठमुल्ला संस्कृति के वाहक ईरान व साइप्रस के विभिन्न धर्मी लोगों को सूर्य को अर्घ्य देते और सूर्य आराधना मंत्र का उच्चारण करते देखना रोमांचित करता है।

# बदलती दुनिया में भारत-रूस की अटल साझेदारी

**योगेश कुमार गोयल**

विश्व राजनीति की जटिलताओं और शक्ति-संतुलन के नए उभार के बीच कुछ संबंध ऐसे होते हैं, जो समय के साथ अपनी प्रासंगिकता को विस्तार देते हुए नई दिशाएं निर्धारित करते हैं। भारत और रूस का रिश्ता ऐसे ही संबंध का उदाहरण है, जो युद्धों, तकनीकी क्रांतियों, आर्थिक परिवर्तन और वैश्विक संरेखणों के अनेक चक्रों से गुजरते हुए भी ध्रुव तारे की तरह स्थिर बना रहा है। यह स्थिरता वैश्विक परिदृश्य में भारत की रणनीतिक स्वायत्तता, रूसी विश्वास और दोनों देशों के साझा हितों का परिणाम है। नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में 5 दिसंबर को आयोजित 23वें वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन ने इस ऐतिहासिक स्थिरता को पुनर्पुष्ट करते हुए भविष्य की दिशा स्पष्ट कर दी। यह रिश्ता अब अतीत का बोझ नहीं, भविष्य की वैश्विक व्यवस्था के निर्माण में सक्रिय और आवश्यक घटक है।

जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत-रूस संबंधों को 'ध्रुव तारे की तरह स्थिर' कहा तो वह केवल कूटनीतिक प्रशंसा वाक्य नहीं था। ध्रुव तारा दिशा दिखाने वाला स्थायी प्रकाश-स्रोत है और भारत-रूस संबंध भी आज वैश्विक दक्षिण की आकांक्षाओं, ऊर्जा-भू-राजनीति, उभरती तकनीकों, व्यापारिक विविधीकरण और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की दिशा तय करते प्रतीत होते हैं। इस शिखर वार्ता ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत और रूस के बीच संबंध राष्ट्रीय हित, परस्पर सम्मान और साझा दृष्टिकोण की दृढ़ बुनियाद पर टिके हैं। ऐसे समय में जब वैश्विक राजनीति अमेरिका-चीन प्रतिद्वंद्विता, यूरोपीय सुरक्षा संकट, पश्चिमी प्रतिबंधों, नाटो विस्तार और यूक्रेन युद्ध के दबावों से आकंठ भरी हुई है, भारत और रूस का संबंध संतुलन, स्वायत्तता और दीर्घकालिक नीति-दृष्टि का मॉडल बनकर उभर रहा है। दोनों देशों ने 'भारत-रूस आर्थिक सहयोग कार्यक्रम 2030' नामक नए रोडमैप को मूर्त रूप दिया, जो व्यापार, ऊर्जा, उर्वरक, तकनीकी नवाचार, समुद्री अवसंरचना, श्रम गतिशीलता और रणनीतिक उद्योगों में साझेदारी को एक व्यापक और भविष्यनिष्ठ आधार प्रदान करता है। यह समझौता दो देशों के व्यापारिक हितों का विस्तार नहीं बल्कि मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में डॉलर वर्चस्व को चुनौती देने वाली और बहुध्रुवीय आर्थिक संरचना को स्थापित करने वाली साहसिक पहल भी है। भारत और रूस के बीच व्यापारिक संबंधों की प्रकृति अब मूल्य, तकनीक और रणनीतिक नियंत्रण पर आधारित होती जा रही है। साल 2024 में दोनों देशों का व्यापार 64 अरब डॉलर तक पहुंच चुका था और अब 2030 तक इसे 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। यह लक्ष्य उस नई आर्थिक संरचना की घोषणा है, जिसके तहत दोनों देशों के बीच 96 प्रतिशत भुगतान रुपये और रूबल में होने लगा है। इस तथ्य का अर्थ वैश्विक आर्थिक विमर्श में अत्यधिक दूरगामी है, जो न केवल डॉलर की निर्भरता को चुनौती देता है बल्कि वैश्विक व्यापार को एक ऐसी राह पर ले जाता है, जहां मुद्रा-स्वायत्तता, आर्थिक आत्मनिर्भरता और बहु-मुद्रा व्यापार व्यवस्था भविष्य का आधार बन सकती है।



**शिखर सम्मेलन में कृषि-उद्योग क्षेत्र में उर्वरक उत्पादन पर सहमति आने से भारत की खाद्य और कृषि सुरक्षा रणनीति को ऐतिहासिक मजबूती मिली है। आज जहां दुनिया संसाधन-संकट, कृषि लागत, उत्पादन सीमाएं और उर्वरक आपूर्ति से संबंधित अनिश्चितताओं का सामना कर रही है, वहीं भारत और रूस का संयुक्त यूरिया उत्पादन कार्यक्रम भारत को केवल खरीदार देश नहीं, वैश्विक कृषि-आपूर्ति श्रृंखला में सक्रिय उत्पादक राष्ट्र के रूप में स्थापित करेगा। यह भारत की आत्मनिर्भर कृषि नीति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और खाद्य सुरक्षा के दीर्घकालिक ढ़ांचे को सुदृढ़ करेगा। फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में रूस में भारतीय तकनीक से फार्मा फैक्टरी की स्थापना स्वास्थ्य-क्षेत्र में भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का संकेत है। भारत आज दुनिया के लिए 'फार्मेसी ऑफ द ग्लोब' बन चुका है। कोविड काल में दुनिया ने यह देखा कि दवा निर्माण केवल उद्योग नहीं बल्कि सामरिक शक्ति भी है।**

शिखर सम्मेलन में कृषि-उद्योग क्षेत्र में उर्वरक उत्पादन पर सहमति आने से भारत की खाद्य और कृषि सुरक्षा रणनीति को ऐतिहासिक मजबूती मिली है। आज जहां दुनिया संसाधन-संकट, कृषि लागत, उत्पादन सीमाएं और उर्वरक आपूर्ति से संबंधित अनिश्चितताओं का सामना कर रही है, वहीं भारत और रूस का संयुक्त यूरिया उत्पादन कार्यक्रम भारत को केवल खरीदार देश नहीं, वैश्विक कृषि-आपूर्ति श्रृंखला में सक्रिय उत्पादक राष्ट्र के रूप में स्थापित करेगा। यह भारत की आत्मनिर्भर कृषि नीति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और खाद्य सुरक्षा के दीर्घकालिक ढ़ांचे को सुदृढ़ करेगा।

फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में रूस में भारतीय तकनीक से फार्मा फैक्टरी की स्थापना स्वास्थ्य-क्षेत्र में भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का संकेत है। भारत आज दुनिया के लिए 'फार्मेसी ऑफ द ग्लोब' बन चुका है। कोविड काल में दुनिया ने यह देखा कि दवा निर्माण केवल उद्योग नहीं बल्कि सामरिक शक्ति भी है। रूस में दवा निर्माण भारत को न केवल बाजार देगा बल्कि ऐसे समय में तकनीकी और कच्चे माल की आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा बनाएगा, जब पश्चिमी दवाइयों की आपूर्ति-राजनीति वैश्विक स्वास्थ्य प्रणाली पर नियंत्रण का उपकरण बन चुकी है। भारत-रूस संबंधों का सबसे ठोस और दीर्घकालिक आयाम ऊर्जा क्षेत्र है। रूस भारत का सबसे बड़ा ऊर्जा-आपूर्तिकर्ता बन चुका है और उसने विश्व के ऊर्जा-संकट के मध्य भारत को अबाध आपूर्ति देकर यह साबित किया कि यह संबंध परिस्थितियों से संचालित नहीं बल्कि विश्वास पर आधारित है। सम्मेलन में परमाणु ऊर्जा पर हुई चर्चा और कुडनकुलम प्लांट के विस्तार की पुनर्पुष्टि भारत की स्वच्छ और विश्वसनीय ऊर्जा रणनीति को एक नई दिशा देती है।

रूस द्वारा छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर उपलब्ध कराने का प्रस्ताव उस परिवर्तन की पूर्वपीठिका है, जहां भारत विकेन्द्रीकृत ऊर्जा प्रणालियों के माध्यम से हर क्षेत्र को स्वच्छ ऊर्जा से जोड़ सकेगा। यह भारत के नेट-जीरो संकल्प की व्यवहारिक यात्रा का महत्वपूर्ण चरण है। क्रिटिकल मिनरल्स का मुद्दा आने वाली औद्योगिक क्रांति की रीढ़ है। एआई, इलेक्ट्रिक वाहन, एयरोस्पेस, बैटरी निर्माण और रोबोटिक्स, इन सभी उद्योगों का अस्तित्व लिथियम, निकेल, कोबाल्ट और रेयर-अर्थ मेटल्स पर निर्भर है।

पश्चिमी देशों ने इन खनिजों पर एकाधिकारवादी नियंत्रण बनाने का प्रयास किया जबकि भारत-रूस इस समीकरण को बदल रहे हैं। रूस के पास विशाल खनिज संसाधन हैं और भारत के पास विकासशील तकनीक, अनुसंधान क्षमता और उत्पादन की औद्योगिक शक्ति। दोनों का मिलन वैश्विक तकनीकी प्रतिस्पर्धा को नया आयाम प्रदान करेगा। भारत द्वारा रूसी नागरिकों के लिए 30 दिन तक मुफ्त ई-टूरिस्ट वीजा की घोषणा कूटनीति को लोगों की चेतना में स्थापित करती है।

## विचार

# डॉ. आम्बेडकर और आर्य आक्रमण का झूठ

**हृदयनारायण दीक्षित**

**डॉ. बी.आर. आम्बेडकर वास्तव में भारत रत्न हैं। प्रख्यात् मनीषी, संविधान सर्जक व श्रद्धेय राष्ट्रनिर्माता। वे अद्वितीय थे, प्रेरक थे और अजर–अमर थे। उन्होंने भारतीय सार्वजनिक जीवन में हस्तक्षेप किया। उनके विचार आधुनिक राजनीति को भी लगातार प्रभावित कर रहे हैं।**



**राजनीति ने 'जाति और शूद्र' को भारतीय इतिहास का प्राचीन तत्व बनाया है। ब्रिटिश विद्वान व जातिवादी राजनीति का आर्यों को विदेशी हमलावर और शूद्रों को पराजित नस्ल बताता रहा है। डॉ. आम्बेडकर ने लिखा, यह धारणा गलत है कि आर्य आक्रमणकारियों ने शूद्रों को जीता। पहली बात तो यह कि आर्य भारत में बाहर से आए थे और उन्होंने यहां के मूल निवासियों पर आक्रमण किया, इस कहानी के समर्थन के लिए कोई भी प्रमाण नहीं है। भारत ही आर्यों का मूल निवास स्थान था, यह सिद्ध करने के लिए प्रमाण-सामग्री काफी बड़े परिमाण में है। आर्यों और दस्युओं में युद्ध हुआ, यह साबित करने के लिए कोई प्रमाण नहीं है। फिर दस्युओं का शूद्रों से कुछ लेना-देना नहीं है।**

सम्प्रति राष्ट्र डॉ. आम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस मना रहा है। उनके विचार और दर्शन पर तमाम आयोजन हो रहे हैं। डॉ. बी.आर. आम्बेडकर वास्तव में भारत रत्न हैं। प्रख्यात् मनीषी, संविधान सर्जक व श्रद्धेय राष्ट्रनिर्माता। वे अद्वितीय थे, प्रेरक थे और अजर-अमर थे। उन्होंने भारतीय सार्वजनिक जीवन में हस्तक्षेप किया। उनके विचार आधुनिक राजनीति को भी लगातार प्रभावित कर रहे हैं। वे अपने जीवनकाल से ज्यादा आधुनिक काल में भी प्रभावी हैं।

वर्तमान जैसे विद्यमान श्रीमान है। प्रखर राष्ट्रवादी हैं। डॉ. आम्बेडकर अपने समकालीन विद्वानों, राजनेताओं के मध्य श्रेष्ठ बुद्धिजीवी थे। राष्ट्रनिष्ठ और बहुपठित थे। वे भारतीय समाज संरचना के तर्कनिष्ठ आलोचक थे। उन्होंने ऋग्वेद सहित सम्पूर्ण प्राचीन भारतीय वाङ्.मय पड़ा। उपनिषद पुराण और स्मृति ग्रन्थ भी उनके प्रिय विषय रहे। उन्होंने प्राचीन इतिहास का गहन अध्ययन किया। शूद्रों को अलग नस्ल बताने वाली नेतागीरी का प्रतिकार किया। मार्क्सवाद पड़ा और भारतीय परिस्थितियों खासतौर से दलितों के लिए अनुपयोगी बताया। उन्होंने बहुचर्चित 'आर्य आक्रमण के सिद्धांत' का प्रतिकार किया। भारतीय इतिहास बोध के प्रेमी उनके ऋणी रहेंगे। राजनीति ने 'जाति और शूद्र' को भारतीय इतिहास का प्राचीन तत्व बनाया है। ब्रिटिश विद्वान व जातिवादी राजनीति का आर्यों को विदेशी हमलावर और शूद्रों को पराजित नस्ल बताता रहा है। डॉ. आम्बेडकर ने लिखा, यह धारणा गलत है कि आर्य आक्रमणकारियों ने शूद्रों को जीता। पहली बात तो यह कि आर्य भारत में बाहर से आए थे और उन्होंने यहां के मूल निवासियों पर आक्रमण किया, इस कहानी के समर्थन के लिए कोई भी प्रमाण नहीं है। भारत ही आर्यों का मूल निवास स्थान था, यह सिद्ध करने के लिए प्रमाण-सामग्री काफी बड़े परिमाण में है। आर्यों और दस्युओं में युद्ध हुआ, यह साबित करने के लिए कोई प्रमाण नहीं है। फिर दस्युओं का शूद्रों से कुछ लेना-देना नहीं है।÷ (डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर राइटिंग्स एण्ड स्पीचेज खण्ड 7 पृष्ठ 420) आर्यों को विदेशी मानने का झूठ अभी भी जारी है। डॉ. आम्बेडकर की पुस्तक हू वेयर शूद्राज (शूद्र कौन थे?) (1946) पठनीय है। उन्होंने एक विद्वान अधिवक्ता की तरह पहले पाश्चात्य विद्वानों के विचार दिये हैं। उन स्थापनाओं को तर्क सहित गलत बताया है। उन्होंने ऐसे विद्वानों की 7 मुख्य स्थापनाएं बनाई - 1. जिन लोगों ने वैदिक साहित्य रचा था, वे आर्य नस्ल के थे। 2. आर्य नस्ल बाहर से आई थी और उसने भारत पर आक्रमण किया था। 3. भारत के निवासी दास और दस्यु रूप में जाने जाते थे और ये आर्यो से नस्ल के विचार से भिन्न थे। 4. आर्य श्वेत नस्ल के थे, दास और दस्यु काली नस्ल के थे। 5. आर्यो ने दासों और दस्युओं पर विजय प्राप्त की। 6. दस और दस्यु विजित होने के बाद दास बना लिए गए और शूद्र कहलाए। 7. आर्यो में रंगभेद की भावना थी। इसलिए उन्होंने चातुर्वर्णय का निर्माण किया। इसके द्वारा उन्होंने श्वेत नस्ल को काली नस्ल से, यथा दासों और दस्युओं से अलग किया। (वही, खण्ड 7, पृष्ठ 65) इसके बाद सातों विचार बिन्दुओं की सभी स्थापनाओं को गलत बताया। ऋग्वेद के उद्धरण दिये और लिखा इन (शब्दो) के प्रयोग देखने से निष्कर्ष यह निकलता है कि ये शब्द नस्ल के अर्थ में कहीं भी प्रयुक्त नहीं हुए।÷ (वही पृष्ठ 70) वे आर्यो को विदेशी बताने का तर्क काटते हैं ÷जहाँ तक वैदिक साहित्य का सम्बंध है, वह इस सिद्धांत के प्रतिकूल है कि आर्यो का मूल निवास भारत से कहीं बाहर था। (वही) आर्य विदेशी होते तो भारतीय नदियों को माता कहकर प्रणाम न करते। आर्य हम सबके पूर्वज थे। डॉ. आम्बेडकर ने रंग (वर्ण) भेद के आधार पर आर्यो और शूद्रों को अलग बताने वाली स्थापना को भी गलत बताया। उन्होंने ऋग्वेद के तमाम उद्धरण दिये और लिखा, ÷आर्य गौर वर्ण के थे और श्याम वर्ण के भी थे। अश्विनी देवों ने श्याव और रूक्षती का विवाह करवाया। श्याव श्याम वर्ण है, रूक्षती गौर वर्ण है। डॉ. अम्बेडकर की स्थापना है इन उद्धरणों से ज्ञात होता है कि वैदिक आर्यो में रंगभेद की भावना नहीं थी। ऋग्वेद के एक ऋषि दीर्घ तमस् हैं, वे श्याम वर्ण के और कण्व भी श्याम वर्ण के थे।

## जब शिक्षा अभिभावक के लिए आर्थिक बोझ बन जाए, तब गहन विचार जरूरी

**युगल किशोर शर्मा**

भारत का मध्यम वर्ग हमेशा से अनकहा विश्वास अपने दिल में सँजोए रखता है कि शिक्षा ही उसके बच्चों का भविष्य बदल सकती है। इस वर्ग की पहचान ही इसी उम्मीद से होती रही है कि भले ही आय सीमित हो और खर्च अधिक, किंतु बच्चों की शिक्षा पर कोई समझौता नहीं होगा। पर साल 2025 में सामने आए आंकड़े बता रहे हैं कि जिस शिक्षा को मध्यम वर्ग अब तक अपने सपनों की सबसे सुरक्षित सीढ़ी समझता आया है, वही सीढ़ी इतनी महंगी हो चुकी है कि लाखों परिवार उसके पहले पायदान पर पैर रखने से पूर्व ही हाँफने लगे हैं।

हाल ही में एक चार्टर्ड अकाउंटेंट की लिंक्डइन पोस्ट ने इस चिंता को और तेज कर दिया है। पोस्ट में बताया गया कि एक सामान्य, साधारण निजी स्कूल (किसी प्रीमियम इंटरनेशनल संस्था की बात नहीं) में पहली से बारहवीं तक पढ़ाई कराने में कुल खर्च 20 से 22 लाख रुपए तक पहुँच रहा है। यह राशि सिर्फ फीस नहीं है; इसमें किताबें, यूनिफॉर्म, ट्रांसपोर्ट, स्मार्ट-क्लास, ट्यूशन, गैजेट और आजकल हर घर में अनिवार्य बन चुकी ऑनलाइन शिक्षण सामग्री भी शामिल है। दूसरी ओर बात यदि प्रीमियम स्कूलों में किए जानेवाले खर्च की हो तो यह राशि 35 से 40 लाख तक पहुँच रही है। चर्टर्ड अकाउंटेंट और टीचर मीनल गोयल की इस लिंक्डइन पोस्ट के अनुसार प्राइमरी स्कूल (कक्षा 1-5) से 5.75 लाख रुपए, मिडिल स्कूल (कक्षा 6-8) से 5.9 लाख रुपए तथा हाई स्कूल (कक्षा 9-12) तक में 9.2 लाख रुपए, इस तरह से कुल खर्च~ 20 से 22 लाख रुपए तक हो जाता है। यह एक ऐसा ग्राफ है जो हर साल ऊपर चढ़ रहा है और उस पर मध्यम वर्ग की कमाई का ग्राफ कहीं नीचे ठहर गया है। ऐसे में स्वाभाविक है कि चिंताएँ बढ़ेंगी। इन चिंताओं को राष्ट्रीय सैंपल सर्वे ऑफिस (एनएसएसओ) की साल 2024 की रिपोर्ट और भी वैधता देती है। रिपोर्ट कहती है कि पिछले दस वर्षों में शहरी निजी स्कूलों की फीस में 169 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह वृद्धि सामान्य महंगाई दर से तो ऊपर है ही औसत वेतन वृद्धि को भी कई गुना पीछे छोड़ देती है। जब आय बढ़ने की रफ्तार 5 से 7 प्रतिशत हो और स्कूल फीस बढ़ने की रफ्तार 15 से 25 प्रतिशत तक पहुँच जाए तब इसका सीधा अर्थ है कि मध्यम वर्ग की आर्थिक नींव लगातार कमजोर होती जाएगी, जिसका कारण कहीं न कहीं अभिभावक का अपने बच?चों की पढ़ाई पर उठाया जा रहा व?यय है। दिल्ली, बेंगलुरु, पुणे और हैदराबाद में स्थिति और भी गंभीर है। कई अभिभावक बताते हैं कि स्कूल हर साल 10 प्रतिशत से अधिक फीस बढ़ा रहे हैं, जबकि कई स्कूलों ने 25 से 30 प्रतिशत तक वृद्धि कर दी है। दिल्ली सरकार ने निजी स्कूल फीस को नियंत्रित करने के लिए कई नियम बनाए, किंतु विद्यालयों ने उससे बचने के नए रास्ते निकाल लिए डेवलपमेंट फीस, इंफ्रास्ट्रक्चर फीस, एक्टिविटी फीस, टेक्नोलॉजी फीस, स्मार्ट-क्लास चार्ज और न जाने कितने नए नाम से धनराशि वसूली जा रही है। अभिभावक कहते हैं कि फीस कम हो भी जाए तो स्कूल अन्य शुल्क बढ़ा देता है, जिससे कुल राशि पहले से अधिक ही हो जाती है। कई बार तो ऐसा लगता है कि स्कूल बच्चों को पढ़ाने से ज्यादा सुविधाओं के नाम पर आय बढ़ाने में रुचि रखते हैं, जिन सुविधाओं का वास्तविक लाभ बच्चों तक पहुँच भी नहीं पाता। सबसे चिंताजनक स्थिति उन परिवारों की है जिन्हें कभी कल्पना भी नहीं थी कि उन्हें बच्चों की स्कूलिंग के लिए कर्ज लेना पड़ेगा, लेकिन आज यह वास्तविकता बन चुकी है। कई अभिभावक अपनी आय का 30 से 40 प्रतिशत सिर्फ स्कूल की फीस चुकाने में खर्च कर देते हैं। बाकी पैसा घर का किराया, मेडिकल खर्च और जरूरी चीजों में समेटना पड़ता है। कुछ परिवार अपनी जीवनशैली में बड़ी कटौतियाँ करने को मजबूर हो गए हैं; मनोरंजन, यात्राएँ, बचत, सबकुछ शिक्षा के नाम पर स्थगित कर दिया गया है। यहाँ तक कि ऐसे भी परिवार मिल रहे हैं जो बच्चों को स्कूल न भेजने या अपेक्षाकृत सस्ते विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। शिक्षा का महत्व उनके लिए कम नहीं हुआ लेकिन उसकी लागत अब उनकी ताकत से बाहर निकलने लगी है।



## राशिफल

**मेष:-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**वृषभ:-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुन:-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

कर्क:- भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें।

सिंह:- पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें।

**कन्या:-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा।

तुला:- समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

वृश्चिक:- स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनु:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे।

**मकर:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**कुंभ:-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीन:-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तिुष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

# मध्य प्रदेश में औद्योगिक उछाल और नई आर्थिक दृष्टि

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

**यह मध्य प्रदेश के औद्योगिक इतिहास की सबसे बड़ी परियोजनाओं में से एक है। वहीं, पूरे देश के पेट्रोकेमिकल सेक्टर में भी महत्वपूर्ण ठहरती है। इस परियोजना से रोजगार के हजारों अवसर निर्मित होंगे, साथ ही प्रदेश को औद्योगिक मानचित्र पर एक नए केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी यह बड़ा कदम है। यह परियोजना संकेत देती है कि सरकार छोटे निवेशों के साथ ही उच्च-स्तरीय औद्योगीकरण को लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ रही है। इन दो वर्षों में सरकार ने नीति निर्माण को भी एक सतत प्रक्रिया की तरह व्यवस्थित किया। वर्ष 2025 में औद्योगिक संवर्धन नीति का नया संस्करण लागू किया गया, जिसने निवेशकों को अनेक सुविधाएं दीं, उन्हें यह भरोसा दिलाया कि मप्र अब प्रतिस्पर्धी राज्यों की कतार में मजबूती से खड़ा है। टेक्सटाइल, फार्मा, बायोटेक, ईवी, रक्षा उद्योग जैसे आधुनिक क्षेत्रों को प्रोत्साहन देने वाली नीतियाँ इसी सोच का परिणाम है।**

13 दिसंबर 2023 को जब डॉ. मोहन यादव ने मध्य प्रदेश के 19वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली, तब प्रदेश एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा था। जनता अरसे से ऐसी नेतृत्व शक्ति की प्रतीक्षा में थी जो विकास को स्थायी नीति और जमीन पर दिखने वाले परिवर्तन के रूप में स्थापित करे। भाजपा ने उस समय जो निर्णय लिया, वह आज दो वर्षों बाद अधिक सार्थक प्रतीत होता है। मुख्यमंत्री के तौर पर डॉ. यादव ने यह प्रमाणित किया है कि मजबूत इच्छाशक्ति, निर्णायक प्रशासन और विकास के प्रति सच्ची प्रतिबद्धता हो तब परिवर्तन अनिवार्य रूप से संभव हो जाता है। लोककल्याणकारी राज्य की जो परिकल्पना भारतीय राजनीति का मार्गदर्शक रही है, उसे वास्तविक अर्थों में मूर्त रूप देने की दिशा में इन दो वर्षों में मध्य प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।

डॉ. मोहन यादव ने सत्ता संभालते ही प्रदेश में निवेश और औद्योगिक विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। यह स्पष्ट है कि वे आर्थिक स्फूर्ति को राज?य की नई पहचान बनाना चाहते हैं। सरकार के शुरुआती दिनों में ही जिस तेजी से कदम उठाए गए, उसने निवेशकों और उद्योग जगत में नया विश्वास पैदा किया। सत्ता संभालने के मात्र छह महीनों के भीतर केन-बेतवा नदी जोड़ परियोजना के लिए त्रिपक्षीय समझौता सम्पन्न करना यह साबित करता है कि सरकार इरादे में भी स्पष्ट थी और कार्यशैली में भी। यह परियोजना आने वाले वर्षों में बुंदेलखंड जैसे अति पिछड़े और सूखा प्रभावित क्षेत्र की आर्थिक तस्वीर बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विकास के नए मॉडल का सबसे बड़ा संकेत वह ऐतिहासिक फैसला है, जिसके तहत सेहोर जिले की आष्टा तहसील में लगभग 60,000 करोड़ रुपये की एथेन क्रैकर परियोजना को मंजूरी दी गई। यह मध्य प्रदेश के औद्योगिक इतिहास की सबसे बड़ी परियोजनाओं में से एक है। वहीं, पूरे देश के पेट्रोकेमिकल सेक्टर में भी महत्वपूर्ण ठहरती है। इस परियोजना से रोजगार के हजारों अवसर निर्मित होंगे, साथ ही प्रदेश को औद्योगिक मानचित्र पर एक नए केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में भी यह बड़ा कदम है। यह परियोजना संकेत देती है कि सरकार छोटे निवेशों के साथ ही उच्च-स्तरीय औद्योगीकरण को लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ रही है। इन दो वर्षों में सरकार ने नीति निर्माण को भी एक सतत प्रक्रिया की तरह व्यवस्थित किया। वर्ष 2025 में औद्योगिक संवर्धन नीति का नया संस्करण लागू किया गया, जिसने निवेशकों को अनेक सुविधाएं दीं, उन्हें यह भरोसा दिलाया कि मप्र अब प्रतिस्पर्धी राज्यों की कतार में मजबूती से खड़ा है। टेक्सटाइल, फार्मा, बायोटेक, ईवी, रक्षा उद्योग जैसे आधुनिक क्षेत्रों को प्रोत्साहन देने वाली नीतियाँ इसी सोच का परिणाम है। साथ ही मोहन सरकार ने नीतियों के क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक प्रक्रियाओं में सुधार किया, अनुमति प्रणाली को सरल बनाया और निवेशकों के लिए सिंगल विंडो प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू किया है। इस दौरान राज्य में औद्योगिक भूमि आवंटन को भी पहले से कहीं अधिक सुव्यवस्थित और तेज बनाया गया। औद्योगिक पार्कों का विस्तार, स्किल पार्कों की स्थापना, क्लस्टर विकास और परिवहन-सुविधाओं का आधुनिकीकरण इन सभी पर समान रूप से ध्यान दिया जा रहा है। डॉ. मोहन यादव कई अवसरों पर कहते भी दिखे हैं कि औद्योगिक विकास केवल पूंजी निवेश से नहीं होता; उसके लिए अनुकूल वातावरण, त्वरित प्रशासनिक समर्थन और मानव संसाधन की उपलब्धता भी उतनी ही आवश्यक होती है। यही कारण भी है जो आज मप्र एमएसएमई क्षेत्र में भी इन दो वर्षों में नीति-सुधार और सरकारी समर्थन से नई गति पकड़ता दिखाई देता है। कहना होगा कि लघु और मध्यम उद्योग रोजगार सृजन का प्रमुख आधार हैं, यह ग्रामीण-शहरी आर्थिक संतुलन के भी महत्वपूर्ण वाहक हैं। सरकार ने इन उद्योगों को ब्याज छूट, कर-रियायत, सब्सिडी और सरल प्रक्रियाओं का लाभ देकर यह सुनिश्चित किया कि वे वैश्विक और राष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धी बन सकें। टेक्सटाइल और गारमेंट सेक्टर में निवेश को प्रोत्साहन मिलने से बड़ी संख्या में युवाओं, विशेषकर महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर विकसित हुए हैं। फिर औद्योगिक विकास तभी स्थायी हो सकता है जब उसकी रीढ़ मजबूत आधारभूत संरचना हो। अब इस दृष्टि से देखें तो प्रदेश सरकार ने सड़क, बिजली, जल और लॉजिस्टिक्स सुविधाओं में भी उल्लेखनीय सुधार किया है। बिजली कटौती में कमी, नई उपस्टेशन इकाइयों की स्थापना, औद्योगिक क्षेत्रों में चौबीसों घंटे बिजली उपलब्ध कराने की व्यवस्था और नई सड़कों-पुलों का निर्माण इन सबने मिलकर विकास को गति देने में अहम योगदान दिया है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### विवाह समारोह में शामिल होने आई महिला के बैग से लाखों के जेवरात चोरी

**महोबा।** मुख्यालय स्थित एक विवाह घर में विगत 5 दिसंबर को आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने कानपुर से आई महिला के बैग से अज्ञात चोरों ने सोने चांदी की जेवरात पार कर दिए और मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर घटना का खुलासा कर चोरी गए जेवरात बरामद करने की मांग उठाई है। प्राप्त विवरण के अनुसार कानपुर नगर जिले पुखरायां निवासी फ़ौजिया पत्नी शोएब विगत 5 दिसम्बर को मुख्यालय के मिल्कीपुरा मोहल्ला निवासी अपने रिश्तेदार के यहाँ आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने आई थी। पीड़िता ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि शहर के शालीमार होटल में आयोजित विवाह समारोह में शिरकत करने के लिए गई थी इसी दौरान होटल के कमरे में अपना सामान और बैग रखकर खाना खाने के लिए नीचे आ गई तभी अज्ञात चोर द्वारा कमरे में रखे बैग से लाखों रुपये की कीमत के सोने के जेवरात पार कर लिए और मौक़े से फरार हो गए। फ़िलहाल पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### पुलिस लाइन में किया गया होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन में होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य रूप से डॉ सुरेंद्र कुमार मय स्टाफ सहित उपस्थित रहे, जिन्होंने पुलिस लाइन में आवासित पुलिस अधिकारी–कर्मचारियों उनके परिवारिजनों एवं बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण कर विभिन्न रोगों से संबंधित परामर्श प्रदान किया। डॉक्टर द्वारा उपस्थित सभी लोगों को होम्योपैथिक उपचार पद्धति,उसके लाभ,उपयोग तथा दैनिक जीवन में अपनाए जाने वाले स्वास्थ्य संबंधी उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान सामान्य रोगों की रोकथाम एवं उपचार संबंधी मार्गदर्शन, बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण,महिलाओं से संबंधित स्वास्थ्य परामर्श तथा दीर्घकालिक रोगों में होम्योपैथिक चिकित्सा के लाभ जैसे विषयों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। सभी उपस्थित पुलिस कर्मियों व परिजनों को नि :शुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया, जिससे उन्हें तत्काल उपचार का लाभ प्राप्त हो सका। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक शिव कुमार सिंह सहित पुलिस लाइन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और पूरे आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराया।

### विद्युत टीम पर हमला करने के मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कुलपहाड़/ महोबा।** विद्युत बिल राहत योजना अंतर्गत गांव–गाँव पहुंचकर बिजली विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने का कार्य कराना उस समय महंगा पड़ गया जब बड़े बकायेदार का संयोजन विच्छेद करने पर उन्हें ग्रामीणों ने गाली गलौज करते हुए लाठी डंडा लेकर हमला करने का प्रयास किया इसकी सूचना पर पुलिस के पहुंचते ही आरोपी वहां से भाग खड़े हुए। कोतवाली पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में विद्युत जेई गोपाल कुमार, सहकर्मी हरीश कुमार, गजराज ,सत्यवीर, लोकेश ,रोहित, राजेन्द्र आदि ने कहा है कि हम लोग शासन की विद्युत राहत योजना का लाभ दिलाए जाने के लिए गांव–गांव जाकर काम कर रहे हैं बड़े बकायेदारो का कनेक्शन विच्छेद करने का काम भी किया जा रहा है ग्राम लाडपुर स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास एक बड़े बकायेदार का संयोजन विच्छेद की कार्रवाई के बाद बकायदार कनेक्शन धारक व उनके साथियों ने गाली गलौज पर लाठी डंडों से हमला करने का प्रयास किया जिसकी सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची तब तक सभी आरोपी भाग खड़े हुए उन्होंने कोतवाली पुलिस से शिकायती प्रार्थना पर देकर नाम दर्ज आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। कोतवाली पुलिस ने आरोपी जयपाल व चंदप्रकाश पाल के खिलाफ वी एन एस की धारा 132, 115(2 ),352, 351( 2) पंजीकृत कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

### डिलीवरी वार्ड के शीशे टूटे, प्रसूताएं सर्द हवाओं से जूझने को मजबूर



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** प्रसव के बाद वार्ड में भर्ती होने वाली प्रसूताएं वार्ड की खिड़कियां टूटी होने से रात में सर्द हवाओं से जूझने को मजबूर हो रही है साथ ही वार्ड के पीछे लगे गंदगी के ढेर से आने वाली बदबू से परेशान होती है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का जच्चा बच्चा केंद्र बांकी मार्ग के पुराने अस्पताल में है यहां पर डिलीवरी रूम के पीछे भर्ती वार्ड बना हुआ है। भर्ती वार्ड की खिड़कियों के कांच गायब है। सर्द हवाएं वार्ड में सीधे प्रवेश करती है। इससे भर्ती प्रसुताओं को सर्दी लगने का खतरा है। वार्ड के पीछे गंदगी का ढेर लगा हुआ है। खिड़की टूटी होने से बदबू सीधे वार्ड में प्रवेश करती है। इससे प्रसूताएं परेशान होती हैं। प्रसूता करुणा, कविता, शकुंतला ने बताया कि खिड़कियों के शीशे टूटे होने से सर्द हवाएं सीधे आती हैं साथ ही पीछे से गंदगी के कारण जोरदार बदबू आती है। इससे परेशानी होती है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर तरुण पाल ने बताया कि टूटे शीशे बदलकर नए लगवाने के साथ ही रुम हीटर लगाने के निर्देश दिए गए हैं। सोमवार को गंदगी को साफ करा दिया जाएगा।

### ई रिक्शा ने साइकिल सवार किशोर को मारी टक्कर, हालत गंभीर



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** बहन के यहां साइकिल से अरतरा जा रहे किशोर को बदनपुर मोड़ के समीप सामने से आए ई रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में किशोर की साइकिल चकनाचूर हो गई और सड़क पर गिरने से उसके सिर में गंभीर चोट लगी है। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर किशोर को कानपुर रेफर किया गया है।बिरखेरा गांव निवासी इंद्रपाल कुशवाहा के एकलौते पुत्र सूरज कुशवाहा 13 वर्ष रविवार को सुबह करीब 10 :00 बजे साइकिल से बड़ी बहन की ससुराल मौदहा के अरतरा गांव जा रहा था। सिसोलर मार्ग में बदनपुर मोड़ के समीप बदनपुर से सवारियां लेकर सुमेरपुर की ओर आ रहे तेज रफ्तार ई रिक्शा चालक ने किशोर की साइकिल में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में किशोर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया और साइकिल चकनाचूर हो गई। साथ ही रिक्शा चालक भी घायल हो गया। दोनों को पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर किशोर को कानपुर रेफर किया है।

### उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ की बैठक



**मौदहा हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश सफाई मजदूर संघ मौदहा इकाई के एक सैकड़ा से अधिक कार्यकर्ता ने ओरी तलाब पार्क में बैठक कर संगठन के हित अपने अपने विचार रखते हुए संगठन के अध्यक्ष कामता प्रसाद राव, महामंत्री आर बी खोटे महिला मोर्चा अध्यक्ष आशा देवी एवं अनुसूया देवी उपाध्यक्ष विजय मधु प्रिया कोषाध्यक्ष रवि कुमार उपकोषाध्यक्ष दीपक कुमार प्रचार मंत्री बृजकिशोर को प्रचार मंत्री मुकेश कुमार संगठन मंत्री बादल मीडिया प्रभारी संदीप कुमार उप मीडिया प्रभारी सुरेश कुमार को निर्वाचित हुए संगठन हित में अपने कर्तव्यों को पालन हेतु संकल्प लिया महिला मोर्चा के अध्यक्ष आशा देवी ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी साथी सहयोग करें संगठन जितना मजबूत होगा आगे की लड़ाई उतनी ही सरल और आसान होगी इस अवसर पर हरिराम संतोष जयशंकर रतिराम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता दिलावर कुमार आजाद ने किया।


### मास्टर फखरुद्दीन यावर के मकान पर बज्मे करीम माहाना तरही मुशायरा संपन्न

**हमीरपुर।** मोहल्ला हुसैनगंज स्थित मास्टर फखरुद्दीन यावर के मकान में बज़्मे करीम मौदहा के बैनर तले माहाना तरही मुशायरा संपन्न हुआ जिसकी सदारत रमज़ान खां साहिल और संचालन मसीह निज़ामी ने किया मुख्य अतिथि ममनून अहमद बंगश रहे इस अवसर पर अब्दुल इस्लाम द्वारा मशहूर शायर मसीह निज़ामी को सम्मानित किया गया । मुशायरे का आग़ाज़ मास्टर तकी ने नात पढ़कर किया इसके बाद दिए गए मिसरा वक़्त हर शख़्स को आईना दिखा देता है और लौट आ अब तो अय सफर वाले,पर सभी शायरों ने अपने अपने कलाम पेश किए बदरुद्दीन तायब ने शेर सुनाया रेत पर कितनी भी ऊंची तू इमारत कर ले ,एक तूफान उसे पल में गिरा देता है ममनून अहमद बंगश ने शेर पढ़ा खासियत एक तबस्सुम की सुनो अय जाना,दिल के वीराने में जुगनू सा जला देता है मसीह निज़ामी ने पढ़ा अपने ज़हनों में कभी जंग न लगने देना , जंग वो शय है जो लोहे को गला देता है यावर मौध्वी ने शेर सुनाया देखिए तो ज़रा ये नादानी, चांद तकते हैं दोपहर वाले साहिल मौध्वी ने पढ़ा राज रह जाएगा नामुमकिन,जब इधर से मिले उधर वाले आकिल बिजनौर ने पढ़ा राहे उल्फ़त को वो आसान बना देता है।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने किया थाना कुलपहाड़ का निरीक्षण

- अभिलेख, शस्त्रागार व गश्त व्यवस्था की गहन समीक्षा कर दिए जरुरी दिशा-निर्देश

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**




अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकान्त गोंड की उपस्थिति में थाना कुलपहाड़ का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाने की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण, कानून-व्यवस्था की स्थिति एवं महिला सुरक्षा से जुड़े कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय एवं मालखाना का निरीक्षण किया गया। अभिलेखों के सुरक्षित संधारण, समयबद्ध प्रविष्टियों तथा कार्यालय की कार्यप्रणाली को देखते हुए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। मिशन शक्ति केंद्र पर प्राप्त प्रार्थना-पत्रों की निस्तारण स्थिति का अवलोकन कर लंबित प्रकरणों के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के क्रम में थाने के शस्त्रागार का निरीक्षण करते हुए असलहों की साफ-सफाई, रख-रखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई। इसके उपरांत गार्ड फाइल, रजिस्टर-08, बीट सूचना रजिस्टर, ऑर्डर बुक, मालखाना रजिस्टर, क्रियाशील अपराधी सूची एवं न्यायालय संबंधी अभिलेखों का सावधानीपूर्वक अवलोकन किया गया। अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण हेतु संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया गया। आमजन से संवाद स्थापित कर उनकी सुरक्षा एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रभावी रात्रि गश्त, नियमित पैदल गश्त, वाहन चेकिंग एवं कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत व सतत रूप से संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त कर्मचारीगण को अपने कार्यों में तत्परता, पेशेवर दक्षता एवं जनसहयोग पर आधारित पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कुलपहाड़ विनोद कुमार सिंह सहित थाना स्थानीय पर नियुक्त अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### ठंड से बचाव को लेकर जिला प्रशासन ने की एडवाइजरी जारी

**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज द्वारा शीतलहर/ठंड से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी की गई है, जिन्हे अपनाने से जनपद वासियों को शीतलहर/ठंड से बचाव हेतु सुविधा होगी। कोयले की अंगीठी/मिट्टी तेल का चूल्हा/हीटर/ब्लोवर इत्यादि का प्रयोग करते समय सावधानी बरते तथा कमरे में हवा का आवागमन/वेंटिलेशन/वायु संचार बनाये रखे ताकि कमरे में विषाक्त/जहरीली धुआँ इकठा न हों। शरीर को सूखा रखें, गीले कपडे तुरन्त बदल लें, ये आपके शरीर को नुकसान पहुंचा सकते है। घर में अलाव का सामान न हो तो अत्याधित ठंड के दिनों में सामुदायिक केन्द्रों, आश्रय स्थलों पर जाये, जहाँ प्रशासन द्वारा अलाव का प्रबंध किया गया हो। कई स्तरों वाले गर्म कपड़े जैसे ऊनी कपडे, स्वेटर, टोपी, मफलर इत्यादि का प्रयोग आपको शीत लहर/ठंड के प्रभाव से बचा सकते है। ऊनी कपड़ों के कमी की दशा में दो तीन कपड़े एक के ऊपर एक पहनकर शीत लहर/ठंड के प्रभाव को कम किया जा सकता है। बताया कि अत्याधिक ठंड/कोहरा पड़ने पर छोटे बच्चों और बुजुर्गों को जितना हो सके उतना घर के अन्दर रखें। शरीर में ऊष्मा के प्रभाव को बनाये रखने के लिए पोषक आहार एवं गर्म पेय पदार्थों का सेवन करें। धूप निकलने की दशा में इसका सेवन ठंड/शीत लहर से बचाव करेगा। हाइपोथर्मिया के लक्षणों जैसे शरीर का आसामान्य तापमान, भ्रम या स्मृति हानि, बेहोशी, विचलन, अत्याधिक ठिठुरन, सुस्ती, थकान, तुतलाहट इत्यादि की स्थिति उत्पन्न होने पर अपनी नजदीकी अस्पताल से सम्पर्क करें।

## नपं अध्यक्ष ने वार्ड का भ्रमण कर लोगों की समस्याओं को सुन निस्तारण के दिए निर्देश

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया ने नगर के वार्ड नंबर 7 का भ्रमण किया इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर साफ़ सफाई,सड़क आदि समस्याओं को सुनकर उन्हें निस्तारित कराये जाने का आश्वासन दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया ने वार्ड नम्बर 7 का भ्रमण कर वहां के लोगों से मुलाकात की और वहां की साफ सफाई , सड़क पेयजलापूर्ति आदि समस्याओ को सुनकर अविलम्ब दूर किये जाने का आश्वासन दिया। उन्होंने लोगों से कहा साफ सफाई का विशेष ध्यान दें घर से निकले कचड़े को नियमित कूड़ा गाड़ी में डालने का प्रयास करें सड़क गडढो आदि की समस्याओं को अविलम्ब दूर किये जाने की बात कही। उनके साथ कर्मचारी देवेन्द्र लटोरिया, सभासद ओमप्रकाश, मनमोहन चौबे, रविन्द्र उपाध्याय, इमाम बख़्श, श्रीपत यादव आदि मौजूद रहे।

## सर्वसम्मति से ग्रापए के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष बनाय गये देवेंद्र अरजरिया

- ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की वार्षिक बैठक संपन्न

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन जनपद की वार्षिक बैठक का आयोजन नगर कुलपहाड़ के एक इण्टर कालेज में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मोहम्मद जमाल अहमद कादरी ने की। अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष मोहम्मद यूनुस खान मौजूद रहे। बैठक में चर्चा के मुख्य पांच बिंदु रहे जिनमें ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए पूरे प्रदेश में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है, इसी के तहत जनपद में जिला व तहसील इकाईयों का पुनर्गठन किया जाना है। जिसके लिए आगामी 18 दिसंबर तक समस्त सदस्यों के सदस्यता फॉर्म जमा हो जाना चाहिए और इसी के आधार पर एक जनवरी को सदस्यता कार्डो का वितरण किया जाएगा। संगठन में जो सदस्य संगठन के प्रति जिम्मेदारी नहीं निभा रही थे उनको अलग करने पर भी निर्णय लिया गया। अंत में मंडल अध्यक्ष मोहम्मद यूनुस खान की तरफ से कार्यवाहक जिलाध्यक्ष देवेंद्र अरजरिया की घोषणा की गई क्योंकि वर्तमान में जिलाध्यक्ष जमाल अहमद कादरी के द्वारा स्वयं अपने स्तर से संन्यास लेने की बात रखी गई उन्होंने कहा कि मेरे तीन वर्ष का कार्यकाल संपन्न हो चुका है,इसीलिए अब यह जिम्मेदारी में देवेंद्र अरजरिया को सौंपना चाहता हूं सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से इसका समर्थन किया। दिवंगत पत्रकार दर्शन सोनी की आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई । इस दौरान इलियास अहमद, किशन प्रसाद सोनी, पुरुषोत्तम सोनी, रामराज सोनी, मोहम्मद यूसुफ, अरविंद अनुरागी, अजय व्यास, धर्मेंद्र, हरि सिंह राजपूत, सलमान खान, चांद बाबू मंसूरी, इफतखार अली, समीर, इखलाक आदि करीब आधा सैकड़ा पत्रकार लोग मौजूद रहे।

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का मंडलीय सम्मेलन लोनिवि में संम्पन

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद,उत्तर प्रदेश का मंडलीय सम्मेलन/ अधिवेशन लोक निर्माण विभाग, हमीरपुर परिसर में सेवानिवृत्त पूर्व मंडलीय अध्यक्ष रघुवीर प्रजापति की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष जे. एन. तिवारी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार आउटसोर्सिंग और संविदा कर्मचारियों के मानदेय में बढ़ोत्तरी करे,शिक्षक कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल करे और कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करे नहीं तो शिक्षक कर्मचारी आउटसोर्सिंग और संविदा कर्मी आगामी 20 जनवरी को विधानसभा में बड़ा आन्दोलन करेंगे जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। प्रांतीय मंत्री अरुणा शुक्ला ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को अभी तक हर क्षेत्र में 50फीसद की भागीदारी सुनिश्चित नहीं हो सकी है सरकार को चाहिए कि आधी आबादी को हर क्षेत्र में उचित प्रतिनिधित्व दिलाने का काम करे। अटेवा के जिला प्रवक्ता रणविजय चक्रवर्ती ने कहा कि कर्मचारी संयुक्त परिषद के आगामी 20 जनवरी के कार्यक्रम में अटेवा बढ़ चढ़कर हिस्सा लेगा,सरकार की दमनकारी नीति का जमकर विरोध किया जाएगा।प्रांतीय अध्यक्ष ने नवनियुक्त पदाधिकारियों जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पाल, जिला मंत्री मोहम्मद लकी मुबीन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामसजीवन,उपाध्यक्ष काशीप्रसाद, संयुक्त मंत्री कृष्ण गोपाल श्रीवास्तव (पंचायत), संरक्षक राजेश कुमार शुक्ला, उपमंत्री अवनीश कुमार राणा, उपाध्यक्ष पारस नाथ तिवारी, संयुक मंत्री संदीप सिंह (पशुपालन), संघटन मंत्री श्रीराम और संचार मंत्री नंदकिशोर को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अतुल सिंह, मंडल मंत्री ननकावन तिवारी, हेमंत पाठक, शिवशरण सिंह ओमरे, दिव्यांग प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण सोनी, सेवानिवृत्त रामरतन श्रीवास, नवीन कुमार, लेखपाल संघ से लोकेंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अटेवा के जिला महासचिव कमल किशोर ने किया और सभी आगंतुक बंधुओं का आभार जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद पाल ने किया।

## उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने मोदी सरकार पर किए तीखे प्रहार

- प्रदेश भर में अब तक 13 कर्मचारियों की एसआईआर का काम करने के दौरान हो चुकी है मौत
- पीड़ित परिवार को एक करोड़ की आर्थिक सहायता और सरकारी नौकरी की मांग

**श्रीनगर/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



एसआईआर के काम में बीएलओ के सहयोग के लिए गठित टीम का हिस्सा रहे शिक्षामित्र शंकरलाल राजपूत की कुएँ में डूबकर संदिग्ध परिस्तिथियों में हुई मौत के बाद पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने महोबा जिले के पवा गाँव पहुँचे यूपी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने निर्वाचन आयोग और केंद्र सरकार पर तीखे प्रहार कर एसआईआर का काम करने के दौरान मृत हुए कर्मचारियों के परिजनों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता सहित एक सरकारी नौकरी देने की माँग की है। इस दौरान उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था गिरने को प्रधानमंत्री की गरिमा गिरने और इंडिगो एयरलाइंस में लगातार कैंसिल हो रही फ्लाइटों को लेकर इसे केंद्र सरकार का फेलियर बताया। कहा कि एक ही एयरलाइंस को 64% हिस्सेदारी दी गई जिसकी वजह से आज यह समस्या लोगों के सामने खड़ी हुई है। उन्होंने इस मामले में सरकार से दखल देकर कार्रवाई करने की मांग की है। श्रीनगर थानाक्षेत्र के पवा गाँव में बीएलओ के सहयोग के लिए गठित टीम के सदस्य तीन दिनों से लापता शिक्षामित्र का शव संदिग्ध परिस्तिथियों में गांव के पास सड़क किनारे स्थित कुएं में पड़ा मिलने से हड़कम्प मच गया था। परिजनों ने एसआईआर के काम के दबाव के चलते आत्महत्या करने की आशंका जताई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का रेस्क्यू कर परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया था। मीडिया से मुख़ातिब हुए यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि प्रदेश भर में अब तक एसआईआर के काम में लगे 13 कर्मचारियों की असमय मौत हो चुकी है, उन्होंने निर्वाचन आयोग और केंद्र सरकार से पीड़ित परिजनों को आर्थिक सहायता के तौर पर एक करोड़ की धनराशि और एक सरकारी नौकरी देने की मांग की है। इस दौरान उन्होंने केंद्र और निर्वाचन आयोग पर जल्दबाजी में एसआईआर का काम कराने का आरोप लगाया। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था गिरने पर प्रधानमंत्री पद की गरिमा गिरने की बात कही। इंडिगो एयरलाइंस क्राइसिस को लेकर भी उन्होंने तीखे प्रहार कर केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया और कहा कि केंद्र सरकार द्वारा नेता विपक्ष राहुल गांधी की बातों को दरकिनार किया गया जिसका नतीजा है। इस दौरान जिलाध्यक्ष संतोष धुरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष तुलसीदास लोधी, संजय वर्मा, यादवेन्द्र सिंह यादव, बृजराज सिंह, खेमचंन्द्र अहिरवार सहित दर्जनों कांग्रेसी मौजूद रहे।

### 6.10 किलो ग्राम अवैध गांजा के साथ महिला अभियुक्त गिरफ्तार




**हमीरपुर।** थाना मौदहा पुलिस द्वारा अरतरा रोड पर अरण्या गेस्ट हाउस से करीब 500 मीटर आगे अरतरा की ओर रोड किनारे बहद मोहल्ला पूर्वी तरौस कस्बा व थाना मौदहा से एक नफर अभियुक्ता माया निषाद पुत्री फूलचन्द्र निवासी मोहल्ला पूर्वी तरौस इलाही तालाब कस्बा व थाना मौदहा उम्र करीब 28 वर्ष को एक प्लास्टिक की बोरी में 06 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार करते हुए थाना स्थानीय पर मुअसं 421/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट बनाम माया निषाद उपरोक्त के पंजीकृत कर अभियुक्ता उपरोक्त को न्यायालय हमीरपुर भेजा गया।

## शिकरोडी गांव में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




ग्राम शिकरोडी में निशुल्क विशाल नेत्र शिविर का आयोजन हुआ यह नेत्र शिविर संध्या वर्मा एडवोकेट जिला उपाध्यक्ष अनु मोर्चा भाजपा द्वारा आयोजित कराया गया जिसमें डा सुरेश कुमार कोरी जिला अस्पताल द्वारा नेत्र परीक्षण किया गया मरीजों का रजिस्ट्रेशन सूर्य कुमार रु ञ्ज ने किया जिसमें 95 मरीजो की आखों की जांच की गई जिसमें 15 मरीज मोतिया विन्द से ग्रषित पाये गये 3 मरीज नाखूना के मिले 9 मरीज सबलबाई के मिले शेष मरींजों के चश्मे की जाँच की गई सभी मरीजो को दवा व चश्मा निःशुल्क दिया गया मोतिया विन्द के मरीजो को कल जिला अस्पताल के लिये रिफर किया गया जो बी पी व सुगर की जांच की जायेगी उसके बाद ऑपरेशन होगा और संध्या वर्मा जिला उपाध्यक्ष भाजपा अनु मोर्चा पत्नी डा सुरेश कुमार ने सभी मरीजो को आँख को सुरक्षित कैसे रख्खा जाये व सावधानी बताई और कहा कि आँखो को साफ पानी से धोये और हरी सब्जियों का उपयोग करे और समय समय पर आखो की जांच करते रहना चाहिए इस शिविर अरुण वकील साहब अशोक सागर रामधनी अनिल अनुरागी आदि लोग उपस्थित रहे।

## रामकथा की चरखी में पिसोगे तो आएगा जीवन में निखारः आत्मानंद गिरि



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** श्रीगायत्री तपोभूमि प्रांगण में चल रही राम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास पंचदश नाम जूना अखाड़ा छत्तीसगढ़ के महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानंद गिरि जी महाराज ने कहा कि जब तक रामकथा की चरखी में नहीं पिसोगे तब तक जीवन में निखार नहीं आ सकता है इसलिए मनुष्य को राम के चरित्र आदर्श को समझना बहुत जरूरी है। राम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास ने कहा कि अगर समाज में अच्छे बनना है तो अहंकार का परित्याग करके झुकना सीखना होगा तभी समाज में अहमियत बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इस संसार पर जिस पर विश्वास नहीं हो उसकी चर्चा नहीं करनी चाहिए बल्कि उसकी परीक्षा लेनी चाहिए परिणाम स्वतः सामने आ जाएगा। उन्होंने कहा कि मन बड़ा चंचल होता है इसलिए मनमानी करता है। मनुष्य को मन पर नियंत्रण रखना चाहिए और यह तभी संभव होगा जब आप राम के चरित्र एवं आदर्शों को अंगीकार करोगे। कथा व्यास ने कहा कि बनना और होना दोनों में बहुत अंतर है उन्होंने असली और नकली के अंतर को बहुत अच्छे ढंग से बताया।

### ग्रामीण पत्रकार एसो. की समीक्षा बैठक अब 8 तरीक को होगी

**हमीरपुर।** मौदहा प्रांतीय योजनानुसार मंडल अध्यक्ष की उपस्थिति में जिला समीक्षा बैठक, जो अपने जिले कि 4 दिसंबर को होनी थी अपरिहार्य कारणों से उसकी तिथि में परिवर्तन किया गया है। अब यह बैठक 8 दिसंबर को प्रकाश लाज भरुहा सुमेर पुर में, दिन में 11 बजे से प्रारम्भ होंगी, जिसमे जिले क़े सभी आयोजित कार्यक्रमों व वर्तमान चल रही सदस्यता कि चर्चा होंगी, जिसकी समीक्षा मंडल अध्यक्ष यूनुस खान करेंगे, जिले क़े सभी सदस्यों व पदाधिकारियो से अनुरोध है कि बैठक अति आवश्यक व प्रदेश नेतृत्व क़े निर्देश पर आयोजित है, इस लिए सभी को आना अनिवार्य है, बैठक मैँ उपस्थित न होने वाले सदस्यों व पदाधिकारियों पर विचार भी किया जा सकता है।

## ग्राम विकास प्रशिक्षण संस्थान में ग्राम विकास अधिकारियों ने भरी हुंकार

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बे के ग्राम विकास प्रशिक्षण संस्थान में ग्राम पंचायत अधिकारी संध, ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन समन्वय समिति की बैठक ग्राम पंचायत अधिकारी संघ की अध्यक्षता में आहुत की गयी। बैठक में ग्राम पंचायत अधिकारी ने संगठन की मजबूती के लिए सात बिंदुओं पर बिंदुवार चर्चा की गई। जनपद हमीरपुर के अध्यक्ष ओमप्रकाश प्रजापति को उत्तर प्रदेश ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के प्रान्तीय प्रवक्ता नियुक्त किया है।प्रान्तीय समिति के आवाहन पर चल रहे आन्दोलन जोरदार समर्थन किया व बिन्दुवार पालन करने के लिए समस्त सचिव समर्पित है। दस-दस वर्षो से जमे कर्मचारी व ब्लाक मुख्यालय से जिला मुख्यालय स्थानान्तरण करना अति आवश्यक है। ग्राम पंचायत में संचालित अन्ना गौवंश आश्रय स्थल के संचालन में मुख्य सचिव के शासनादेश निहित प्रावधानों व प्रमुख सचिव के अनुसार गौवंशों के संरक्षण हेतु शासनादेश के अनुसार किया गया। इस अवसर पर जयराम कुशवाहा, विनोद कुमार , प्रदीप कुमार, धर्मेंद्र , राम प्रसाद, शिव मूरत सिंह, सुनील कुमार, महेंद्र कुमार, उपेंद्र पांडे, मुकेश कुमार, अंकित सिंह, बृजेश कुमार शुक्ला, योगेंद्र कुमार, गिरीश चंद्र, अरविंद कुमार सोनी, आनंद कुमार, विपिन कुमार, रामसेवक आदि दो दर्जन से अधिक ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# हाईवे पर अनियंत्रित होकर पलटी तेज रफ्तार बस, 6 यात्री घायल

हरचंदपुर रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



लखनऊ। प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग (NH-30) पर शनिवार व रविवार की रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक तेज रफ्तार यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में बस में सवार आधा दर्जन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

यह घटना हरचंदपुर थाना क्षेत्र के डिडौली के पास हुई। हादसे का शिकार हुई यह बस उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से झारखंड और छत्तीसगढ़ की ओर जा रही थी। बस में मौजूद यात्रियों ने चालक पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि वह नशे की हालत में गाड़ी चला रहा था। प्रत्यक्षदर्शी यात्री मोहन साहू ने बताया, हम लखनऊ से छत्तीसगढ़ जा रहे थे। ड्राइवर काफी नशे में था और वह कई किलोमीटर से ही गाड़ी को सड़क पर लहरा रहा था।

बस में लगभग 80 से 90 लोग सवार थे। मोहन साहू ने बताया कि उनकी लड़की की सगाई है और वह झारखंड के विवेंद्रा जा रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही हरचंदपुर थाना अध्यक्ष तत्काल अपने हमराही स्टाफ के साथ मौके पर पहुँचे। पुलिस टीम ने ग्रामीणों की सहायता से घायलों को तुरंत 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा। इसके साथ ही हाईवे पर लगे जाम से निजात दिलाने के लिए पलटी हुई बस को सड़क से किनारे करवाया गया। जिला अस्पताल के इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर (श्वस्छ) डॉ. मो. आतिफ ने बताया कि दुर्घटना के बाद अस्पताल में कुल 6 घायल लाए गए थे। इनमें से दो लोगों को गंभीर हालत में भर्ती कर लिया गया है। जबकि 4 अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार देने के बाद घर भेज दिया गया है। पुलिस ने मामले की जाँच शुरू कर दी है, और फरार चालक के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## अज्ञात ट्रक ने सीएनजी ऑटो में सामने से मारी जोरदार टक्कर, उड़े परखच्चे

- ऑटो के अगले हिस्से में फसा चालक गंभीर रूप से घायल
- ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए गैलेंडर मशीन से ऑटो को काटकर चालक को निकाला बाहर

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां मौरावा मार्ग पर शनिवार की देर रात तकरीबन 9:00 बजे के आसपास इचौली गांव के पास सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने दूसरे ट्रक को ओवरटेक करते समय एक सीएनजी ऑटो रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल चालक अशोक कुमार पुत्र स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद उम्र 45 वर्ष निवासी नीवा थाना बछरावां अपना सीएनजी ऑटो रिक्शा लेकर शनिवार की देर रात बछरावां की तरफ जा रहे थे। जैसे ही वह इचौली गांव के मुख्य चौराहे से थोड़ा सा आगे बढ़े तभी बछरावां से मौरावा की तरफ जा रहे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने उनके सीएनजी ऑटो रिक्शा में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो रिक्शा के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए, और चालक अशोक ऑटो रिक्शा के अगले हिस्से में बुरी तरह फंसकर जख्मी हो गए। वहीं टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक मौके से मय वाहन सहित फरार हो गया। तत्पश्चात आसपास मौजूद लोगों एवं ग्रामीणों के द्वारा तत्काल तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस को सूचना देने के साथ-साथ गैलेंडर मशीन के द्वारा ऑटो रिक्शा को काटकर किसी तरह गंभीर रूप से घायल चालक अशोक को बाहर निकाला गया और उन्हें इलाज के लिए एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक भावेश यादव के द्वारा घायल अवस्था में उनका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उनकी हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

# जर्जर व बदहाल पंचायत घर में ग्रामीण बांध रहे जानवर, रख रहे भूंसा



- वर्षों से प्रधान व ग्रामीण कर रहे हैं पंचायत घर की मांग

> जमुरंवा ग्राम पंचायत की प्रधान चंद्रावती ने बताया कि कई बार अधिकारियों से कहा गया दशकों पुराना पंचायत घर है लिखा पढ़ी भी हुई लेकिन कार्य आगे नहीं बढ़ पाया पंचायत घर न होने की वजह से ग्रामीणों को काफी दिक्कत होती है।

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

ग्राम पंचायत में पंचायत घर गांव के लिए बहुत ही उपयोगी और जरूरी होता है प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार तथा केंद्र की मोदी सरकार द्वारा ग्राम पंचायत में बड़े पैमाने पर जिन ग्राम पंचायत में पंचायत घर पुराने या जर्जर थे उन्हें सजाया और संवारा गया तो वही ग्राम पंचायतों मे पंचायत घरों का निर्माण भी कराया गया।

महराजगंज विकासखंड क्षेत्र के जमुरंवा ग्राम पंचायत में 1980 के आसपास पंचायत घर का निर्माण हुआ था जो धीरे-धीरे जर्जर हो गया और लोग वहां जानवर बंधाने लगे व जर्जर कमरों मे भूंसा रखने लगे ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत घर बदहाल होने की वजह से वहां पर बैठकें नहीं हो पाती मीटिंग स्कूल में करनी पड़ती है जिससे बच्चों को काफी परेशानी होती है।

जब कभी गांव के विकास से संबंधित कोई बात करनी हो यह कार्यक्रम होना हो तब भी दिक्कत होती है क्योंकि कोई भवन नहीं है और हर गांव में पंचायत घर है लेकिन हमारे ग्राम पंचायत में पंचायत घर जर्जर व बदहाल है जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।हर ग्राम पंचायत में बैठकें होती है पंचायत घरों में पंचायत घर ग्राम पंचायत की रीढ़ की हड्डी होता है उसके बावजूद भी हमारे ग्राम पंचायत में पंचायत घर न होना अधिकारियों की लापरवाही उजागर करता है।

## खबरें एक नजर में

### सड़क हादसे में दो घायल

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार दो बाईकों में हुई जोरदार टक्कर जिससे एक बाइक में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं वहां मौजूद लोगों ने एंबुलेंस के जरिए घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लालगंज सीएचसी पहुंचाया जहां पर दोनों का प्राथमिक उपचार किया गया। मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के भादे मोड़ के पास का है। बताया जा रहा है कि एक बाइक में रचित निर्मल पुत्र राकेश 18 वर्ष साहिल पुत्र कुलदीप 15 वर्ष जो की एक बाइक से कहीं जा रहे थे तभी सामने से दूसरे बाइक वाले ने अचानक गाड़ी मोड़ दी जिससे इन दोनों लोगों की बाइक में टक्कर हो गई घायलों को एंबुलेंस के जरिए स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाया गया।

### अज्ञात कारणों से पंचर मैकेनिक की दुकान में लगी आग

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** शनिवार बीती रात को अज्ञात कारणों से पंचर मैकेनिक की दुकान में आग लगने से दुकान में रखा सामान जलकर राख हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से इसी तरह आग पर काबू पाया लेकिन तब तक दुकानदार का भारी नुकसान हो चुका था। डलमऊ कस्बे के कृष्णा नगर मोहल्ला निवासी मोहम्मद रईस टायर एवं पंचर बनाने की दुकान करता है शनिवार देर रात लगभग 11:30 बजे के आसपास अचानक अज्ञात कारणों से उसकी दुकान में आग लग गई टायर की दुकान होने की वजह से आज की लपट तेज हो गई आसपास मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी दुकानदार एवं 112 पुलिस को दी मौके पर पहुंची पी आर वी 1742 में तैनात कमांडर अनुराग पायलट प्रदीप तथा हल्का सिपाही सुमित राठी ने स्थानी लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक दुकान का भारी नुकसान हो चुका था पीड़ित ने घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी है वहीं घटना स्थल पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी श्याम कुमार पाल ने मौका मुआवना किया और जांच पड़ताल शुरू कर दी कोतवाली प्रभारी दलमान ने बताया कि नुकसान का अंदाजा नहीं लग सका है कार्यवाही की जाएगी।

### दुर्घटना में कोटेदार के पुत्र की मौत, मचा कोहराम

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र में हैदरगढ़-भिटरिया मार्ग पर शनिवार की रात दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के गुलालपुर गांव निवासी एवं कोटेदार सुरेश सिंह का पुत्र आशीष कुमार सिंह 34 वर्ष एक निजी फाइनेंस कंपनी में काम करता था।पता चला है कि आशीष अपने परिवार के साथ पिछले कई वर्षों से थाना असन्द्रा के नई सड़क चौराहे के समीप रहता था।परिवार वालों ने बताया कि आशीष शनिवार की देर रात बारा टोल प्लाजा पर चाय पीने के बाद नई सड़क स्थित घर के लिए बाइक से निकला।घर पहुंचने पर उसने परिजनों को बताया कि हैदरगढ़-भिटरिया मार्ग पर मोटर साइकिल से गिर जाने से घुटनों में चोट लग गई है।इसके थोड़ी देर बाद ही उसकी तबियत बिगड़ गई। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सीएचसी हैदरगढ़ लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रात में ही गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया गया।जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान रात में ही उसकी मौत हो गई।

### जनसेवा केंद्र में ट्रांसफर कर धोखे से हड़पे दो लाख रुपए

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** स्थानीय कोतवाली अंतर्गत ललईखेर मजरे अखैय्यापुर गांव निवासी दुर्गेश कुमार के साथ दो लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। दुर्गेश कुमार ने पुलिस को बताया कि थाना लोनी कटरा के मंगलपुर गांव निवासी करन वर्मा ने उनका फोन लेकर दो लाख रुपए गोसाईगंज लखनऊ के एक जनसेवा केंद्र संचालक के खाते में ट्रांसफर कर दिया।पैसा ट्रांसफर करने के बाद उसका मोबाइल भी तोड़ दिया।इससे इस धोखाधड़ी की जानकारी चार दिन बाद हुई।पीड़ित ने गोसाईगंज जनसेवा केंद्र से संपर्क किया तो पता चला कि पैसा करन वर्मा ले जा चुका है।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

### पैमाइश करने गई टीम के सामने हुआ विवाद पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र के बबुआपुर ग्राम पंचायत में खेल का मैदान की पैमाइश करने गई राजस्व टीम के सामने विवाद करने वालों के विरुद्ध प्रधान प्रतिनिधि की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है। प्रधान प्रतिनिधि अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि दो दिसंबर को गांव पहुंची राजस्व टीम गनेशपुर मजरे बबुआपुर गाँव में खेल के मैदान की पैमाइश कर रही थी।इसी दौरान इसी गांव के उपेन्द्र सिंह व उनके भाई राजेश सिंह ने प्रधान प्रतिनिधि पर हमला बोल दिया।वहां मौजूद रोजगार सेवक प्रहलाद को जाति सूचक शब्द कहे गए।विवाद के कारण पैमाइश बंद हो गई।बताया कि इस घटना के बाद गांव के नितिन सिंह फोन कर लगातार जान से मार डालने की धमकी दे रहा है।पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कसान यूनियन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील तिलोई मे सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी संजय चौहान को भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) ने किसानों की समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा है। भानू गुट के राष्ट्रीय महामंत्री सत्येंद्र दुबे की अध्यक्षता में जिलाधिकारी को दिये गये ज्ञापन में किसानों ने मांग की है कि उन्नतिशील किसानों को उत्पादकता से अधिक उत्पादन का भी विक्रय करने की सुविधा मिलनी चाहिए। क्राफ्ट कटिंग पुनः कराई जाय जिससे पूर्व वर्षो की भाँति ही जिले के किसान अपनी उत्पादकता का एक सौ पचास प्रतिशत धान विक्रय कर सके। किसानों की फसलों की सुरक्षा को देखते हुए आवारा पशुओं,बंदरों नीलगायों का उचित प्रबंध किया जाए। सिचाई हेतु नहरों में समय से पानी छोड़ा जाए। राजस्व विभाग द्वारा किसानों का निशुल्क अंश निर्धारण करवाना सुनिश्चत हो। बिजली विभाग द्वारा किसानों का जबरिया कनेक्शन न काटकर उनको बिल भुगतान करने के लिए समय दिया जाय। महेशपुर -धीरापुर जर्जर सड़क मार्ग का शीघ्र ही निर्माण हो अन्य कई समस्याओं को उन्हें अवगत कराते हुए किसानों ने निस्तारण किये जाने की मांग रखी है। इस अवसर पर किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष नंद कुमार पांडेय,युवा जिलाध्यक्ष राघवेंद्र मिश्रा, सुमित तिवारी, संगीता, अनिल मिश्रा,पवन पासी,हरखू पासी,रामसेवक सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष का नगर पंचायत में जोरदार स्वागत

रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।



भाजपा के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा 'भुल्लन वर्मा' का रविवार को नगर पंचायत रामसनेहीघाट में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। स्वागत समारोह की अध्यक्षता भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने की, जबकि बड़ी संख्या में स्थानीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता उन्हें बधाई देने पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी की रीढ़ कार्यकर्ता हैं और आने वाले समय में संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाना उनका संकल्प है। उन्होंने पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन का लक्ष्य दोहराया।स्वागत कार्यक्रम में भाजपा नेता दीपक वर्मा, पवन कुमार सिंह उर्फ रिंकू भैया सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से जिलाध्यक्ष का अभिनंदन किया।पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने कहा कि राम सिंह वर्मा जैसे जमीनी स्तर के नेता का जिलाध्यक्ष बनना संगठन के लिए शुभ संकेत है। उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा कार्यकर्ताओं को नई दिशा मिलेगी।

# दिलों को जोड़ने वाली तालीम मुहब्बत व इंसानियत की बुनियाद

- रूहानी मजलिस में गूंजा पैग़ाम : करुणा, आदर और एकता ही असली इबादत



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** मजलिस-ए-तरहीम बराये ईसाले सवाब सैयद मोहम्मद तहज़ीब अस्करी में एकता, इंसानियत और मोहब्बत का खूबसूरत पैग़ाम पेश किया गया, जिसे सुनकर हर दिल मुतमइन हो गया। महफ़िल को ख़िताब करते हुए मौलाना सैयद उरूजुल हसन ने कहा कि हर धर्म और हर विचार की जड़ इंसानियत, प्रेम, सम्मान और सत्य है।

उन्होंने कहा कि दुनिया की असल खूबसूरती तब है जब हम एक-दूसरे के दिलों को जोड़ें, न कि तोड़ें। उन्होंने यह भी कहा कि इंसान का सबसे बड़ा मक़सद अच्छे चरित्र, सम्मान, भाईचारे और मुहब्बत को फैलाना है।

मौलाना ने कहा कि इंसान को इंसान समझना होगा अगर हम सच में अपने ख़ालिक़, अपने पालनहार को पहचानना चाहते हैं, तो पहले इंसान को इंसान समझना होगा, मुहब्बत को अपनाना होगा और आदर व करुणा को अपनी ज़िंदगी का उसूल बनाना होगा।

उन्होंने यह भी बताया कि इतिहास में सभी आध्यात्मिक मार्गदर्शकों, नबियों, अवतारों, संतों और ऋषियों की तालीम हमेशा इंसानियत, शांति और प्रेम की रही है — और यही असली रूहानी सरमाया है।

ख़िताब के बाद जब करबला के साहस, त्याग और इंसानी मूल्यों के मसायब बयान किये गए तो अज़ादार भावनाओं से भर गए और कई लोगों की आँखें नम हो गयीं। वहाँ मौजूद लोगों ने कहा कि आज की दुनिया को नफरत नहीं, बल्कि मुहब्बत और मानवता की भाषा की ज़रूरत है।

मजलिस में मशहूर शायर डा. रज़ा मौरानवी, कशिश संडीलवी, अजमल किन्तूरी, अली गंगोलवी और हाजी सरवर अली करबलाई ने अपने दिल को छू लेने वाले कलाम पेश किए और इंसानियत की रोशनी को और रौशन किया।

अंत में सैयद तहज़ीब अस्करी के लिए दुआ-ए-खैर, शांति और सद्भाव की प्रार्थना की गई।

## औषधि विक्रेता संघ की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न



**बिसवां-सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** औषधि विक्रेता संघ बिसवां की एक आवश्यक बैठक नोबेल पैथोलॉजी के प्रांगण में अध्यक्ष सुनीत अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से नारकोटिक ड्रग्स एवं कोडिन युक्त कफ सिरप की बिक्री संबंधी महत्वपूर्ण गाइडलाइनें औषधि विक्रेताओं को जारी की गईं। अध्यक्ष सुनीत अग्रवाल ने निर्देश दिया कि नारकोटिक्स व कोडिन युक्त कफ सिरप सहित प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री केवल रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिशनर के वैध पर्चे पर ही की जाए तथा पर्चे की एक प्रति रिकॉर्ड में सुरक्षित रखी जाए। बैठक में नरेश श्याल, कमलेश वर्मा, पप्पू जमा, मुदस्सिर हुसैन, रजत अग्रवाल, लवकुश वर्मा वंश मेहरोत्रा, ब्रजेश वर्मा, शौरभ श्याल, विजय अवस्थी मनोज मंगल आशीष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में औषधि विक्रेता मौजूद रहे।

# चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के छात्र-छात्राओं ने लखनऊ चिड़ियाघर में खूब की मौज-मस्ती

- वन्यजीवों के बारे में दी गई जानकारी, बच्चों को वितरित किया उपहार





बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

बनीकोडर क्षेत्र के ग्राम छन्दवल में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फेन्डली स्कूल के छात्र छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण लखनऊ चिड़ियाघर का कराया गया।

संस्था के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने बच्चों के भ्रमण वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और बच्चों के साथ जाकर उन्हें गाइड किया। बच्चों ने चिड़ियाघर में वन्य जीवों की दुनिया में खूब मौज मस्ती की। फूल पत्ती, घास खाने वाले जानवरों, मांसाहारी खतरनाक जानवरों शेर चीते और मगरमच्छ, घड़ियाल और पक्षी विहार, मछली घर, राज्य संग्रहालय, सांप घर आदि वन्य जीवों को दिखाने के बाद छात्र छात्राओं का प्रश्न पत्र देकर उनसे सम्बंधित सवाल पूछे गए और वन्य जीवों के बारे जानकारी दी गई। संग्रहालय में जैन, बुद्ध, सम्राट अशोक और मुगलकाल की मूर्तिकला, तथा सिक्को की जानकारी दी गई, अवध वीथिका में नबाबों के शासन व उससे जुड़े सैन्य शस्त्रों की जानकारी बच्चों को दी गई। स्कूल की शिक्षिकाओ और जयपुरिया इंस्टीट्यूट गोमतीनगर के प्रबंधन छात्रों ने बच्चों को वन्यजीवों के बारे में बताया और बच्चों को गाइड किया। चिड़ियाघर की कैंटीन में बच्चों ने छोला भटूरा, चाउमीन, मंचूरियन आदि का लजीज लंच किया और खूब मौज मस्ती की। इस अवसर पर जयपुरिया इंस्टीट्यूट के एसआरसी निदेशक डॉ रीना अग्रवाल के द्वारा बच्चों को उपहार दिए गए। प्रधानाचार्य विनोद कुमार, शिक्षिका वन्दना वर्मा, शारदा रावत, सरिता यादव, प्रिया मौर्य अर्चना , सरस्वती, सरोज, पुष्पादेवी सहित 150 बच्चों ने प्राणि उद्यान का भ्रमण किया।

## रेलवे ट्रैक पर फंसी अर्टिगा देर रात टला बड़ा हादसा



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र संग्रामपुर के अंतर्गत शनिवार देर रात 10 बजे बड़ा रेल हादसा टल गया जब सहजीपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास एक तेज रफ्तार अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर रेलवे ट्रैक पर जा फंसी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार सहजीपुर क्रॉसिंग से पहले बने स्पीड ब्रेकर पर उछलकर सीधे ट्रैक पर चढ़ गई और वहीं अटक गई। घटना के बाद कार चालक और उसमें सवार यात्री वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। सुरक्षा के मद्देनज़र रेल मार्ग पर आने वाली सभी ट्रेनों को तत्काल रोक दिया गया। जिससे कई ट्रेनें प्रभावित हुईं। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची। दोनों टीमों ने देर रात ही संयुक्त कार्रवाई करते हुए फंसी हुई अर्टिगा कार को ट्रैक से हटाया और रेलवे लाइन को सुरक्षित किया। रेलवे पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को इस घटना की मुख्य वजह माना जा रहा है।

# लूट के सामान सहित तीन लुटेरे पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

अमेठी, समृद्धि न्यूज़।

पुलिस द्वारा अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत रविवार को भोर में क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में राकेश सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना मोहनगंज मय हमराह क्षेत्र में भ्रमणशील थे। तभी मुखबिर ने बताया कि बीते दो दिसंबर को सोनार के साथ हुई लूट की घटना से संबन्धित लुटेरे चिनगाही मोड़ के पास लूटे हुए सामान का बंटवारा कर रहे हैं। पुलिस ने पहुंचकर देखा तो मौके पर मौजूद व्यक्तियों द्वारा सोनार के साथ लूटे गये सामान के बंटवारे के बारे में बात की जा रही थी।

पुलिस द्वारा घेराबन्दी करने पर मौजूद लोगों द्वारा पुलिस टीम पर फायर कर दिया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग करने पर एक बदमाश घायल हो गया तथा 2 बदमाश भागने लगे जिन्हें पुलिस टीम द्वारा पकड़ लिया गया। नाम पता पूछने पर घायल अभियुक्त ने अपना नाम आकाश विश्वकर्मा पुत्र भारत विश्वकर्मा निवासी रामपुर गोसाई थाना जगदीशपुर बताया जिसके कब्जे से 7 चाभी का एक गुच्छा, एक तमंचा, 2 खोखा कारतूस व 2 जिन्दा कारतूस बरामद हुआ, दूसरे ने अपना नाम अंकित विश्वकर्मा पुत्र प्रवेश विश्वकर्मा निवासी बिराज थाना मोहनगंज बताया जिसके कब्जे से एक पायल बरामद हुई तथा तीसरे ने अपना नाम शिवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ सत्यम सिंह पुत्र देवेन्द्र प्रताप सिंह निवासी बिराज थाना मोहनगंज बताया जिसके कब्जे से लूटा हुआ एक ओपो कंपनी का मोबाइल फोन बरामद हुआ है। मौके पर खड़ी हीरो स्पेलेण्डर प्लस मोटरसाइकिल सं यूपी 36 पी 9983 के कागज मांगने पर दिखा न सके। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## ट्रक-डीसीएम की टक्कर में चपेट में आए बाइक सवार दंपति घायल



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** रविवार को पीपरपुर थाना अंतर्गत घोरहा पावर हाउस के पास तेज रफ्तार ट्रक और डीसीएम की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पास से गुजर रहा एक बाइक सवार दंपती इसकी चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक और पिकअप की टक्कर के दौरान बाइक सवार युवक दिनेश गुप्ता पुत्र छेदीलाल गुप्ता और उनकी पत्नी सुषमा निवासी चंदौकी, लोहारन का पुरवा गंभीर रूप से घायल हो गए। आस पास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल सीएचसी भेंटुआ ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत नाज़ुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# डीएफओ ने अवैध कटान की लकड़ी पकड़कर डीसीएम किया सीज

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।



डीएफओ आकाशदीप बधावन के दिशा निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बीती रात वन दरोगा अनुज कुमार सिंह द्वारा लकड़ी के कोयले का अवैध परिवहन कर रही डीसीएम को पड़कर कार्यवाही की गई है।

जानकारी के अनुसार वन दरोगा अनुज कुमार सिंह बीती रात अपने कार्य क्षेत्र में रात्रि गश्त कर रहे थे कि तभी मध्य रात्रि हैदरगढ़ महाराजगंज मार्ग पर रायबरेली की सीमा से एक डीसीएम वाहन आता हुआ दिखाई दिया संदेह होने पर पीछा करके उसे हैदरगढ़ चौराहे पर रोका गया। पूछताछ में वाहन चालक आशीष कुमार पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम सिकरी थाना हलियापुर जनपद सुल्तानपुर ने बताया कि वाहन पर लकड़ी का कोयला लदा हुआ है। बताया कि यह कोयला थाना महाराजगंज के रीवा गांव से लादकर राधेश्याम डिपो परनिया गली पटना बिहार ले जाया जा रहा है, परंतु मांगने पर अभिवहन पास नहीं दिखा सका। इसके बाद कोयला लदी डीसीएम को रेंज कार्यालय लाया गया। वन दरोगा ने बताया कि वाहन पकड़ने के लगभग 20 मिनट बाद अयाज निवासी हलोर थाना महाराजगंज का फोन आया और उसने अभिवहन पास अपने पास होना बताया। एक-एक करके उसने दो अभिवहन पास व्हाट्सएप के माध्यम से भेजें जो सन्देहास्पद नजर आए जिनकी तहकीकात में बछरावां रेंज में तैनात वन क्षेत्र अधिकारी नावेद सिद्दीकी ने बताया कि दोनों अभिवहन पास फर्जी हैं। जब अभियुक्त अयाज से कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया यह भी स्वीकार किया कि यह कार्य पिछ्ले कई वर्षों से करता चला आ रहा है।

# डीएम ने नगर पालिका परिषद का किया औचक निरीक्षण

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।



जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने नगर पालिका परिषद महमूदाबाद का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नगर पालिका महमूदाबाद के ग्रान्ट रजिस्टर, चेक रजिस्टर, वन्दन योजना, कान्हा गौशाला, तालाब पोखर, अन्त्येष्टि स्थल/जल निकासी, सेक्टर पेयजल, गृहकर एवं डिमाण्ड रजिस्टर आदि विभिन्न पटलों को देखा एवं आवश्यक दस्तावेज का अवलोकन किया। अधिशासी अधिकारी को चेतावनी पत्र निर्गत करने के साथ प्रतिलिपि जॉइंट डायरेक्टर को करने के निर्देश दिये। जिलाधिकाररी ने जन्म प्रमाण-पत्र के आवेदनकर्ता से वार्ता की। उन्होंने जनसुनवाई एवं आई0जी0आर0एस0 रजिस्टर का अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने जलकल प्रभाव पत्रावली एवं पट्टा आदि पटल का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने रजिस्टर अद्यतन न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये सुधार हेतु एक माह का समय दिया। उन्होंने दस्तावेजों के रख-रखाव को सही ढंग से न रखने पर पटल बाबू को चेतावनी पत्र निर्गत करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने संकटा देवी मंदिर एवं अन्य निर्माणाधीन कार्यों को देखा एवं संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि मानक के अनुरूप एवं ससमय ढंग से सभी कार्यों को पूर्ण किया जाये, यह सुनिश्चित किया जाये।



## महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के प्रति जागरूकता के लिए निकाली गई रैली

**बिसवां, समृद्धि न्यूज।** सीतापुर इनर व्हील क्लब बिसवा द्वारा अध्यक्षा गुरमीत कौर के संयोजन में महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के प्रति जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के प्रति समाज में संवेदनशीलता बढ़ाना था। कार्यक्रम के तहत पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें प्रधानाचार्या अल्पना अवस्थी के नेतृत्व में कृष्ण स्वरूप अग्रवाल सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अमर नगर बिसवां की छात्राओं ने प्रभावी संदेश प्रस्तुत किए। नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा, जिसमें छात्राओं ने महिलाओं पर बढ़ती हिंसा, सामाजिक कुरीतियों और आत्मनिर्भरता को संवेदनशील ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में क्लब की सक्रिय सदस्य गुंजन सेठ, रेनू मेहरोत्रा, अंजली राजवंशी, सुनीता अग्रवाल, निधि सिंघल, ऋचा गुप्ता और मीरा सिंघल उपस्थित रहीं, जिनकी सहभागिता ने कार्यक्रम को सशक्त बनाया। अंत में अध्यक्षा गुरमीत कौर एवं सचिव तुलसी गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# समाजसेवियों की पुण्यतिथि पर गोष्ठी आयोजित

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।



अखिल भारतीय पासी समाज द्वारा समाजसेवी रहे राम रत्न वैद एवं लाल जी भार्गव की पुण्यतिथि समारोह श्रद्धा पूर्वक बनाई गई इस अवसर पर विशाल गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आए हुए अतिथियों ने दोनों समाजसेवियों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि समर्पित कर विस्तार से अपने भाव रखे गए कार्यक्रम के संयोजक रमेश भार्गव दीपू ने सफल कार्यक्रम का आयोजन किया। अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि पासी समाज को शिक्षित संगठित एवं सामाजिक कुरीतियों से दूर करने के लिए हमारा संगठन निरंतर प्रयत्नशील है और इन्हीं उद्देश्यों से उक्त दोनों समाजसेवियों ने अपना संपूर्ण जीवन लगा दिया है। हमें उनके अधूरे सपने को पूरा करना है और इसके लिए सभी को एकजुट होना है कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष भाजपा अचिन मेहरोत्रा खैराबाद ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा कृष्ण कुमार वर्मा राजेश्वर दयाल रस्तोगी विश्राम सागर राठौड़ राजा दिनकर प्रताप सिंह कंचन प्रभा पांडे रामस्वरूप भार्गव समेत समाजसेवी व जनसामान्य उपस्थित रहे।।

# जिले में सबसे अनूठी होगी नगर पालिका की कान्हा गौशाला

**पालिकाध्यक्ष ने की निर्माण कार्य की समीक्षा**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर में फर्रुखाबाद रोड पर हाजी मुंशी जमील अहमद ईंट भट्ठा के पीछे एक करोड़ 65 लाख रुपए की लागत से नगर पालिका की कान्हा गौशाला बन रही है। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे का दावा है कि यहां विकसित की जा रही सुविधाओं से यह जिले में सबसे अनूठी गौशाला होगी।

यहां पर स्थलीय निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं स्थल पर हो रही व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन कर उन्होंने कहा इस गौशाला के लिए वर्ष 2019 में बजट स्वीकृत हुआ था लेकिन निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया।

अब मेरे कार्यकाल में इसे बनाया जा रहा है लेकिन 2019 के मुकाबले 2025 में हर सामान की कीमत काफी बढ़ चुकी है। इसके कारण कोई ठेकेदार घाटा उठाकर इसे बनाने को तैयार नहीं था लेकिन इसके बावजूद एक ठेकेदार ने हिम्मत जुटाई और लाखों रुपए का नुकसान देखते हुए भी अपनी धार्मिक आस्था के कारण इसका निर्माण शुरू कर दिया। गौशाला में पांच शेड बनाए गए हैं। हर शेड में 26 पंखों के लिए, शहर के दानदाताओं ने स्वीकृति दी है।

गर्मी में गायों के नहाने के लिए रैंप वाला तालाब बनाया जा रहा है और बाउंड्री वॉल के सहारे पौधारोपण किया गया है। बायोगैस संयंत्र बनाकर गाय के गोबर से चलाया जाएगा प्रवेश द्वार के पास ही केयरटेकर एवं डॉक्टर के लिए क्वार्टर और टॉयलेट बनाया जा रहा है। कान्हा गौशाला के पास ही ग्राम दिलू नगला की जमीन है। एसडीएम से वार्ता करके इसे चारागाह के लिए लिया जाएगा।

### प्रवेश द्वार पर लगेगी कृष्ण की मूर्ति

कान्हा गौशाला के निर्माण में लगे ठेकेदार ने स्वयं के खर्च पर राजस्थान शैली में बनने वाले प्रवेश द्वार पर गोपालक भगवान कृष्ण की मूर्ति गाय के साथ स्थापित करने की बात कही है।

### ग्रामीण परिवेश के अनुसार बनेगा फूस बंगला

पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा कान्हा गौशाला में एक कोने पर पड़ी खाली जमीन में उनकी योजना ग्रामीण परिवेश पर आधारित फूस बंगला बनाने की है। इसमें गांव के अनुसार ही खटिया चूल्हा लालटेन आदि की व्यवस्था रहेगी। शहर के लोग यहां आकर ग्रामीण परिवेश में अपना समय गुजारने के साथ गौ सेवा भी कर सकेंगे।

# दिव्यांग छात्रा ईशु के नृत्य ने रच दिया इतिहास

**छिबरामऊ (कन्नौज), समृद्धि न्यूज।**



प्राथमिक विद्यालय मिघौली में मेरा गाँव मेरा विद्यालय अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग छात्रा ईशु ने अपनी शारीरिक अक्षमता को चुनौती देते हुए ऐसा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया कि पूरा प्रांगण तालियों से गूंज उठा और दर्शकों की आँखें नम हो गईं। ईशु ने नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीतकर सबका दिल जीत लिया।

मुख्य अतिथि एआरपी योगेश यादव ने कहा कि यह अभियान गाँव के हर व्यक्ति को विद्यालय से जोड़ने की शासन की महत्वाकांक्षी पहल है। बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने और गाँव के विद्यालय को मजबूत बनाने में सभी की भागीदारी जरूरी है। इसके अलावा एआरपी अच्युत त्रिपाठी, राजेश गौतम, अर्चना चतुर्वेदी एवं सुशील दुबे ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि गाँव का विद्यालय गाँव की पहचान होता है और इसे मजबूत बनाने में हर ग्रामीण की भागीदारी जरूरी है।

इस दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में कुर्सी दौड़ में कार्तिक ने प्रथम, पोस्टर में दुर्गा ने, नाटक में कंचन व साक्षी की जोड़ी ने बेहतरीन अभिनय किया। अंत में स्कूल चलो अभियान एवं मेरा गाँव मेरा विद्यालय के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। साथ ही आकर्षक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया जहाँ बच्चे, अभिभावक और अतिथि उत्साह से फोटो खिंचवाते नजर आए। समापन समारोह में ग्राम प्रधान मनोज यादव एवं एआरपी टीम ने सभी विजेता छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर एवं माल्यार्पण करके सम्मानित किया। अध्यक्षता कर रहे ग्राम प्रधान मनोज यादव व प्रधानाध्यापक दलबीर सिंह ने सभी के प्रति आभार जताया। इस दौरान विशाल पाठक, संजय शर्मा सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## पुलिस ने की होटलों के फायर सिस्टम की जांच



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से कोतवाली पुलिस व फायर सर्विस की टीमों ने नगर के सभी होटलों में फायर सेफ्टी सिस्टम की गहन जांच की। होटलों के फायर एक्सटिंग्विशर, अलार्म सिस्टम, स्प्रिंकलर और आपातकालीन निकासी मार्ग को टीम ने बारीकी से परखा। कोतवाल विष्णुकांत तिवारी ने बताया कि किसी भी अनहोनी को रोकने के लिए यह अभियान चलाया गया है। होटल संचालकों को फायर सिस्टम हमेशा चुस्त-दुरुस्त रखने के सख्त निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस बल के साथ रीडर्स फायरमैन ओमवीर सिंह व सिपाही सचिन पांडेय मौजूद रहे।

# रिकॉर्ड तोड़ 11,000 निशान यात्रा पर जताया आभार

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



विगत शुक्रवार को नगर में 11,000 से अधिक निशानों के साथ निकली खाटू श्याम बाबा की ऐतिहासिक शोभा यात्रा सकुशल संपन्न होने पर श्री खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने यात्रा की भव्य सफलता पर सभी श्याम भक्तों, समिति के पदाधिकारियों, शुभचिंतकों तथा पुलिस प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा यह सफलता केवल हमारी नहीं, बल्कि लाखों श्याम प्रेमियों की अटूट श्रद्धा और बाबा श्याम के प्रति अगाध भक्ति का परिणाम है। समिति के सभी सदस्यों व स्वयंसेवकों ने दिन-रात एक करके इस आयोजन को अभूतपूर्व बना दिया। यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएँ, बच्चे व युवा शामिल हुए तथा पूरा नगर श्याम प्यारा के जयकारों से गूँज उठा। इस बार की निशान यात्रा ने पिछले सभी रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं।

बाबा खाटू श्याम की कृपा से अगले वर्ष यह आयोजन और भी विशाल होगा। सभी भक्तों का एक बार फिर धन्यवाद, जय श्री श्याम!

# बच्चों ने योग सीखकर जाना स्वस्थ जीवन का रहस्य

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



पंडित कन्हैयालाल अग्निहोत्री इंटर कॉलेज चियासर में आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से नवमानवतावाद, ध्यान-योग एवं आसनों पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वस्थ रहने के लिए योग की बारीकियां सीखीं।

मुख्य प्रवक्ता आनंद मार्ग के आचार्य सिद्धविद्यानंद अवधूत जी ने बच्चों को कौमार भ्रंशासन, सर्वांगासन, मत्स्येंद्रासन सहित कई महत्वपूर्ण आसन सिखाए तथा बताया कि नियमित अभ्यास से स्मरण शक्ति बढ़ती है और शरीर निरोगी रहता है। बच्चों ने भी आसन करते हुए भरपूर आनंद लिया और नवमानवतावाद पर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में आनंद मार्ग कन्नौज के भुक्ति प्रधान अभिनव त्रिपाठी ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। आचार्य ज्ञान देव ब्रह्मचारी ने कहा कि ध्यान और योग से मन शांत होता है तथा व्यक्ति समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी बेहतर तरीके से निभा सकता है। कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों को डायरी एवं पेन देकर पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य आशीष कुमार अग्निहोत्री एवं शिवराम सिंह कुशवाहा ने आनंद मार्ग के आचार्य सिद्धविद्यानंद जी, आचार्य ज्ञान देव ब्रह्मचारी, ब्रह्मचारिणी वेदिका, आचार्य अभिनव कुमार, राजुकुमार आदि का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पाइपलाइन टूटने से अनेको आवासों में नहीं हो पा रही जलापूर्ति

**मोहल्ला मुरली मनोहर के वाशिंदे बूंद-बूंद पानी को परेशान**

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**



नगर मोहल्ला मुरलीमनोहर में पुरानी पाइपलाइन आधा महीने से ज्यादा समय टूटी हुई है। पाइपलाइन टूटने के कारण पानी की बर्बादी हो रही है तथा लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है।पानी न पहुंचने से लोग परेशान हैं।

नगर में पुरानी पाइपलाइन से पानी आपूर्ति हो रही है। जर्जर पाइपलाइनों से पानी आपूर्ति होने से नगर में जगह जगह पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गयी है जिससे पानी की बर्बादी हो रही है। मोहल्ला मुरलीमनोहर में जब्बार मंसूरी के मकान के पास लगभग 20-25 दिन से पाइपलाइन टूटी हुई है तथा नयी पाइपलाइन भी डली हुई है। पुरानी पाइपलाइन टूटी होने के पानी बह रहा है। प्रतिदिन हजारों लीटर पानी की बर्बादी हो रही है। सड़क पर पानी बहने से सड़क भी खराब हो गयी है। पाइपलाइन टूटने के आसपास के घरों में पानी ठीक से नहीं पहुंच रहा है जिससे लोगों को दिक्कत हो रही है। अवर अभियंता आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि उन्हें जानकारी नहीं है पता करके उसे ठीक करा दिया जायेगा।

## खबरें एक नजर में

### इंस्पेक्टर मौत मामले में महिला सिपाही को जेल

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** पांच दिसंबर को कुठौंद थाने में इंस्पेक्टर अजय राय की मौत मामले में नामजद महिला सिपाही मीनाक्षी को पुलिस को पकड़कर जेल भेज दिया। तो वहीं पुलिस टीमे उसके पास से मिले तीन मोबाइलों का डाटा खंगाल रहा है। यदि पुलिस को जांच के दौरान नये तथ्य मिले तो और भी लोग इसके लपेटे में आने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। जबकि वैज्ञानिक एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित है। उक्त जानकारी सीओ जालौन द्वारा मीडिया से बातचीत के दौरान बतायी।

### सड़क हादसे में घायल महिला ने तोड़ा दम



**कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज।** नगर में बीते 29 नवंबर 2025 को हुए भीषण सड़क हादसे में एक और मौत हो गई है। ज्ञात हो कि पिकअप और ई-रिक्शा की आपस में हुई जोरदार भिड़ंत में कुल छह लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। हादसे के कुछ दिन बाद एक महिला की मृत्यु हो चुकी थी, वहीं आज उसी हादसे में गंभीर रूप से घायल एक अन्य महिला ने भी उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतका की पहचान राजकुमारी उर्फमुटरो पत्नी सत्यप्रकाश द्विवेदी उर्फसद्दू महाराज, उम्र लगभग 55 वर्ष, निवासी पटेल नगर, सागर तालाब के पास, पुराना अस्पताल कोंच, जालौन के रूप में हुई है। दुर्घटना में उन्हें गंभीर चोटें आई थीं, जिसके बाद से उनका लगातार इलाज चल रहा था, लेकिन हालत में सुधार न होने के कारण आज उन्होंने अंतिम सांस ली। परिवार और क्षेत्र में इस खबर से शोक की लहर है। स्थानीय लोगों के अनुसार दुर्घटना के दिन ई-रिक्शा सवारों को भारी चोटें आई थीं, जिनमें ज्यादातर को उरई और कानपुर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। यह हादसा क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और लापरवाही से वाहन चलाने को लेकर कई सवाल भी खड़े करता है। हादसे में अब तक दो लोगों की जान जा चुकी है, जबकि अन्य घायलों का इलाज जारी है।

### न्यायालय की अवमानना में एक माह का सिविल कारावास

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** यहां के वाह्य न्यायालय में सिविल जज (जूनियर डिवीजन) ने न्यायालय की अवमानना में तीन लोगों को एक माह के सिविल कारावास की सजा दी है। सिविल जज (जू0डि0) नन्दिनी उपाध्याय ने 4 दिसंबर को प्रकीर्ण बाद संख्या-23/74/2003 जो 24.02.2003 से लम्बित चला आ रहा था, उसमें विपक्षीगण सहदेव सिंह पुत्र रामस्वरूप, महावीर एवं अमर सिंह पुत्रगण शिवदयाल, निवासीगण ग्राम नन्दपुर, पोस्ट नौली, परगना व तहसील छिबरामऊ, जनपद कन्नौज को मूलवाद संख्या 56/2003 में पारित आदेश दिनांकित 19.02.2003 की अवमानना / उल्लंघन करने का दोषी पाते हुये एक माह तक सिविल कारावास के दण्ड से दण्डित किया है। उक्त बाद में वादी के अधिवक्ता संजीव कुमार श्रीवास्तव थे और विपक्षीगण के अधिवक्ता प्रणव कुमार थे।

### सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन 9 से

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** तीसरी वर्ष श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर परिसर में सवा लाख श्रीहनुमान चालीसा का पाठ होने जा रहा है। एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रमों को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं तथा भक्तों के नामांकन प्रक्रिया चल रही है। उरई मार्ग स्थिति श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर परिसर में पुष्य नक्षत्र में 9 दिसंबर 25 मंगलवार से सवा लाख श्रीहनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन होने जा रहा है। मंदिर परिसर में भक्त पहुंचकर अपनी इच्छानुसार श्रीहनुमान चालीसा का पाठ करके सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ में अपना सहयोग करेंगे। मंदिर के पुजारी कमलेश महाराज ने बताया कि इसके लिए तैयारियां की जा रही है। भक्तों के बैठने की व्यवस्था के साथ्ज्ञ ही पाठ करने के लिए भक्तों को श्रीहनुमान चालीसा उपलब्ध कराया जाएगा। भक्तों को ठंड से बचाव के लिए अलाव की भी व्यवस्था रहेगी। मंगलवार 9 दिसंबर से शुरू हो रहा यह आयोजन एक सप्ताह तक चलेगा।सवा लाख श्री हनुमान चालीसा का पाठ करने के लिए भक्तों के नाम लिखे जा रहे हैं। बड़ी संख्या में भक्त अपना नाम लिखवा रहे हैं।

### ससुरालियों की प्रताड़ना से बेटी की मौत मामले में सीओ को सौंपा शिकायती पत्र

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** ससुरालियों द्वारा अतरिक्त दहेज की मांग करने और मांग पूरी न होने से बेटी को प्रताडित करने एवं बीमार होने पर उचित उपचार न होने के चलते उसकी मृत्यु होने का आरोप लगाते हुए पिता ने सीओ को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकरीराजा निवासी अरूण कुंमार ने सीओ शैलेंद्र बाजपेई को शिकायती पत्र देकर बताया कि उन्होंने अपनी बेटी सोनम की शादी एक जून 2021 को काशीपुरा निवासी संजय के साथ की थी। शादी के बाद ससुराल के लोग अतिरिक्त दहेज के रूप में कार की मांग करने लगे। जब उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो ससुरालियों ने बेटी को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया और उसे भूखा रखा। जिसके चलते वह बीमार हो गई। बीतार होने के बाद भी ससुराल के लोगों ने उसका सही से इलाज नहीं कराया। जिससे बीमारी बढ़ती गई। बेटी को वह लेकर आए और उसका भोपाल और ग्वालियर में इलाज कराया। लेकिन डॉक्टर उसे बचा नहीं पाए और लगभग दो माह पूर्व बेटी की मौत हो गई। पिता ने ससुरालियों पर सही इलाज न कराने का आरोप लगाते हुए ससुरालियों के खिलाफकार्रवाई की मांग सीओ से की है। पिता की तहरीर पर सीओ मामले की जांच कर रहे हैं।

## अभिमान चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, ईश्वर की शक्ति के आगे नहीं टिकता




**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** जोशियाना स्थित लल्ला तिवारी के आवास पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में चौथे दिन भागवताचार्य सुखनंदन मयूर ने गजेंद्र मोक्ष, वामन अवतार तथा भगवान श्रीकृष्ण जन्म के पावन प्रसंगों का वर्णन किया। जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। भागवताचार्य ने गजेंद्र मोक्ष का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि हाथी गजेंद्र जब मगर के अत्याचार से व्याकुल होकर भगवान को पुकारता है, तब श्रीहरि अपने वाहन गरुड़ पर सवार होकर तत्काल उसकी सहायता के लिए पहुंचते हैं और उसके दुखों का अंत कर उसे मोक्ष प्रदान करते हैं। वामन अवतार की कथा का वर्णन करते हुए बताया कि अभिमान चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, ईश्वर की इच्छा और धर्म की शक्ति के आगे टिक नहीं सकता। कथा का मुख्य आकर्षण भगवान श्रीकृष्ण जन्म का दिव्य और उल्लासपूर्ण प्रसंग रहा। भागवताचार्य ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा के साथ भागवताचार्य ने देवकी-वसुदेव की वेदना, कंस का अत्याचार, और भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के समय हुई अद्भुत अलौकिक घटनाओं के बारे में बताया। जैसे ही कथा में श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग आया, श्रद्धालु भाव-विभोर होकर जयकारों के साथ झूम उठे और वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस मौके पर पारीक्षित कुसुमलता, उदयनारायण, आरती मिश्रा, रोहित मिश्रा, शिवांश मिश्रा, राघव तिवारी, सत्यम तिवारी, ज्योति तिवारी, पंकज, ईशान, लव, धैर्य, राघव, कान्हा आदि मौजूद रहे।

## विधायक, महंत ने संयुक्त रूप से किया भदेख में दंगल का शुभारंभ



**कुठौंद (जालौन), समृद्धि न्यूज।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष स्व. गेंदालाल की याद में ग्राम भदेख में दंगल का आयोजन हुआ जिसका शुभारंभ विधायक विनोद चतुर्वेदी व ढड़ेश्वरी मंदिर के महंत सिद्धराम दास ने संयुक्त ने किया। इस अवसर पर विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि दंगल हमारी प्राचीन परंपरा है जिसे आज भी ग्रामीणांचल के लोग बड़ी उत्सुकता से देखने आते हैं। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष दंगल आयोजन के दौरान वह यथासंभव सहयोग करने में पीछे नहीं रहेंगे। उन्होंने दंगल का आयोजन कराने वाले सभी ग्रामीणों की सराहना भी की। महंत सिद्धराम दास ने कहा कि पहलवानी करना सदियों से युवाओं का शौक रहा है। यही कारण है कि ग्रामीणांचल में यह शौक आज भी जिंदा है। समय-समय पर दंगल आयोजन होते रहते हैं जहां दूर दराज के पहलवानों की कुश्ती देखकर ग्रामीण रोमांचित हो उठते हैं। दंगल में रेफ्री अपने जमाने के माने हुए पहलवान राम प्रकाश शुक्ला, राजेंद्र कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर दंगल के मुख्य आयोजक बृजेश कुमार चतुर्वेदी, अटल चतुर्वेदी रमेश चतुर्वेदी, मनोज चौबे पहलवान, छोटे, दीपू उपाध्याय, प्रवीण उपाध्याय जगत अग्निहोत्री, सत्यनारायण अग्निहोत्री, श्यामा चरण त्रिपाठी, कैलाश नारायण तिवारी, राम सजीवन त्रिपाठी, अवध बिहारी त्रिपाठी, ओम नारायण त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# भाकियू (अवधेश) ने किया संगठन का विस्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय किसान यूनियन अवधेश के केम्प कार्यालय पर आयोजित विशाल किसान महापंचायत में संगठन का विस्तार किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी ने अनूप कुमार शुक्ला को राष्ट्रीय अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ राजा बख्श सिंह को प्रदेश प्रभारी, अमित कुमार अवस्थी को प्रदेश संगठन मंत्री, आशीष कुमार मिश्रा प्रदेश महासचिव विकास वैसला को प्रदेश उपाध्यक्ष दिल्ली, गौतम बुद्ध नगर से राहुल कुमार की जिला प्रभारी, पवन कुमार को जिला प्रवक्ता, विशेष कुमार को जिला उपाध्यक्ष, आनन्द को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रिंकू कुमार को जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ,नवीन कुमार को जिला उपाध्यक्ष, निरंजन को जिला महासचिव, दुर्गेश वैसला जिला सचिव, संदीप कुमार को जिला सचिव, अमरोहा से राजेंद्र सिंह को जिलाध्यक्ष, अनुज कुमार को जिला महामंत्री, जितेन्द्र कुमार मिश्र को जिलाध्यक्ष हरदोई, बुलंदशहर से शलश को जिला प्रभारी, राकेश पाल को जिला सचिव, सचिन यादव जिला प्रभारी, शम्भू सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विवेक कुमार को जिला उपाध्यक्ष एटा, बलवीर यादव को जिला सचिव अम्बेडकर नगर व पुनीत कश्यप को जिला उपाध्यक्ष मैनपुरी नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी ने सभी नये पदाधिकारियों को संगठन के नियमों से अवगत कराते हुए किसानो के उत्पीड़न को रोकने की शपथ दिलाई।

प्रदेश अध्यक्ष संतोष पाठक के संचालन में हुई महापंचायत में विवेक गुप्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अश्विनी मिश्रा जिलाध्यक्ष, अरविन्द कुमार जिलाध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ, नितिन कुमार जिला उपाध्यक्ष मैनपुरी, शैलेंद्र कुमार जिलाध्यक्ष मैनपुरी सहित तमाम किसान पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 2743 मरीजों को मिला इलाज, 28 लाभार्थियों को दिए आयुष्मान गोल्डन कार्ड

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

**उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा**



रविवार को जनपद के सभी 33 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 03 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। मेले में सुबह से ही नागरिकों की भीड़ उमड़ती रही और लोगों ने विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

नोडल अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार (उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी) तथा सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों ने विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने व्यवस्थाओं की समीक्षा कर जरूरी दिशा- निर्देश भी दिए। मेले के दौरान लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच, चिकित्सा परामर्श, बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, परिवार नियोजन सेवाएँ, हेपेटाइटिस-बी एवं सी की जाँच, टीबी सम्भावित रोगियों की स्क्रीनिंग, नेत्र परीक्षण सहित आयुष्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड बनाए जाने की सुविधा उपलब्ध कराई गई। मेले में कुल 2743 रोगियों, 1125 पुरुष, 1081 महिलाएँ और 537 बच्चों ने विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। इसके साथ ही 28 आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाकर पात्र लाभार्थियों को प्रदान किए गए। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मेले का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी नागरिकों को निःशुल्क तथा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है।

# दबंग मिट्टी माफियाओं के आगे घुटने टेक रहे जिम्मेदार अधिकारी

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



**बनफरा व चुर्खी रोड पर ओवरलोड ट्रैक्टरों की धमा चौकड़ी**

**ओवरलोड ट्रैक्टरों की फर्राटा रेस के चलते साइकिल से स्कूल नहीं जा पा रहे बच्चे**

जिला मुख्यालय उरई में मिट्टी माफिआओं का खौफआम आदमी के सिर चढ़कर बोल रहा है जिसे देखकर लगता है कि मिट्टी माफिआओं के आगे जिम्मेदार अधिकारियों ने मानो घुटने ही टेक दिये हो। मिट्टी भरे ट्रैक्टरों की फर्राटा रेस देखकर आम राहगीर का भी दिल सहम जाता है। यही कारण है कि कई गांवों के ग्रामीणों ने अपने बच्चों को साइकिल से विद्यालय तक भेजना बंद कर दिया है।

चुर्खी रोड और उससे निकले बनफरा रोड पर चल पाना लोगों के बस की बात नहीं है इन सड़कों पर सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए जाने वाले लोग दहशत में है कि न जाने कब तेज रफ्तार निकलने वाला मिट्टी से लदा ओवरलोड ट्रैक्टर उन्हें टक्कर न मार दे बनफरा रोड की तो हालत और भी खराब है 2 दिसंबर को चुर्खी रोड उरई विकास प्राधिकरण के बगल से निकले चिरौंजी लाल चौराहे तक जाने वाले बनफरा रोड पर ओवरलोड मिट्टी ट्रैक्टरों की धमा चौकड़ी ने ग्राम बनफरा से पढ़ने उरई आने वाले बच्चों के अभिभावकों के मन में दहशत भर दी है क्योंकि साइकिल से पढ़ने जाने वाले बच्चों को तेज रफ्तार ओवरलोड ट्रैक्टरों का सामना करना पड़ता है और अगर जरा सा चूके तो फिर ऊपर वाला ही मालिक है। ट्रैक्टरों की धमा चौकड़ी से परेशान ग्राम बनफरा के ग्रामीणों का गुस्सा तब और फूट पड़ा जब मिट्टी से भरा ओवरलोड ट्रैक्टर रोड पर फंस गया और फिर नए बने रोड को निकालने के चक्कर में उधेड़ने लगा आक्रोषित ग्रामीणों ने डायल 112 बुलाकर शिकायत भी दर्ज कराई लेकिन उसका कुछ भी परिणाम नहीं निकला क्योंकि रात के समय ओवरलोड मिट्टी ट्रैक्टरों की धमा चौकड़ी फिर से शुरू हो गई। अब लाखों की लागत से बने बनफरा रोड को मिट्टी माफिया कब तक सलामत रहने देंगे यह तो समय बताएगा लेकिन ओवरलोड ट्रैक्टरों की रफ्तार ने मॉर्निंग बाक के लिए निकलने वाले सीनियर सिटीजन को घर में कैद रहने के लिए मजबूर कर दिया है कमोबेश यही हाल चुर्खी रोड का भी है चक जगदेवपुर, अमगुवा, गुढ़ा आदि आसपास के गांव में दिन रात जेसीबी धरती का सीना चीर रही है जिसकी आवाज जिम्मेदारों को सुनाई नहीं दे रही है अब ऐसा भी नहीं है कि जिम्मेदारों को मिट्टी माफिआओं के बारे में जानकारी ना हो लेकिन जिस तरह से मिट्टी माफिआओं को संरक्षण दिया जा रहा है वह जिम्मेदारों की नियत में खोट को उजागर कर रहा है फिलहाल तो हर रोज मॉर्निंग वॉक के लिए निकलने वाले संभरान्त जनों ने जिम्मेदारों का ध्यान आकर्षित करते हुए मांग की है कि भले ही मिट्टी माफिआओं से साठ गांठ बनी रहे और मिट्टी का अवैध खनन होता रहे लेकिन सड़कों पर फर्राटा भरने वाले ओवरलोड ट्रैक्टरों की रफ्तार को जरूर धीमा करवा दिया जाए जिससे राह चलने वाले मॉर्निंग वॉक को निकालने वाले लोगों को ट्रैक्टरों से कुचलकर मरने का खतरा महसूस ना हो और ग्राम बनफरा के लोग फिर से अपने बच्चों को स्कूल भेजने में हिचक महसूस न करें।

# मेडिकल कॉलेज में सात आवासों से लाखों के आभूषण व नकदी पार

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



**पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज, कर्मियों में दिखा आक्रोश**

राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई परिसर में शनिवार रात एक सनसनीखेज चोरी की वारदात ने पूरे क्षेत्र को हिलाकर रख दिया। मेडिकल कॉलेज के अंदर बने सात सरकारी आवासों में चोरों ने धावा बोलकर करोड़ों रुपए की ज्वैलरी और नगदी पर हाथ साफ कर दिया।

वारदात को बेहद शातिर तरीके से अंजाम दिया गया जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं। वारदात उस समय हुई जब नर्सिंग स्टाफ अपनी ड्यूटी पर गया हुआ था। स्टाफ के घरों में किसी के न होने का फायदा उठाते हुए चोरों ने एक-एक कर कई आवासों के ताले तोड़ दिए।

जब सुबह ड्यूटी से लौटे कर्मचारियों ने जब अपने घरों का दृश्य देखा तो स्तब्ध रह गए दरवाजे टूटे हुए मिले अलमारियों का सामान बिखरा पड़ा था और कीमती गहने,नकदी गायब थे। घटना की जानकारी मिलते ही मेडिकल कॉलेज परिसर में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में कर्मचारी मौके पर इकठ्ठा हो गए।

सूचना मिलने पर कोतवाली उरई पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची और जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है जिससे चोरों की गतिविधियों के बारे में महत्वपूर्ण सुराग मिलने की उम्मीद है। साथ ही फोरेंसिक टीम ने मौके से फिंगरप्रिंट, फुटप्रिंट और अन्य वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्रित किए जो जांच में अहम भूमिका निभाएंगे। इस घटना ने मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा प्रणाली की पोल खोलकर रख दी है। कॉलेज परिसर में बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मी तैनात होने के बाबजूद इतनी बड़ी चोरी कैसे हो गई यह सबसे बड़ा सवाल बनकर उभर रहा है।

### सुरक्षा में बड़ी लापरवाही, कौन लेगा जिम्मेदारी

बड़ी संख्या में सिक्योरिटी गार्ड तैनात होने के बावजूद सुरक्षा में इतनी बड़ी चूक कैसे हुई? यह प्रश्न अब कॉलेज प्रशासन एवं सुरक्षा एजेंसी सभी पर गंभीर रूप से उत्तरदायित्व तय करता है कि जब मेडिकल कॉलेज के अंदर बड़ी संख्या में सिक्योरिटी गार्डों की मौजूदगी है फिर इतनी बड़ी चूक कैसे वहीं नर्सिंग स्टाफऔर अन्य कर्मचारियों में इस घटना को लेकर भय और आक्रोश जैसा माहौल देखने को मिला। सभी ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन से सख्त सुरक्षा व्यवस्था और घटना के जल्द खुलासे की मांग उठाई है।

### सिक्योरिटी गार्डों की भूमिका पर खड़े हुए सवाल

राजकीय मेडिकल कालेज उरई में सुरक्षा के नाम पर लाखों रुपयों का बजट खर्च किया जाता है। ताकि मेडिकल कालेज परिसर में किसी भी प्रकार से स्वास्थ्य कर्मियों में असुरक्षा की भावना न रहे। आखिरकार जब इतनी बड़ी संख्या में गार्डों की मौजूदगी है तो चोरी के समय कहां थे सुरक्षा कर्मी या फिर सुरक्षा कर्मियों को मरीजों के तीमारदारों से अभद्रता करना व उनके साथ मारपीट करना आता है। आखिर कहां से पहुंचे आवास पर चोर, कहां थे सुरक्षा गार्ड जहां आम पब्लिक का जाना रहता प्रतिबंध वहां आखिर कैसे पहुंचे चोर।






# राजपूत रेजिमेंटल सेंटर में बाई एनियल कांफ्रेंस का हुआ समापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय थल सेना में पश्चिमी कमान के पूर्व जनरल आफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने फतेहढ़ स्थित राजपूत रेजिमेंटल सेंटर में आयोजित बाई एनियल कांफ्रेंस के समापन पर पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने सेना के गैर राजनीतिक और गैर सांप्रदायिक चरित्र को उसकी सबसे बड़ी ताकत बताया तथा भविष्य की लड़ाइयों में ड्रोन युद्ध की बढ़ती भूमिका पर जोर दिया।




लेफ्टिनेंट जनरल हरजीत सिंह साही को बैटन सौंपते लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार

रविवार को लेफ्टिनेंट मनोज कुमार कटियार ने राजपूत रेजिमेंट के कर्नल ऑफ द रेजिमेंट की बैटन लेफ्टिनेंट जनरल एस0एस0 साही को सौंपी। सम्मेलन के अंतिम दिन उन्होंने देश की मौजूदा सुरक्षा स्थिति और सेना की तैयारियों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि चीन और पाकिस्तान दोनों सीमाओं पर खतरा लगातार बना हुआ है। इसलिए ऑपरेशनल तैयारियों में किसी भी तरह की ढील स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना अब पहले से कई गुना बेहतर स्थिति में है। ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए बताया कि पहलगाम हमले के जिम्मेदार आतंकवादियों को उनके ठिकानों पर जाकर समाप्त किया गयाए जो सेना की बड़ी सफलता थी। उन्होंने भविष्य के युद्धों में ड्रोन की महत्वपूर्ण भूमिका और उससे जुड़े प्रशिक्षण व सुरक्षा उपायों पर विशेष बल दिया। लेफ्टिनेंट जनरल कटियार ने दोहराया कि सेना का गैर राजनीतिक और गैर सांप्रदायिक स्वरूप ही उसकी असली शक्ति है। जिसे हर हाल में बनाए रखना चाहिए। उन्होंने राजपूत रेजिमेंटल सेंटर के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए कहा कि यह केंद्र वर्ष 1921 से देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने बताया कि देश के पहले कमांडर इन चीफ फील्ड मार्शल करिअप्पा इसी रेजिमेंट से थे।

परमवीर चक्र से सम्मानित नायक नाथ सिंह के बलिदान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि खजूरी में बना स्मारक उनके अदम्य साहस की स्मृति दिलाता है। जनरल ने बताया कि रेजिमेंट की 25 यूनिटें वर्तमान में पूर्वी लद्दाख, अरुणाचल और अन्य सीमाई इलाकों में तैनात हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में ड्रोन आधारित युद्ध निर्णायक होंगे, इसलिए अग्निवीर सहित सभी स्तरों के प्रशिक्षण में ड्रोन संचालन और सुरक्षा उपायों पर ध्यान देना आवश्यक है।

## घर से लापता बच्चे को पुलित ने आठ घन्टे में ढूंढ निकाला



पुलिस के साथ खोजा गया बच्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पिता की डांट से क्षुब्ध होकर घर से बिना बताये निकले बच्चे को पुलित ने आठ घन्टे में ढूंढ निकाला। जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पितौरा निवासी टीपू सुल्तान उम्र 9 वर्षीय पुत्र हसनैन पिता की डॉट से नाराज होकर घर से चला गया था। जिसकी शिकायत पुलिस से कि गयी। कस्बा चौकी इन्चार्ज सोमवीर सिंह अपने हमराह कांस्टेबिल विजय गुर्जर, सचिन कुमार के साथ बच्चे की खोजबीन शुरु की। 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खोजकर बच्चे को आठ घन्टे में शकुसल बरामद किया। पुलिस ने बच्चे को पिता के सुपुर्द कर दिया। बच्चे के परिजनों ने चौकी इन्चार्ज को ढेर सारी दुआएं दीं।

# बकायेदार को छूट के लिए लगा विद्युत शिविर



शिविर में मौजूद ग्रामीण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

बिजली बिल राहत योजना-2025, 01 दिसम्बर से लागू हो गयी है। लेट पेमेन्ट, सरचार्ज, ब्याज में 100 प्रतिशत की योजना की सम्पूर्ण अवधि तक छूट प्रदान की जायेगी। जिसके मद्देनजर आज विद्युत शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में पहुंचे उपभोक्ताओं का बकाया बिल और वर्तमान बिल अलग किया गया। नियमित बिल भरने वाले उपभोक्ता पिछला बकाया 500/- से 750/- की आसान किश्तों में भर सकते हैं।

सम्पूर्ण भुगतान ब्याज मुक्त रहेगा। सामान्य से बढ़ा हुआ बिल आने पर औसत बिल भरने का प्रतिधान बिजली चोरी के मामलों में निर्धारित कर में 50 तक की छूट दी गयी। जेई जावेद अहमद ने कहा इस योजना की तय छूट की शर्त को पूरा करने वाले बकायेदारों को उसका भी लाभ मिलेगा। उन्होंने बकायेदार उपभोक्ताओं से इस ऐतिहासिक छूट का लाभ उठाने की अपील की है। इस दौरान एसडीओ विनोद कनौजिया, जेई जावेद अहमद, टेक्नीनिशियन शाहिद, लाइन मैन मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# लायंस क्लब के 48वें नेत्र शिविर का डीएम ने किया शुभारंभ

- 410 मरीजों का किया गया परीक्षण, ऑपरेशन के लिए 310 चयनित

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

लायन्स क्लब के 48वें नेत्र शिविर का शुभारम्म जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने किया। यह शिविर जौरा रोड स्थित लायन्स विद्या निकेतन कायमगंज मे आयेजित किया गया। इसमे 410 नेत्र रोगियों का निःशुल्क परीक्षण किया गया। जिसमें से 310 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चुना गया। सीतापुर से आये नेत्र अस्पताल के चिकित्सक राहुल वर्मा अपने साथ लाए 12 सदस्यीय चिकित्सकों की टीम ने मरीजों का परीक्षण किया। चयनित रोगियों के ऑपरेशन कानपुर के सीतापुर नेत्र चिकित्सक में कराए जायेंगे। संस्था की जिला अध्यक्ष डा0 मिथलेश अग्रवाल ने बताया कि लायन्स क्लब पिछले 48 वर्षों से लगातार ऐसे निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित कर रहा है। इन शिविरों में फर्रुखाबाद सहित जिला हरदोई, बदॉयुं, एटा, मैनपुरी जैसे जनपदों से भी नेत्र ऑपरेशन के लिए आते हैं और कायमगंज लायन्स क्लब को नेत्र शिविरों के आयोजन के लिए इंटर नेशनल संस्था द्वारा कई बार सम्मानित किया जा चुका। यह सेवा पूरी तरह निःशुल्क है, जो मरीजों और तीमारदारों के रहने, खाने पीने, इलाज की व्यवस्था की उपलब्ध कराती है। शिविर मे संस्था की अध्यक्ष डा0 मिशलेश अग्रवाल, सदस्य अशोक अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, योगेश तिवारी, सुधीर अग्रवाल मौजूद रहे।




शिविर में मौजूद डीएम व डॉ. मिथलेश अग्रवाल आदि


## डीएम ने गरीबों को वितरित किये कंबल



गरीबों को कंबल वितरित करते डीएम व मिथलेश अग्रवाल

कायमगंज लायन्स क्लब के तत्वाधान में एक शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने ठन्ड से बचने के लिए निर्धन, बेसहरा, गरीब लोगों को कंबल बांटे। जिलाधिकारी ने कहा कि जरूरतमंदों और कमजोर लोगों की मदद करना ही सच्ची समाज सेवा है। शिविर में लायन्स क्लब की अध्यक्ष डा0 मिथलेश अग्रवाल मौजूद रहीं।

## वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कटकर मौत



मृतक का फाइल फोटो

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** घर से फोन पर बात करते हुए निकले वृद्ध की ट्रेन से कटने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजन हत्या करने की आशंका जता रहे हैं।

जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज के गांव ऊंची गधेड़ी निवासी 65 वर्षीय सत्यपाल पुत्र शिवसिंह शनिवार शाम बजे को घर पर रखी परचून की दुकान का सामान खरीदने बाजार गए थे। सामान लेकर घर पहुंचने के बाद लगभग साढ़े सात बजे सत्यपाल फोन पर किसी से बात करने के बाद घर से निकल गये। उसी दौरान गांव के ही निवासी लाइनमैन लालू को किसी ने फोन पर सूचना दी कि जसमापुर के पास ट्रेन से उनके गांव का एक व्यक्ति कट गया है। जिस पर लाइनमैन घटनास्थल के पास पहुंचा, तो सत्यपाल का मृत शरीर पड़ा मिला।

लाइनमैन ने घटना की जानकारी सत्यपाल के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने घटना की सूचना मोहम्मदाबाद कोतवाली में दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर एस0आई0 विनोद कुमार ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई समरपाल ने भाई की हत्या किए जाने की आशंका जताई। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी है।

# दो शातिर चोर चोरी के माल सहित गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली फतेहगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 328/2025 धारा-33(4)/305(ए) बीएनएस बनाम अज्ञात व मु0अ0सं0 329/2025 धारा 331(4)/305(ए) बीएनएस बनामअज्ञात से सम्बन्धित विवेचना के क्रम में प्रकाश में आए 02 अभियुक्तों को चोरी करने के उपकरण, चोरी के माल व दो तमंचा 315 बोर व 03 जिन्दा कारतूस व 01 मिस कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया है।

दिनांक 03.12.2025 की रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा ब्रह्मचारी भारत माता मन्दिर के मेन गेट व दान पात्रों का ताला तोड़कर दान पात्र से करीब 10.000 रुपये चोरी करने के सम्बन्ध में वादी की तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 328/2025 धारा-33(4)/305(ए) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था तथा दिनांक 30.11.2025 की रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा सीएनआई चर्च रखा कोतवाली फतेहगढ़ का ताला तोड़कर 01 बैटरा (एमरान कम्पनी) हरा रंग चोरी करने के सम्बन्ध में वादी की तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 329/2025 धारा-33(4)/305(ए) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। उक्त दोनों मुकदमों की विवेचना के क्रम में मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तगण 1. पंकज कुशवाह उपरोक्त, 2. बबलू शर्मा उर्फ बबलू जोशी उपरोक्त को गिरफ्तार कर अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी करने के उपकरण, चोरी का माल व 02 अवैध तमंचा 315 बोर व 03 जिन्दा कारतूस व 01 मिस कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया है।

अभियुक्त पंकज कुशवाह पर कोतवाली फतेहगढ़ में 10 मुकदमे व बबलू जोशी पर फतेहगढ़ व फर्रुखाबाद कोतवाली में 8 मुकदमें पंजीकृत हैं।



घटना की जानकारी देतीं सीओ ऐश्वर्या उपाध्याय व पकड़े गये चोर

## नवादा गांव में ट्रांसफार्मर से तेल चोरी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज के गांव नवादा निवासी अमित पाल की करनपुर-जसमई मार्ग पर खेत है। खेत में उनकी निजी समर सेबिल लगी हुई है। उस समर सेबिल के ट्रांसफार्मर को तोड़कर उसमें से शनिवार रात किसी समय अज्ञात चोरों ने हजारों रुपए का तेल चोरी कर लिया। अमित पाल के साथ-साथ उनकी समर सेबिल से कुछ दूरी पर गांव के ही निवासी बंटू श्रीवास्तव व ग्यासिंह पाल की समर सेबिल पर लगी है। उनके भी ट्रांसफार्मरों से चोरों ने तेल पार कर दिया।

अमित पाल ने बताया कि इस चोरी से तीनों ट्रांसफार्मरों को मिलाकर लगभग 18 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। ट्रांसफार्मर से तेल चोरी की घटनाएं क्षेत्र में पहले भी कई हो चुकी हैं, लेकिन अभी तक थाना पुलिस ने किसी भी तेल चोर को पकड़ा नहीं है। रविवार को थाने पहुंचकर अमित पाल ने पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

# घायल छात्र की इलाज के दौरान मौत



मृतक का फाइल फोटो



घायल को मृत घोषित करते चिकित्सक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मार्ग दुर्घटना में घायल छात्र की इलाज के दौरान लोहिया अस्पताल में मौत हो गयी। घायल चार बहनों पर इकलौता भाई था।

जानकारी के अनुसार अमृतपुर थाना क्षेत्र के कुम्हरौर गांव निवासी 17 वर्षीय बीएससी के छात्र गोविंद की शनिवार रात लोहिया अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। वह रामनिवास महाविद्यालय में बीएससी का छात्र था।

गोविंद रविवार को एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था। यह हादसा बोलेरो और डंपर की टक्कर के कारण हुआ था। हादसे के बाद उसे बरेली में भर्ती कराया गया था। जहां उसका इलाज चल रहा था। स्वास्थ्य में सुधार न होने पर परिजन उसे लोहिया अस्पताल ले आए थे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। रविवार को पुलिस ने मृतक के शव का पंचायतनामा भर पोस्टमॉर्टम को भेज दिया। गोविंद अपनी चार बहनों के बीच अकेला भाई था।

## भांजी के जन्मदिन में शामिल होने आ रहे मामा की मार्ग दुर्घटना में मौत



लोहिया अस्पताल में बैठे मृतक के परिजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शाहजहांपुर के जलालाबाद निवासी एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह अपनी भांजी के जन्मदिन समारोह में शामिल होने जा रहा था। यह घटना शनिवार देर रात कमालगंज थाना क्षेत्र के हुल्लापुर चौराहे के पास हुई।

मृतक की पहचान 20 वर्षीय अमन गिहार के रूप में हुई है। जो जलालाबाद के मंगूलाल का बेटा था। अमन बाइक से कमालगंज थाना क्षेत्र के महरुपुररावी गांव जा रहा था। जहां उसकी बहन रिंकी रहती है और उसकी बेटी का जन्मदिन था। हुल्लापुर चौराहे के पास उसकी बाइक की दूसरी बाइक से आमने.सामने टक्कर हो गई। हादसे में अमन गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे 108 एंबुलेंस की मदद से लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने शव को मोर्चरी में रखवाकर पुलिस को सूचना दी। रविवार को सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना से परिजनों में गहरा दुख है।

# विवाहिता की हालत बिगड़ी लोहिया अस्पताल में मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

विवाहिता की हालत बिगड़ गयी। उसे परिजन सीएचसी में लेकर पहुंचे। जहां हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव लहरा निवासी अंगूरी देवी उम्र 26 वर्षीय पत्नी रविदास कुमार की शनिवार की रात्रि में हालत बिगड़ने पर परिजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर फर्रुखाबाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

लोहिया अस्पताल में इलाज के दौरान अंगूरी देवी की मौत हो गई। मौत की सूचना पर मृतका के मयके से पिता जयवीर निवासी सेजना तालुक शाहजहाँनपुर अपने परिवार के साथ पहुँचे। जहाँ उन्होंने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी अंगूरी देवी का विवाह 20 फरवरी को किया था। उसके बाद बेटी के ससुरालीजनों ने सोने की अंगूठी की माँग को लेकर उसे प्रताड़ित कर बेटी को जहर देकर मारने का आरोप लगाया। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। मौके पर पहुंचे एसएसआई सुरजीत यादव ने कांस्टेबिल रोहित के साथ लोहिया अस्पताल पहुँचकर मृतका के शव का पंचनामा भरवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।



लोहिया अस्पताल में बैठे मृतका के परिजन

## यातायात पुलिस ने दो टेंपो सहित दर्जनों वाहनों के किये चालान




टेंपो का चालान करते यातायात प्रभारी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा नवाबगंज में यातायात पुलिस ने नगर में चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान यातायात प्रभारी सतेंद्र कुमार ने अपनी यातायात पुलिस टीम के सहयोग से नगर में लगभग दो दर्जन वाहनों के चालान किए और दो टेम्पो को सीज कर थाने में खड़ा कर दिया।

यातायात पुलिस टीम द्वारा नगर के मुख्य चौराहे व नगर के तिराहे पर लगभग 20 बिना हेलमेट, तीन लोग सवार दो पहिया व सीट बेल्ट न लगाए चार पहिया वाहनों के चालान किए, तो वहीं 2 टेम्पो को सीज किया। वाहनों के चालान होते देख वाहन चालकों में अफरातफरी मच गई। दो पहिया वाहन यातायात पुलिस को देख घबराकर गलियों से होकर भागते नजर आए।

इस अभियान में यातायात प्रभारी सतेंद्र कुमार के साथ आरिफ, मोहित, राज बहादुर सिंह मौजूद रहे। यातायात प्रभारी सतेंद्र कुमार ने बताया कि नगर में 20 वाहनों का चालान किया और दो टेम्पो को सीज कर थाने में खड़ा करा दिया गया है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी शक्ति को किया गया जागरुक

- पुलिस कर्मी अपने-अपने क्षेत्र में सम्पर्क कर दे रहे हैं हेल्पलाइन की जानकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।



महिलाओं को जागरुक करती महिला पुलिस



स्थानीय महिलाओं को जागरुक करती पुलिस

मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों व ग्रामीण पर महिलाओं व छात्राओं व बालिकाओं को जागरुक किया। थाना कमालगंज में एंटी रोमियो टीम/महिला सुरक्षा विशेष दल ने मिशन शक्ति अभियान-5.0 के अंतर्गत रास्ते में आती जाती महिलाओं व बालिकाओं को कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ योजना, महिला पेंशन व सरकारी हेल्प लाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी। थाना मेरापुर एंटी रोमियो टीम/महिला सुरक्षा विशेष दल ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत थाना क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं व बालिकाओं को कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ योजना, महिला पेंशन व सरकारी हेल्प लाइन नंबरों 1090, 1076 आदि के बारे में जानकारी दी। थाना शमसाबाद क्षेत्र में एंटी रोमियो टीम/महिला सुरक्षा विशेष दल ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत रास्ते में आती जाती महिलाओं व बालिकाओं को कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ योजना, महिला पेंशन व सरकारी हेल्प लाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस ने महिलाओं को महिला हेल्प लाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन नंबर 1076 के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी दी गई। वहीं कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र में एंटी रोमियों टीम/महिला सुरक्षा विशेष दल ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत थाना क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं व बालिकाओं को कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ योजना, महिला पेंशन व सरकारी हेल्प लाइन नंबरों आदि के बारे में जानकारी दी। इसी के साथ थाना कादरीगेट व थाना नवाबगंज क्षेत्र में एंटी रोमियों टीम/महिला सुरक्षा विशेष दल ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत थाना क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं व बालिकाओं को कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ योजना, महिला पेंशन व सरकारी हेल्प लाइन नंबरों 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर, 112 आपातकालीन पुलिस सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, 181 वीमेन हेल्पलाइन नंबर, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर, 1090 वूमेन पावर लाइन नंबर, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, 101 अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जानकारी दी।

# फर्रुखाबाद एयरपोर्ट की फाइलों में धूल क्यों?

- विकास राजपूत बोले- जज़्बा हो तो उड़ान खुद मिल जाती है
- जमीन भी है पैसा भी है, कमी है तो बस हिम्मत और नीयत की

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।



विकास राजपूत

मोहम्मदाबाद हवाई पट्टी को घरेलू हवाई अड्डे में विकसित करने की योजना वर्षों से फाइलों में बंद है, लेकिन अब इस मुद्दे को फिर से चर्चा के केंद्र में ला दिया है। भाजपा नेता एवं समाजसेवी विकास राजपूत ने आरोप लगाया कि फर्रुखाबाद का एयरपोर्ट सिर्फ़ इच्छाशक्ति और जज़्बे की कमी के कारण आज तक हकीकत नहीं बन पाया है।

उन्होंने कहा भारत में कई हवाई अड्डे ऐसे हैं जिनके रनवे मोहम्मदाबाद हवाई पट्टी से भी छोटे हैं। शिमला, मेघालय, मणिपुर, कुल्लू-मनाली, बेंगलुरु, पश्चिम बंगाल समेत कई एयरपोर्ट छोटे रनवे होने के बावजूद घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम कर रहे हैं। फिर फर्रुखाबाद में क्यों नहीं? यह जनता को गुमराह करने का तरीका है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब जमीन और तकनीकी क्षमता मौजूद है, तब भी परियोजना को आगे न बढ़ाना जनप्रतिनिधियों की उदासीनता को दर्शाता है। विकास राजपूत ने कहा कि लगातार यह तर्क देना कि रनवे छोटा है, प्रशासन द्वारा जिम्मेदारी से बचने का प्रयास है। भूमि अधिग्रहण में देरी को उन्होंने जानबूझकर पैदा किया गया पेंच, बताया और कहा कि अगर प्रशासन और जनप्रतिनिधि चाह लें तो यह एयरपोर्ट बहुत पहले बन चुका होता। स्थानीय लोगों का कहना है कि हवाई अड्डे के मुद्दे को इतने जोरदार तरीके से पहले किसी नेता ने नहीं उठाया। राजपूत की सक्रियता के बाद अब यह विषय फिर से सुर्खियों में है और लोग उम्मीद कर रहे हैं कि इस बार मामला आगे बढ़ेगा। हवाई अड्डा बनने से क्षेत्र में उद्योग, पर्यटन, रोजगार, व्यापार और निवेश के नए रास्ते खुल सकते हैं, लेकिन आदेशों और निर्णयों में हो रही देरी जिले के विकास को रोक रही है। जनता का मानना है कि अगर विकास राजपूत का यह अभियान परिणाम दे गया तो फर्रुखाबाद की उड़ान सचमुच आसमान छू सकती है।

## सविता समाज ने परिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहब को किया याद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़। सविता समाज संगठन की गोष्ठी मदारवाड़ी में पूर्व महासचिव रामनिवास भारती के निवास पर सम्पन्न हुई। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष श्रीराम श्रीवास्तव ने की। सभी ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। रामनिवास भारती ने बाबा साहब के कार्यों पर चर्चा की और कहा कि संविधान निर्माण में जो बाबा साहब ने जो योगदान देकर समस्त भारत के लोगों को मूल अधिकार दिलाने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। भारतीय संविधान का ऐसा रुप है जो संसार में नहीं मिलता है। सभी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये। गयालाल श्रीवास्तव, रामसेवक, राकेश चन्द्र ने विचार रखे। इस मौके पर रमेश चन्द्र, करन सिंह, लालाराम, अजय, दयाराम, महेन्द्र कुमार, रामासरे, रामकृष्ण, विजय कुमार, डा0 राकेश, राधेश्याम, रामसागर, केशवदेव, अमित, कमलेश कुमार, दीपक, सुरेन्द्र कुमार, सुखदेव फौजी, कैप्टन हरीराम, कैप्टन गिरीश चन्द्र, प्रदेश अध्यक्ष श्रीराम श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने गन्ना क्रय केंद्र का किया निरीक्षण



गन्ने को चेक करते डीएम

- केंदों पर लोडिंग व अनलोडिंग के चार्ज पर डीएम ने जतायी नाराजगी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने बिरियाटांडा शमसाबाद में स्थित रूपापुर चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण में किसानों ने डीएम को अवगत कराया कि क्रय केंद्र पर लोडिंग अनलोडिंग के प्रति ट्राली 200 रु लिए जा रहे है।

डीएम ने इस पर नाराजगी जताई व रूपापुर चीनी मिल प्रबन्धक से दूरभाष पर बात की। चीनी मिल प्रबन्धक ने बताया कि ऐसा कोई चार्ज नही लगता है। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी चार्जेज को डिस्प्ले बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाये।

# राजकीय इंटर कालेज फर्रुखाबाद में छात्र-छात्राओं का प्रवेश द्वार एक होने से असमंजस

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

- छात्राओं के लिए अलग गेट होने की मांग



राजकीय बालक इंटर कालेज फर्रुखाबाद

राजकीय इंटर कालेज फर्रुखाबाद में अब बालिकाओं के लिए भी शिक्षा हेतु भवन बनकर तैयार हो रहा है, जो अंतिम चरण पर है। जिला अल्पसंख्यक विभाग द्वारा भवन का निर्माण कराया जा रहा है। ठेकेदार सत्यवीर की देखरेख में बालिकाओं के लिए स्कूल का निर्माण हो रहा है। राजकीय इंटर कालेज बालक के मैन गेट से होकर ही छात्रायें पढ़ने जायेगी, इसको लेकर समाज के लोगों ने आपत्ति उठायी है। राजकीय बालक इंटर कालेज की ओर से भी जिलाधिकारी को पत्र देकर मांग की गई है कि बालिकाओं के लिए अलग से आने-जाने का रास्ता हो। जबकि निर्माणाधीन राजकीय बालिका इंटर कालेज के पश्चिमी ओर निकलने का रास्ता है। अभी तक रास्ता अलग से तैयार नहीं किया गया है। ऐसे में बालक-बालिकाओं के लिए प्रवेश द्वार एक ही होगा तो छात्र-छात्राओं के बीच असमंजस बना रहेगा और कई सारी समस्यायें भी उत्पन्न होने की संभावना रहेगी। राजकीय बालक इंटर कालेज फर्रुखाबाद के मैदान में जिला अल्पसंख्यक विभाग द्वारा छात्राओं के लिए राजकीय बालिका इंटर कालेज का निर्माण कराया जा रहा है, जो अंतिम चरण पर है। मुख्य द्वार के अलावा छात्राओं के लिए अलग से मैन गेट होना चाहिए, इसके लिए डीएम ने एक समिति बनायी थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट डीएम को सौंप दी है। डीएम ने नगर मजिस्ट्रेट को रिपोर्ट भेजकर आगे की कार्यवाही के लिए जिम्मेदारी दी है। पूर्व सभासद सुधांशु दत्त द्विवेदी ने भी इस समस्या को लेकर चिंता जाहिर करते हुए हमारे संवाददाता को बताया कि दोनों विद्यालय एक ही परिसर में है, और निकास भी एक ही है। तो ऐसे में आवागमन भी एक साथ होगा और कई प्रकार की समस्यायें भी उत्पन्न होगी। विद्यालय में शिक्षा अध्ययन कार्य प्रारंभ होने से पहले बालिकाओं को विद्यालय जाने के लिए अलग से निकास कर दिया जाये, यदि आने-जाने के लिए एक ही गेट रहेगा तो छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन पर असर पड़ सकता है। ऐसे में समय रहते छात्राओं के लिए आने-जाने का रास्ता अलग होना चाहिए।

# जिला स्तरीय ट्रायल में 14 कबड्डी खिलाड़ियों का हुआ चयन

- टीम कैप्टन की जिम्मेदारी राहुल कुमार पर और कोच की चंदन कुमार को दी गई

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।



प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी

स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्पोर्ट्स स्टेडियम फतेहगढ़ में प्रदेश स्तरीय सीनियर कबड्डी पुरुष स्टेट चैंपियनशिप प्रतियोगिता का जिला स्तरीय ट्रायल किया गया।

कुल 48 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें से श्रेष्ठ 14 खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयनित 14 सदस्यीय टीम में राहुल कुमार पाल टीम कैप्टन, शिवम यादव, मनवीर, सुरजीत यादव, जसकरण, अमन, विशाल, कुलदीप सिंह, अभिषेक अखिल, राहुल, अंश प्रताप, अनिकेत, ऋतिक पाल, टीम कोच चंदन कुमार, टीम मैनेजर विपिन कुमार रहेंगे। 14 सदस्य टीम 13 दिसंबर से 14 दिसंबर को आईसी फ्यूजन स्पोर्ट्स अकेडमी टनकपुर रोड पीलीभीत में उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन द्वारा आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता (जॉन-ए) में जनपद की टीम प्रतिभाग करेगी।

ट्रायल कुलदीप यादव सचिव जिला कबड्डी एसोसिएशन की देखरेख में संपन्न हुआ। चयन समिति में प्रदीप कुमार जायसवाल उपाध्यक्ष जिला कबड्डी एसोसिएशन, सुभाष यादव कोषाध्यक्ष जिला कबड्डी एसोसिएशन, विमलेश कुमार (स्टेट रेफरी कबड्डी), अभिषेक पाल आदि लोगों उपस्थित रहे।

# ब्रह्माकुमारी केंद्र का मनाया गया 29वां स्थापना दिवस




कार्यक्रम में मौजूद बीके शोभा बहन व अन्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ओमनिवास जटवारा जदीद सेवाकेंद्र पर 29वां स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। बीके शोभा बहन ने ओमनिवास केंद्र की सेवाओं की रिपोर्ट सुनाते हुए कहा इस वर्ष की गतिविधियां छोटी बड़ी मिलाकर 157 कार्यक्रम कर चुके है। जिसमें 34 ब्रह्माभोजन, बच्चों के कार्यक्रम, समर कैंप, वाल दिवस, नवरात्रि, शिवरात्रि, दिवंगत आत्माओं के प्रति श्रद्धांजलि कार्यक्रम, जन्मदिवस के कार्यक्रम, अंतरराष्ट्रीय दिवस के कार्यक्रम, जन्म दिन एवं विवाह संबंधी कार्यक्रम, रैली, प्रभात फेरी के कार्यक्रम एवं योग तपस्या, ट्रेनिंग के कार्यक्रम प्रदर्शनी आदि किये गए। कार्यक्रमों में करीब 18 हजार भाई बहनों नें ज्ञान सुनने का लाभ लिया और करीब 156 लोगों नें बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू, शराब आदि का दान देकर अपने जीवन में नैतिक मूल्य धारण करने का संकल्प लिया। सतेंद्र ने कहा कि जितना हमारा दिल साफ उतना परमात्मा की दुआएं साथ होंगी, तो सबके प्रति शुक्रिया ही निकलेगा। अर्चना चतुर्वेदी ने कहा कि परमात्मा से हमें जो भी प्राप्त करना है तो उससे फरियाद ना करे, बल्कि उसे याद करने का प्रयास करें। भारती मिश्रा ने कहा कि हमारे जीवन में दो चीजें है, प्रतिज्ञा और परीच्छा दृढ़ प्रतिज्ञा करने वालों को ईश्वर भी मदद करता है, परीक्षा भी होगी, लेकिन परीक्षा प्रतिज्ञा को कमजोर ना कर दे, इसलिए बीच-बीच में चेकिंग करते रहे। देव कुमार शर्मा कहा कि हम ब्रह्माकुमारी संस्था में अद्भुत शिक्षा की जागीर लेने आते हैं, क्योंकि यहां ज्ञान के अलावा दूसरी चर्चा नहीं होती। जगतप्रकाश ने भी अपने विचार व्यक्त किये। पूनम और एकता बहन ने सभी का पटका बैज तिलक से स्वागत किया। सभी ने ब्रह्माकुमारी ओमनिवास सेंटर को बधाई देते हुए कहा कि जिनका जीवनमानवता की सेवा में समर्पित जीवन देवीतुल्य है, जिससे जीवन में संतुष्टता और सरलता आती है यह एक भाग्य है कि हम अपने जीवन का कुछ ऐसा मानव मात्र की सेवा में लगा पाते हैं। शोभा बहन का जीवन दूसरों की सेवा में सफल रहा है। सभी ने कैंडल लाइटिंग के साथ केक भी काटकर सेंटर का 29वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर हरदोई, पाली, कमालगंज आदि जगह लोग मौजूद रहे।

# 15 दिसम्बर को रामपुर ढपरपुर की समस्याओं को लेकर आंदोलन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।




बैठक में मौजूद किसान

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष अजय कटियार की अध्यक्षता में रामपुर ढपरपुर में किसान पंचायत का आयोजन हुआ। वहां के ग्रामीणों के नरकीय जीवन को लेकर बड़ा ऐलान किया गया।

राष्ट्रीय आवाह्न पर जो प्रत्येक माह 15 तारीख को तहसीलों में कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, उसी में इन गांवों की समस्या को देखते हुय सदर तहसील के प्रांगण में और नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें नगर पालिका परिषद द्वारा रामपुर ढपरपुर और निकट के ग्रामों में जो शहर के गंदे नाले का पानी छोड़ जाता है जिससे वहां के ग्राम वासियों का जीवन दूबर हो गया है और उन्हीं नालों की सिल्ट निकाल करके नालों के बाहर डाल दी जाती है। जिससे अत्यंत दुर्गंध पूरे क्षेत्र में फैलती है। संक्रमण भी फैलता है। बच्चों और बड़े बुढो को इससे बहुत ही दिक्कतें होती हैं सांस लेने की परेशानियां हो रही है यह क्षेत्र सब्जियों के लिए जाना जाता है इस दुर्गंध भरे वातावरण में किसान को सब्जियां उगाने में दिक्कतें होती हैं। खेतों में शहर का गंदा पानी जाता है, जिससे खेती किसानी में भी दिक्कतें होती हैं। समस्याओं को लेकर 200 ट्रैक्टरों के साथ तहसील और नगर पालिका परिषद का घेराव करेंगे। किसानों को उनकी फसल का वाजिब दाम दिया जाए।

बिजली विभाग द्वारा इस समय जो बिजली बिलों को लेकर के छूट दी जा रही है, उसमें बाढ़ प्रभावित क्षेत्र को देखते हुए उन किसानों को भी विशेष लाभ दिया जाए जो लगभग दो महीने तक बाढ़ के पानी में घिरे रहे और उनके यहां लाइट नहीं जली है उनके बिल माफकिया जाएं। अध्यक्षता रूपलाल ने की। इस अवसर पर अनुज राजपूत, शिवराम शाक्य, निरोत्तम राजपूत, श्याम शाक्य, रविन्द्र शाक्य आदि मौजूद रहे।

## भाजपा महिला मोर्चा फतेहगढ़ मण्डल के पदाधिकारी घोषित



महिलाओं का स्वागत करतीं वीनू भदौरिया

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बबिता पाठक की अध्यक्षता में फतेहगढ़ मण्डल की कमेटी घोषित की गई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मीरा सिंह व जिला शोध प्रमुख किरन सिंह एवं पिंकी चौहान मौजूद रही। फतेहगढ़ मण्डल अध्यक्ष वीनू भदौरिया ने अपने निवास पर आयोजित बैठक में कमेटी घोषित की। जिसमें फतेहगढ़ मण्डल महामंत्री लवली सोमवंशी को व कोषाध्यक्ष पिंकी चौहान को बनाया है। बबिता पाठक ने कहा कि सभी लोग संगठन को मजबूत करें और नेतृत्व द्वारा सौंपी गयी जिम्मेदारियों का निर्वाहन करें। मण्डल अध्यक्ष वीनू भदौरिया ने पटुका पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर सपना चौहान, वंदना राठौर, पिंकी पाल, विनीता पाल, रुबी सोमवंशी, सविता राठौर, रजनी भदौरिया, रीना भदौरिया आदि महिलायें मौजूद रही।

# आलू के भाव में गिरावट से किसान के माथे पर चिंता की लकीर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।



आलू की तुलाई करते पल्लेदार

सातनपुर मण्डी में रविवार को आलू के भाव में गिरावट रही। 281 रुपये से 451 रुपये प्रति पैकेट बिक्री हुई। आमदनी लगभग 11 हजार पैकेट रही। आलू किसानों की महंगी लागत के चलते सही दाम न मिलने से आलू किसान एक बार फिर भारी नुकसान झेलने को मजबूर है। दूसरी फसल की तैयारी में किसान लगे है। आलू की खुदाई ठीक-ठाक हो रही है। कोल्ड स्टोरेज में भण्डारे का आलू की भी स्थिति दयनीय है। पिछले सप्ताह 800 से 900 रुपये कुंतल आलू बिका। पुराना आलू अब 300 से 400 रुपये कुंतल में बिक रहा है। आलू की दुर्दशा से किसान परेशान है और भाड़े तक के पैसे नहीं दे पा रहा है। आलू की दशा इस वर्ष भी खराब होती जा रही है। ऐसे में लोगों ने शादी विवाह के लिए उधार लिया है उसे चुकाने में भी वह असमर्थ है। यही स्थिति रही तो किसान कर्जीला हो जायेगा।

# एसपी ने मिशन शक्ति की समीक्षा में दिये निर्देश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।



बैठक लेती एसपी

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में मिशन शक्ति केन्द्र से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक का मुख्य उद्देश्य मिशन शक्ति 5.0, महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण तथा जनजागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करना तथा आगामी कार्य योजना पर चर्चा करना था।

एसपी ने मिशन शक्ति के तहत संचालित विभिन्न गतिविधियों, जागरूकता अभियान, स्कूल/कॉलेज संपर्क कार्यक्रम, महिला हेल्पडेस्क प्रबंधन, परामर्श सेवाएँ तथा पीड़ित महिलाओं को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था का विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों में संवेदनशील, त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा प्रत्येक पीड़िता को समयबद्ध राहत और सहयोग प्रदान किया जाए।

## अपने नेता के निधन पर कांग्रेसियों में शोक

कायमगंज, समृद्धि न्यूज़। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ वृद्ध नेता के निधन से कांग्रेसियों में शोक की लहर दौड़ गयी। जिसने भी सुना पहुंचकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त कर उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी ने ग्राम पंचायत दीपपुर नगरिया निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी राम भरोसे पाल के निधन होने पर सूचना मिलने पर उनके घर पर पहुंचकर उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुई और सम्मान पूर्वक अंतिम विदाई दी तथा शोक संवेदना व्यक्त की। अंतिम यात्रा में शामिल डॉ0 विनय कुमार, सर्वेश पाल, मुजीबुर्रहमान, जयवीर सिंह यादव, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# वामन भगवान ने राजा बलि से मांगे तीन पग, नाप लिये तीन लोक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।




कथा का श्रवण कराते रामबाबू पाठक व रामशरन अग्निहोत्री

गंगा नगर में चल रही श्रीमद् भागवत एवं रामचरित मानस ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चतुर्थ दिवस की कथा में श्रीमद् भागवत वक्ता आचार्य शिवशरण अग्निहोत्री ने सुखदेव द्वारा राजा परीक्षित को श्रीमद् भागवत कथा सुनाते हुए राजा बलि की कहानी सुनाई।

उन्होंने कहा कि प्रहलाद का पुत्र निरोचन और विरोचन के पुत्र राजा बलि ने 101 यज्ञ कराने का संकल्प लिया। जब बलि के द्वारा 99 यज्ञ पूरे हो गये तो राजा इंद्र घबरा गये कि अब तो मेरा सिंहासन चला गया, तो राजा इन्द्र भगवान विष्णु के पास गये तो भगवान विष्णु ने उन्हें आश्वस्त किया और वामन रुप रखकर राजा बलि के दरबार में गये। राजा बलि और उसकी पत्नी विन्ध्याबलि ने वामन भगवान की संतभूषा को देखकर बहुत मान-सम्मान किया। चरणोदक लिया, फिर वामन भगवान ने कुछ भावना की राजा बलि ने कहा कि जो मांगोगे तो मांग लो। वानस भगवान ने तीन पग जमीन मांगी। तभी राक्षसों के गुरु शुक्राचार्य ने राजा बलि को बताया कि यह आपको छलने आये है। यह तीनों लोक ले लेंगे। इनके एक कदम में ही सबकुछ चला जायेगा। किन्तु राजा बलि ने नहीं मानी और वामन भगवान की याचिका स्वीकार कर ली। वामन भगवान ने दो पग में तीनों लोक नाम लिये। जब तीसरा पग रखा तो जमीन नहीं बची तो बलि ने अपना वक्षस्थल नपा दिया। वहीं मानस वक्ता डा0 रामबाबू पाठक ने रामचरित मानस के अपहरण काण्ड की कथा कही। उन्होंने कहा कि जब रावण माता सीता का अहरण करके जा रहा था, तभी राम-लक्ष्मण ढूंढते हुए जा रहे थे, तो उन्हें गिद्धराज जटायु जिनके पंख कटे थे, उन्हें करहाते हुए देखकर राम ने उनसे कारण पूछा। जटायु ने बताया कि लंका का राजा रावण सीता को रथ पर बिठाये लिये जा रहा था। सीता पक्षी की तरह ब्याकुल होकर रही थी। मैंने बचाने का प्रयास किया तो उसने तलवार से मेरे पंख काट दिये। राम ने कहा कि मैं तुम्हे जीवित कर देता हूं। तो जटायु ने कहा कि इससे अच्छी मृत्यु मिल नहीं सकती। क्योंकि मृत्यु के समय आकर राम नाम ही आये तो स्वर्ग मिलता और आज आपकी गोद में मेरी मृत्यु होगी, इससे अच्छा मेरे लिए कुछ नहीं। राम ने हाथों से गिद्धराज जटायु का अंतिम क्रिया की। इस प्रकार उन्होंने जटायु की कथा कही। संचालन महेश पाल सिंह उपकारी ने किया। इस मौके पर निर्दोष शुक्ला, अनमोल मिश्रा, रामबाबू मिश्रा, ऋषि पाल सिंह, मनोज अग्निहोत्री, सर्वेश अवस्थी, अखिलेश त्रिवेदी, अरविन्द चौहान, विभोर सोमवंशी, अवधेश पाण्डेय, कुशल पाल, नील कमल आदि लोग मौजूद रहे।

# विधान परिषद स्नातक व शिक्षक की नामावलियों की तिथि 16 दिसम्बर तक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ शासन द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम में विधान परिषद स्नातक खंड के 5 एवं शिक्षक खंड के 6 निर्वाचन क्षेत्र की नए सिरे से नामावलियों का पुनः निर्धारण कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसमें निर्वाचन नामावलियों का आलेख प्रकाशन 2 दिसंबर को कर दिया गया है तथा किसी भी प्रकार के दावे तथा आपत्तियों के निस्तारण हेतु 16 दिसंबर तक की तिथि निर्धारित की गई है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के पूर्व जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार दुबे एवं पूर्व जिला संयुक्त मंत्री सत्येंद्र सिंह ने जानकारी देकर बताया है कि यदि जनपद के किसी भी शिक्षक साथी का किसी भी कारण बस शिक्षक निर्वाचन प्रारूप 19 भरकर ना जमा किया गया हो तो वह अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य से प्रमाणित करवाकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय फतेहगढ़ में 16 दिसंबर तक जमा करवा सकते हैं, यदि कोई संशोधन हो तो वह भी हो जाएगा तथा इसके साथ ही साथ यदि स्नातक निर्वाचन प्रारूप 18 यदि किसी का ना जमा हो तो वह भी उसको पूर्ण कर स्नातक की मार्कशीट संलग्न कर जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निर्वाचन नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी 2026 को किया जाएगा।


## कार्यालय ग्रा0पं0 कुबेरपुर डुंगरसी वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त/ टेण्डर प्रकाशन 2025-2026 दिनांक 07/12/2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कुबेरपुर डुंगरसी वि0ख0 मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 08/12/2025 से 14/12/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 14/12/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | महेश के घर से हरिश्चन्द्र के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 5.21 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान-रीना देवी ग्रा0पं0 कुबेरपुर डुंगरसी, वि0ख0 मोहम्मदाबाद सचिव- शिवपाल सिंह

# टेट अनिवार्यता व सेवा शर्तों में छेड़छाड़ के विरोध में शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा टेट अनिवार्यता और सेवा शर्तों में छेड़छाड़ के खिलाफ सैकड़ों की संख्या में शिक्षकों ने ज्ञापन सौंपा है। जेपी शर्मा इंटर कालेज में इकट्ठा होकर पैदल मार्च करते जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी तथा जिलाध्यक्ष चित्रकूट अखिलेश पांडेय के नेतृत्व में बांदा चित्रकूट सांसद कृष्णा शिवशंकर पटेल के आवास में पहुंच कर ज्ञापन सौंपा गया और उनसे इस गंभीर तथा जीवन मरण के मामले को लोकसभा में रखने का अनुरोध करते हुए उत्तर प्रदेश में 29 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को सेवारत रहने एवं पदोन्नति हेतु टी ई टी की अनिवार्यता से मुक्त करने हेतु शिक्षकों का पक्ष संसद में रखने का अनुरोध किया गया।




सांसद को बताया गया कि भारत का राज पत्र संख्या 39 दिनांक 27 अगस्त 2009 के द्वारा निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 प्रभावी किया गया। इस अधिनियम की धारा 23 के अंतर्गत अधिनियम के प्रभाव में आने की तिथि तथा उसके पश्चात नियुक्त शिक्षकों की भर्ती हेतु न्यूनतम अहर्ताएं निर्धारित की गई। जिनको पूर्ण करते हुए शिक्षक का पद ग्रहण किया गया है। उच्चतम न्यायालय द्वारा सिविल अपील संख्या 1385/2025 में दिनांक 01 सितंबर 2025 में दिए गए निर्णय के अनुसार निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के लागू होने की तिथि 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को सेवा में बने रहने अथवा पदोन्नति हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता टेट दो वर्ष में उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया तथा ऐसा न होने पर अनिवार्य सेवा निवृत्ति दे दी जाएगी जो कि न्यायोचित नहीं है। ज्ञापन में माननीय प्रधानमंत्री से अनुरोध किया गया कि भारत सरकार के अधीन 25 अगस्त 2010 के पूर्व और उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को सेवारत रहने अथवा पदोन्नति हेतु टी ई टी की अनिवार्यता से मुक्त रखा जाए। टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले अंतिम परिणाम मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। ज्ञापन के समय पूर्व जिलाध्यक्ष शिवरतन सिंह चौहान जिला मंत्री बांदा प्रजीत सिंह, जिला मंत्री चित्रकूट श्रीनारायण सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बांदा रमाशंकर यादव, सहित जनपद बांदा और चित्रकूट के सभी ब्लाक के अध्यक्ष, मंत्री, संघर्ष समिति के अध्यक्ष मंत्री, जनपदीय पदाधिकारी, ब्लॉक स्तरीय, तहसील स्तरीय पदाधिकारी सहित मातृ शक्ति की भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम व्यवस्था का नेतृत्व ब्लॉक बबेरू और कमासिन के पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

## शिक्षक संघ ने टेट अनिवार्यता के खिलाफ सांसद को सौंपा ज्ञापन

**बबेरू/बांदा।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा टेट अनिवार्यता और सेवा शर्तों में छेड़छाड़ के खिलाफ सैकड़ों की संख्या में शिक्षकों ने ज्ञापन सौंपा। जेपी शर्मा इंटर कालेज मे इकट्ठा होकर पैदल मार्च करते जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी तथा जिलाध्यक्ष चित्रकूट अखिलेश पांडेय के नेतृत्व में बांदा चित्रकूट सांसद कृष्णा शिवशंकर पटेल के आवास मे पहुंच कर ज्ञापन सौंपा गया और उनसे इस गंभीर तथा जीवन मरण के मामले को लोकसभा में रखने का अनुरोध करते हुए उत्तर प्रदेश में 29 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को सेवारत रहने एवं पदोन्नति हेतु टी ई टी की अनिवार्यता से मुक्त करने हेतु शिक्षकों का पक्ष संसद में रखने का अनुरोध किया गया।
सांसद को बताया गया कि भारत का राज पत्र संख्या 39 दिनांक 27 अगस्त 2009 के द्वारा नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 प्रभावी किया गया।इस अधिनियम की धारा 23 के अंतर्गत अधिनियम के प्रभाव में आने की तिथि तथा उसके पश्चात नियुक्त शिक्षकों की भर्ती हेतु न्यूनतम अहर्ताएं निर्धारित की गई। जिनको पूर्ण करते हुए शिक्षक का पद ग्रहण किया गया है। माननीय



उच्चतम न्यायालय द्वारा सिविल अपील संख्या 1385/2025 में दिनांक 01 सितंबर 2025 में दिए गए निर्णय के अनुसार नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के लागू होने की तिथि 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को सेवा में बने रहने अथवा पदोन्नति हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता टेट दो वर्ष में उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया तथा ऐसा न होने पर अनिवार्य सेवा निवृत्ति दे दी जाएगी जो कि न्यायोचित नहीं है। ज्ञापन में माननीय प्रधानमंत्री से अनुरोध किया गया कि भारत सरकार के अधीन 25 अगस्त 2010 के पूर्व और उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को सेवारत रहने अथवा पदोन्नति हेतु टी ई टी की अनिवार्यता से मुक्त रखा जाए।टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले अंतिम परिणाम मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। ज्ञापन के समय पूर्व जिलाध्यक्ष शिवरतन सिंह चौहान जिला मंत्री बांदा प्रजीत सिंह, जिला मंत्री चित्रकूट श्रीनारायण सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बांदा रमाशंकर यादव सहित जनपद बांदा और चित्रकूट के सभी ब्लॉक के अध्यक्ष,मंत्री, संघर्ष समिति के अध्यक्ष मंत्री, जनपदीय पदाधिकारी, ब्लॉक स्तरीय, तहसील स्तरीय पदाधिकारी सहित मातृ शक्ति की भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम व्यवस्था का नेतृत्व ब्लॉक बबेरू और कमासिन के पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आरोग्य मेले का आयोजन

**बबेरू/बांदा।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मझीवा गांव में आरोग्य मेले का आयोजन किया गया जिसमें 19 मरीजों को देखा गया सबसे ज्यादा बुखार जुखाम पेट दर्द के मरीज पाए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मझीवा गांव में आरोग्य मेले का आयोजन हर रविवार को किया जाता है जिसमें फार्मशिष्ट लाल बहादुर के द्वारा मरीजों को देखकर उपचार किया जाता है जिसमें मेले में 19 मरीजों का पंजीयन किए गए जिसमें सबसे




ज्यादा बुखार मरीज आए और बुखार जुखाम खांसी पेट दर्द सहित अन्य मरीज देखे गए

इस दौरान वार्ड व्याय मुकेश एनएम विनीता सहित आशाये मौजूद रहा। अधीक्षक डा ॠषिकेश ने बताया पखरौली सिमौनी अहार , रयान, शिव भभुवा सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो मे आरोग्य मेले का आयोजन किया गया जिसमे 240 मरीज देखे गये।

## शराबी दूल्हे से आहत दुल्हन ने शादी से किया इनकार

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**

पैलानी तहसील अंतर्गत गौरी कला में 4 दिसंबर को संजू वर्मा पुत्री रामबाबू वर्मा पच्चीस वर्ष निवासी मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के छिंन्दा गांव थाना शिवपुरी की रहने वाली है हाल ही में वह 21 नवंबर को अपने मौसी गौरी कला निवासी चुन्नी देवी के यहां 25 वर्षीय संजू वर्मा अपनी मां शांति के साथ शादी के लिए आई थी । जीतू निवासी गौरी कला अपनी मौसी शांति देवी के यहां अपनी लड़की की शादी करने गौरी कला से 4 दिसंबर को तय थी। बारात जनपद फतेहपुर जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आजमपुर गड़वा निवासी मोती लाल के बेटे श्यामू से शादी तय थी। बारात गाजे बाजे के साथ गौरी कला में पहुंची बारातियों का स्वागत सत्कार किया गया बारात में द्वारचार के बाद दूल्हा और दुल्हन जयमाला स्टेज पर पहुंचे तो वही दुल्हा श्यामू को शराब के नशे में देखकर व उसकी हरकत को देखकर वरमाला पहनाने से इंकार कर दिया वहीं इनकार करने के बाद मौजूद जनाती और बारातियों में हड़कंप मच गया काफी मान मनौव्वल करने के बावजूद भी संजू उर्फ संजोकता वर्मा ने शराबी दूल्हे से शादी करने से इनकार कर दिया वही 4 दिसंबर की रात शादी में दुल्हन के इनकार करने पर

**जयमाल के लिए दुल्हा नशे की हालत में पहुंचा स्टेज पर**

मामला जसपुरा थाना पहुंच तो थाना प्रभारी अनिल कुमार ने दोनों पक्षों को 5 दिसंबर को बुलाया दोनों पक्षों में मोतीलाल व संजू के पिता भी पहुंचे पंचायत में काफी मन मनौव्वल करने के बावजूद भी संजू ने थाने में शराबी पति की हरकतों व शराब के चलते शादी से इनकार कर दिया संजू वर्मा ने बताया कि इन्हीं शराबी दूल्हो की शादियां हो जाने से दुल्हनों का जीना दुश्वार हो जाता है मुझे ऐसे दूल्हे की जरूरत नहीं है जो नशाखोरी करता हो और उसके लिए उन्होंने बड़ी कीमत चुकाई है वही दुल्हन पक्ष के लोगों ने दूल्हे के पिता मोतीलाल को दहेज का सारा सामान वापस कर दिया वही गौरी कला निवासी जीतू ने बताया कि मेरे साढू रामबाबू की इच्छा थी कि मेरी बेटी की शादी गौरी कला से हो ऐसे में शराबी श्यामू के दुर्व्यवहार से आहत संजू उर्फ संजोकता वर्मा ने शादी से इनकार करने का फैसला किया है वह स्वागत योग है वही संजू वर्मा का कहना है कि मैं ऐसे लड़के से शादी करूंगा जो नशा से दूर रहता हो भले ही वह धनवान नहीं है खुद मेहनत करता हो। संजू वर्मा ने बताया कि दूल्हे श्यामू के अलावा दूल्हे के पिता मोतीलाल भी शराब पिए हुए थे वहीं दीपक वर्मा ने बताया कि शनिवार को शादी तोड़ने4 पर पर श्यामू व उसके पिता मोतीलाल ने धमकी दिया है कि तुम्हारी बहन की कहीं भी शादी नहीं होने देंगे जहां करोगे हम वहीं से उठवा लेंगे।

## पूर्व प्रधान ने जरूरतमंदों को किया कंबल और कपड़े का वितरण

**रोटी बैंक सोसाइटी के द्वारा हुआ आयोजन**

**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज़।**

प्रत्येक रविवार की तरह आज भी बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख़ सादी जमा और बांदा रोटी बैंक सोसाइटी के सहसंरक्षक चन्द्रमौली भारद्वाज के संरक्षण में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के अध्यक्ष रिज़वान अली की अध्यक्षता में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम के नेतृत्व में, पूर्व ग्राम प्रधान ग्राम हरदौली मोहम्मद शादाब जी की उपस्थिति में,समाजसेवी ग्राम हरदौली सैफुल्लाह 110 कम्बल के विशेष सहयोग से बाँदा शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों के द्वारा दान में दिए गए कम्बल, कपड़े, जूते चप्पल आदि का वितरण ग्राम हरदौली ब्लॉक बबेरू तहसील बबेरू जनपद बाँदा के जरूरतमंद ग्रामीणों को किया गया तथा साथ ही ग्रामीणों को सर्पदंश, स्वास्थ्य,स्वच्छता तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी की टीम की महिला उपाध्यक्ष तरन्नुम फ़ात्मा और संगठन मंत्री सुनील सक्सेना के द्वारा जागरूक किया गया, समाजसेवी सैफ़ उल्लाह ने सभी का आभार व्यक्त किया। उक्त कम्बल,कपड़े आदि पाकर ग्रामवासियों में अपार खुशी दिखाई दी सभी लोगों को दुआओं और आशीर्वाद से नवाजा उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इरफानुल्ला खान एसडीएम बाँदा, विशिष्ट अतिथि डा.मक़सूद नेत्र विशेषज्ञ, रोटी बैंक से कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम,सदस्य जगदीश श्रीवास आदि पदाधिकारी , सदस्यों एवं समाजसेवियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन



**पैलानी/बांदा।** जसपुरा इंटर कालेज में रविवार को कैलाश हास्पिटल बांदा द्वारा एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर कैंप का आयोजन किया गया। यह शिविर कैलाश हास्पिटल बांदा के मालिक डा. भूपेंद्र सिंह की पहल पर लगाया गया था। कैप में कैंसर की जांच तथा अन्य इलाज एवं समस्त प्रकार के आपरेशन की सुविधा की जानकारी दी है। कैंप आयोजक राम सिंह और धनंजय सिंह रहें साथ ही इस शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ और मुख्य रूप से कैंसर रोग विशेषज्ञ डा. भूपेंद्र सिंह सहित कई चिकित्सक मौजूद रहे। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जांच के उपरांत मरीजों को निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गई। इस दौरान राम सिंह धनंजय सिंह शेखर, शुभम, सौरभ सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की बैठक संपन्न

**संगठन के पदाधिकारियों व सदस्यों को दी गई आवश्यक जानकारियां**

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि. के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार एवं जिलाध्यक्ष मदन गुप्ता, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नीरज निगम, महिला विंग जिलाध्यक्ष श्रीमती रूपा गोयल तत्वाधान में रविवार रामबाग चौराहा दीनदयाल नगर बांदा में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला संरक्षक राजकुमार राज, युवा प्रकोष्ठ जिला संरक्षक अमित सेठ भोलू एवं महिला विंग जिला संरक्षक श्रीमति विनोद जैन की मुख्य रूप से उपस्थित रही। इस मौके पर आगामी जनवरी माह में लखनऊ में होने वाले राष्ट्रीय महाधिवेशन, आई कार्ड नवीनीकरण, पदाधिकारियों की जिम्मेदारी, परिषद को और मजबूत बनाए जाने सहित तमाम बिंदुओं को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बताया गया कि आगामी नव वर्ष जनवरी 2026 में परिषद का राष्ट्रीय महाधिवेशन होना है जिसके लिए सभी लोग तन, मन, धन से तैयारी कर ले एवं इस अधिवेशन में बांदा टीम की एक अहम भूमिका रहेगी एवं तमाम व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से करके अधिवेशन को सफल बनाना है। इस दौरान यह भी बताया गया कि सभी पदाधिकारी एवं सदस्य लोग अधिवेशन के पहले ही अपना आई कार्ड निविनीकरण करा ले जिससे अधिवेशन में प्रवेश पाने हेतु सभी का पास जारी किया जा सके। इस मौके पर यह भी बताया गया कि सभी साथी पदाधिकारी एवं सदस्य लोग किसी भी प्रकार से किसी असंवैधानिक कार्यों में सहभागिता न रखे और राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि. के आई कार्ड बन जाने से आप पत्रकार नहीं बनते है, आपका बैनर ही आपको पत्रकार की पहचान प्रदान करता है। बताया गया कि सभी लोगों को एक साथ मिलकर बिना किसी आपसी मतभेद के साथ चलना है और परिषद को और भी ज्यादा बेहतर तथा मजबूत बनाने का कार्य करना है, जिलाध्यक्षों ने कहा कि अगर किसी प्रकार की कोई समस्या किसी भी व्यक्ति को होती है तो वे बैठक में अपनी समस्या प्रस्तुत कर सकते है। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद हमेशा सभी के साथ तत्परता के साथ खड़ा है और पत्रकारिता में हो रहे हनन के खिलाफ आवाज उठाने एवं पूर्ण सहयोग के लिए परिषद आपके साथ खड़ा रहेगा किन्तु किसी भी प्रकार से परिषद की छवि धूमिल न की जाए और एक ईमानदार पत्रकार की भांति सबके साथ मिलकर कार्य करें। जिलाध्यक्षों ने बांदा इकाई के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को निर्देशित किया कि प्रत्येक तहसील क्षेत्रों में भी टीम को बढ़ाया जाए और ज्यादा से ज्यादा संख्या में पत्रकार साथियों को परिषद में जोड़ने का कार्य करें। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि प्रत्येक महीने में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया जाएगा जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोग उपस्थित हों जिससे परिषद को और ज्यादा बेहतर बनाने हेतु विचार विमर्श किया जा सके साथ ही पत्रकारिता में भी सभी को बेहतर कार्य करना है क्योंकि एक पत्रकार समाज का आईना होता है और जन-जन की आवाज बनकर समाज हित के लिए कार्य करता है।

## छात्र/छात्राओं से बातचीत कर उन्हे सरल भाषा में गुड टच-बैड टच की दी गई जानकारी

**आपातकालीन पुलिस सेवा आदि के बारे में दी गई जानकारी**

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**

मुख्यमंत्री उप्र शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में आज दिनांक 07.12.2025 को थाना मरका की मिशन शक्ति टीम द्वारा राजकीय इंटर कालेज कस्बा मरका में छात्र/छात्राओं के साथ शक्ति संवाद किया गया। कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं को सरल तरीके से गुड टच और बैड टच के बीच का अंतर स्पष्ट रूप से समझाया गया । इस दौरान छात्र/छात्राओं द्वारा मिशन शक्ति व साइबर अपराध सम्बन्धित पेटिंग बनाकर



लोगो को जागरुक करने का संदेश दिया गया। साथ ही छात्र/छात्राओं को बाल यौन शोषण, पॉक्सो एक्ट और बच्चों से जुड़े अन्य अपराधों की पहचान, उनसे सुरक्षा के उपाय एवं उनके विरुद्ध कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त बाल यौन शोषण, बाल मजदूरी, चाइल्ड ट्रैफिकिंग, साइबर अपराध, व अन्य बाल अपराधों के विषय में भी बच्चों को अवगत कराया गया । मिशन शक्ति टीम ने बच्चों को 1098 चाइल्डलाइन हेल्प नंबर, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर लाइन नंबर, 1930 साइबर हेल्प लाइन नंबर आदि के बारे में भी जानकारी दी गई, जिससे आवश्यकता पड़ने पर आप सब तुरन्त सहायता प्राप्त कर सकें। उन्हें यह विश्वास दिलाया कि वे कभी भी किसी असामान्य या असहज स्थिति का सामना करें, तो निडर होकर अपने माता-पिता, शिक्षकों या नजदीकी पुलिस अधिकारी को बताएं। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चियों में आत्मविश्वास बढ़ाना, उन्हें संवेदनशील विषयों पर खुलकर बात करने के लिए प्रेरित करना तथा एक सुरक्षित एवं सशक्त वातावरण का निर्माण करना था।

## कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने पीड़ित परिवार से मिल दी सान्त्वना

**बांदा।** जिले के ग्राम पवा में बी एल ओ द्वारा आत्महत्या करने पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री पीड़ित परिवार से मिले व परिजनो को सांत्वना दी तथा कहा कि ष्निर्वाचन आयोग द्वारा एस आई आर(ैत्) की समय सीमा केवल 11 दिसम्बर 2025 तक होने से मृतक शंकर लाल राजपूतदृ बी एल ओ पर अतिरिक्त काम के दबाव के चलते आत्महत्या करने पर मजबूर होना पड़ा है, तथा सरकार व चुनाव आयोग को परिवार को एक करोड़ की आर्थिक सहायता एवम् परिवार के एक सदस्य को नौकरी देना चाहिए व इस दुख की घड़ी में कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है, अभी तक उत्तर प्रदेश में 13 मृतक बी एल ओ के परिवारों से मिलकर आया हूं।कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के साथ महोबा कांग्रेस जिलाध्यक्ष सन्तोष धुरिया, बांदा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, पीसीसी मुमताज अली, बांदा जिला उपाध्यक्ष / संगठन प्रभारी संकटा प्रसाद त्रिपाठी, बांदा कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, बांदा युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष ईशु फैज खान उपस्थित रहे।

## सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई बाइक, अधेड़ हुआ घायल

**कोंच (जालौन)।** ग्राम पनयारा के पास शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें बाइक सवार अधेड़ व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, रात करीब 9 बजे सीताराम अहिरवार (60 वर्ष), पुत्र ग्यासी अहिरवार, निवासी बरोदा (हाल निवासी आशीर्वाद होटल के पीछे, कोंच), अपनी बाइक से उरई से कोंच लौट रहे थे। जैसे ही वह ग्राम पनयारा के पास पहुंचे, सड़क किनारे खड़े एक ट्रैक्टर ट्रॉली से उनकी बाइक सीधी जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि सीताराम अहिरवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों और ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना एम्बुलेंस को दी। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायल को सीएची कोंच अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक



उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल उरई के लिए रेफ़र कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर ट्रॉली सड़क पर बिना किसी संकेतक और लाइट के खड़ी थी, जिससे यह हादसा हुआ। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर कई बार बिना लाइट और बिना रिफ्लेक्टर के वाहन खड़े रहने के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन इसके बावजूद इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। हादसे के बाद क्षेत्र में अफ़रा तफ़री का माहौल बन गया। पुलिस को भी घटना की सूचना दी गई है।

## रामपुरा में बाइक और स्विफ्ट कार की टक्कर, बाइक सवार किशोर घायल

**रामपुरा (जालौन)।** रविवार दोपहर करीब 3 बजे नगर में इंडियन बैंक के पास बाइक और स्विफ्ट कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्विफ्ट मारुति सुजुकी (यूपी 71 एयू 6361) से विवेक सिंह निवासी खकसीस अपने परिवार के साथ भैरव जी मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान रामपुरा से माधौगढ़ की ओर जा रही पल्सर 135 सीसी बाइक अचानक कार से टकरा गई। टक्कर में मोटर साइकिल सवार पवन कुमार (17 वर्ष) पुत्र श्याम सुंदर निवासी गोपालपुरा को शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें आई हैं। बताया गया कि पवन अपने ननिहाल पूरनपुरा में शादी समारोह में शामिल होने आया था। घटना के बाद राहगीरों से स्थानीय पुलिस को सूचना देकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहां घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक रजत कुमार सिंह ने कहा कि नगर में एक दुर्घटना की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसमे घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया हैं। पुलिस नियमानुसार कार्यवाही कर रही हैं।

## झोपड़ पट्टी में पुलिस ने चलाया विशेष चेकिंग अभियान, हड़कंप

**कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**

कोंच के नगर में रविवार को पुलिस ने कस्बा कोंच तथा आसपास के क्षेत्रों में झोपड़ पट्टियों और संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया। हाल ही में संदिग्ध बंग्लादेशी व रोहिंगा घुसपैठियों की सूचना के बाद पुलिस टीम ने गहन तलाशी अभियान शुरू किया। इंस्पेक्टर लल्लूराम के नेतृत्व में एलआईयू के अजय सिंह, पुलिस बल व अन्य सुरक्षा कर्मियों ने परैथा, दाढ़ी, चांदनी, काशीराम कॉलोनी, कैलिया बाईपास, पंचानन चौराहा व फैक्ट्री एरिया सहित कई इलाकों में अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों के पहचान पत्र, किरायानामा व निवास से जुड़े दस्तावेजों की जांच की। टीम ने झोपड़ियों, मजदूरी स्थलों व घनी आबादी वाले एरिया में जाकर लोगों से पूछताछ की और उनकी पहचान का सत्यापन किया। पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान किसी भी व्यक्ति के पास से



संदिग्ध पहचान या अवैध तरीके से निवास करने के प्रमाण नहीं मिले। चेकिंग टीम को क्षेत्र में न तो कोई अवैध रूप से रह रहा बंग्लादेशी मिला और न ही रोहिंगा होने के संकेत पाए गए। इंस्पेक्टर लल्लूराम ने बताया कि सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान समयदृसमय पर जारी रहेंगे। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे या किसी की पहचान संदिग्ध लगे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। पुलिस ने आश्वासन दिया कि क्षेत्र की सुरक्षा प्राथमिकता है और हर प्रकार की अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस मौके पर दरोगा देवी प्रसाद कॉन्स्टेबिल मोहित राहुल आदि मौजूद रहे।